समृद्धि न्यूज़

| संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 59,727.01 | 17,660.15 |

तापमान

अधिकतम 43 ℃

न्यूनतम 26 ℃

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार





अशरफ के साले सद्दाम पर 50 हजार का इनाम पेज-02

फील्ड पर सम्बन्धित अधिकारी भ्रमणशील रहकर अपनी... पेज-03



वर्ष 10 | अंक 238 | लखनऊ, 19 अप्रैल बुधवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 2.00 | www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com


# यूपी में माफिया किसी को धमका नहीं सकता : सीएम योगी

## 2017 से पहले 5 साल में 700 दंगे हुए, हमारी सरकार में एक भी नहीं

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

अतीक-अशरफ की हत्या और असद के एनकाउंटर के बाद पहली बार मंगलवार को यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का माफियाओं पर बयान आया। योगी ने कहा- अब कोई पेशेवर अपराधी और माफिया किसी को डरा-धमका नहीं सकता है। उत्तर प्रदेश आज आपको बेहतरीन कानून व्यवस्था की गारंटी देता है। योगी लखनऊ के लोकभवन में टेक्सटाइल पार्क के क्षेत्र में उद्यमियों के एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा- 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था खराब थी। प्रदेश दंगों के रूप में कुख्यात था। बहुत से जनपद ऐसे थे, जिनके नाम से लोग डरते थे। आज लोगों को जनपद के नाम से डरने की जरूरत नहीं है।

उन्होंने कहा- पहले हर दूसरे-तीसरे दिन दंगा होता था। 2012 से 2017 के बीच में 700 से ज्यादा दंगे हुए थे। 2007 से 2012 के बीच में 364 दंगे हुए थे। 2017 से 2023 के बीच यूपी में एक भी दंगा नहीं हुआ। एक भी जगह कर्फ्यू लगाने की नौबत नहीं आने पाई। उत्तर प्रदेश बेहतरीन कानून व्यवस्था की गारंटी देता है।

योगी ने कहा- पहले यूपी के दो कलंक भी थे। जहां से गड्ढे दिखाई दें, वहां से यूपी की सीमा शुरू होती थी। हम इंटर स्टेट कनेक्टिविटी को फोर लेन से जोड़ चुके हैं।



**2017 से पहले उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था खराब थी। प्रदेश दंगों के रूप में कुख्यात था। बहुत से जनपद ऐसे थे, जिनके नाम से लोग डरते थे। आज लोगों को जनपद के नाम से डरने की जरूरत नहीं है। — योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री**

### यूपी का चित्र व चरित्र दोनों बदला : गोयल

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी की जोड़ी ने उत्तर प्रदेश के लिए कल्पना से बढ़कर कार्य किया है। आज यूपी का चित्र और चरित्र दोनों बदला है। विकास कार्यों में भेदभाव क्या होता है, उत्तर प्रदेश की जनता ठीक से जानती है। 2017 के पहले तक यूपी के लोगों ने इस भेदभाव को झेला है। आज जब डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है तो छह वर्षों में यूपी की बदली हुई तस्वीर हम सबके सामने है। यूपी में बहुत सी सरकारें आईं और गईं। सबने अपने राजनीतिक हितों को साधने का काम किया। यूपी वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने की ओर आगे बढ़ चुका है। उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट जैसा आयोजन कल्पना के बाहर था। देश और विदेश के निवेशक यूपी जीआईएस में होड़ लगाकर खड़े थे। यूपी जैसी प्रतिभा और मेहनत देश के किसी अन्य राज्य में नहीं है। आने वाले दिनों में विकास की दिशा और यहां के लोगों की दशा बदलने वाली है।

### सीएम योगी बोले- आज अपराधियों की पैंट गीली हो रही

यूपी में अपराध कम हो गए हैं। यहां पुलिस का राज चल रहा है। कानून के डर से अपराधियों की पैंट गीली हो जा रही है। पहले गोरखपुर के नाम से लोगों को डर लगता था, लेकिन पिछले 6 वर्षों में गोरखपुर की छवि बदल गई है। अब गोरखपुर में इतने प्लांट लग रहे हैं कि युवाओं को बाहर जाने की जरूरत नहीं है।


## शाइस्ता की तलाश में प्रयागराज में दबिश

### गुड्डू मुस्लिम के घर पर चल सकता है बुलडोजर, अतीक का धमकी भरा व्हाट्सऐप चैट वायरल

**लखनऊ/प्रयागराज (समृद्धि न्यूज़)।** उमेश पाल हत्याकांड में फरार चल रहे आरोपी गुड्डू मुस्लिम के घर पर बुलडोजर चल सकता है। प्रयागराज प्राधिकरण (पीडीए) ने गुड्डू के घर पर एक नोटिस चस्पा किया है। नोटिस में गुड्डू मुस्लिम को सरेंडर करने के लिए 18 अप्रैल तक का समय दिया गया है। नोटिस के अनुसार 18 अप्रैल तक सरेंडर नहीं हुआ तो प्राधिकरण घर गिरा देगा। गुड्डू मुस्लिम पर 5 लाख का इनाम है। उधर, अतीक की पत्नी 50 हजार की इनामी शाइस्ता परवीन के छुपे होने की सूचना पर धूमनगंज के मरियाडीह व भरेठा में पुलिस ने दबिश दी है। हालांकि इससे पहले दावा किया गया था कि गुड्डू मुस्लिम की लोकेशन पुलिस को मिल गई है। उसकी अंतिम लोकेशन कर्नाटक में मिली थी। जिसके बाद एसटीएफ की टीम उसे पकड़ने के



लिए नासिक से कर्नाटक गई थी। एसटीएफ की टीम ने गिरफ्तार के लिए इलाके की घेराबंदी भी करनी शुरू कर दी थी। गुड्डू मुस्लिम की तलाश यूपी पुलिस को उमेश पाल की हत्या के बाद से ही है। उमेश पाल की हत्या बीते 24 फरवरी को प्रयागराज में कर दी गई थी। इस हत्याकांड के बाद से ही लगातार छापेमारी जारी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। 28 मार्च को अशरफ को बरेली जेल प्रयागराज की एमपी/एमएलए कोर्ट लाया गया था। इस दौरान अशरफ ने कहा था, मुझे एक अधिकारी ने धमकी दी है। उसने कहा कि दो हफ्ते के बाद किसी बहाने से निकाला जाएगा और निपटा दिया जाऊंगा। मुझ पर लगे आरोप फर्जी हैं। यह मुझे, मेरे परिवार को और यूपी सरकार को बदनाम करने की साजिश है। अशरफ ने कहा, अगर मेरी हत्या होती है तो सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस, इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और मुख्यमंत्री को मेरा बंद लिफाफा मिलेगा। उसमें उस अधिकारी का नाम होगा जिसने मुझे हत्या की धमकी दी है। अब इस मसले पर अतीक के वकील विजय मिश्रा ने कहा कि जेल में मुलाकात के दौरान मुझसे भी अशरफ ने ऐसा कहा था। हालांकि वो लेटर किसके पास है, क्या लिखा है, इसकी मुझे जानकारी नहीं है।




## संक्षिप्त समाचार

### करनाल में तीन मंजिला राइस मिल ढही, 4 की मौत

**करनाल।** हरियाणा के करनाल में मंगलवार तड़के 3:30 बजे शिव शक्ति राइस मिल की तीन मंजिला इमारत ढह गई। इसके मलबे में दबकर 4 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 20 से 25 मजदूर मलबे में दब गए। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि 120 मजदूरों ने खिड़कियों से कूदकर जान बचाई। तरावड़ी की शिव शक्ति राइस मिल की इस इमारत में करीब 200 मजदूर रहते थे। इनमें से कुछ रात को काम पर गए हुए थे। बाकी इमारत में सो रहे थे।

### एफबीआई का गोल्डी बराड़ और उसके साथियों पर एक्शन

**अमृतसर।** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मुख्य आरोपी गोल्डी बराड़ पर अमेरिका खुफिया एजेंसी एफबीआई ने बड़ा एक्शन लिया है। एफबीआई ने कार्रवाई करते हुए 16 युवकों को नशा तस्करी और अवैध हथियारों के साथ पकड़ा है, जबकि गोल्डी बराड़ एफबीआई की गिरफ्त से भागने में कामयाब रहा है। हालांकि इस पूरी घटना को लेकर भारत में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

### कर्नाटक में मुस्लिम कोटा विवाद-अगली सुनवाई 25 अप्रैल को

**नई दिल्ली।** कर्नाटक की बसवराज बोम्मई सरकार ने राज्य में मुस्लिम ओबीसी का 4 प्रतिशत आरक्षण खत्म कर दिया। इस कोटे को वोक्कालिगा और लिंगायत के बीच बराबर दो-दो फीसदी बांट दिया। सरकार के इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई को 25 अप्रैल तक टाल दिया। कर्नाटक सरकार की तरफ से पेश हुए स्त्र तुषार मेहता ने जस्टिस केएम जोसेफ और जस्टिस बीवी नागरत्ना की बेंच से फैसला टालने की मांग करते हुए कहा कि राज्य सरकार अगली तारीख तक विवादित निर्णय के आधार पर नई नियुक्तियां नहीं करेगा।

## 35 घरों में लगी आग, 3 की मौत

### मामला कुशीनगर का : सीएम ने बचाव और राहत कार्य के दिए निर्देश

कुशीनगर, समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर में भीषण आग लगने का मामला सामने आया है। आग में लगभग 35 घर जल गए और 3 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ये आग खाना बनाते समय लगी थी। ये मामला जटहां बाजार क्षेत्र के भैरोगंज बाजूपट्टी का है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कुशीनगर में आग लगने की दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने आगजनी में मरे लोगों की आत्मा की शांति के लिए कामना की और परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनका इलाज कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। इस आगजनी में 2 बच्चियों और एक 60 साल की बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। फिलहाल, आग पर काबू पा लिया गया है। जिला प्रशासन घटनास्थल पर सर्वे कर रहा है।डीएम ने एक न्यूज वेबसाइट को बताया कि सर्वे के आधार अन्य सहायता भी दी जाएगी।



## नमाजियों के वजू को लेकर दोनों पक्षों में बनी सहमति

वाराणसी, समृद्धि न्यूज़

रमजान महीने में नमाजियों की तादात ज्ञानवापी मस्जिद में बढ़ने और वजूखाने के सील होने से वजू करने में हो रही दिक्कत की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने डीएम वाराणसी को निर्देशित किया था।

इस निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने मंगलवार को अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी, मंदिर न्यास परिषद के साथ मस्जिद परिसर में बैठक की। इस बैठक के बाद डीएम ने कहा कि फैसला हो गया है पर मामला विचाराधीन है इसलिए इससे कोर्ट को अवगत कराऊंगा।

डीएम के अनुसार वैकल्पिक तरीका निकाला गया है पर कोर्ट में मामला है इसलिए इसे डिस्क्लोज नहीं किया जा सकता है।

### ज्ञानवापी मस्जिद मामला



**क्या है मामला :** ज्ञानवापी मस्जिद-श्रृंगार गौरी वाद में हुई कोर्ट कमिश्नर सर्वे में 16 मई 2022 को मस्जिद के वजूखाने में मिले कथित शवलिंग को कोर्ट के आदेश पर घेर संरक्षित कर दिया गया है। ऐसे में मस्जिद में नामाज पढ़ने आने वाले नमाजियों को वजू करने की दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। रमजान में यह समस्या विकट हो गयी जब नमाजियों की तादात मस्जिद में बढ़ गयी इसपर कोर्ट में एक एप्लिकेशन दी गयी थी, जिसपर सोमवार को चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने, मंगलवार को बैठक कर वाराणसी के जिलाधिकारी से इस मसले पर हल निकालने का निर्देश दिया था।

**दोपहर बाद मस्जिद पहुंचे डीएम :** डीएम इस राजलिंगम मंगलवार को दोपहर बाद ज्ञानवापी मस्जिद पहुंचे। यहाँ पुलिस के आला अधिकारी, अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी और श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास परिषद् के सदस्य मौजूद थे। एक घंटे से अधिक चली बैठक में कई मसलों पर सहमति बनी जिसमें मोबाइल टॉयलेट की भी बात है। इसके पहले जिलधिकारी ने कोर्ट द्वारा संरक्षित स्थल को भी देखा।

**कोर्ट को कराएंगे अवगत**

बैठक के बाद बाहर निकले डीएम एस राजलिंगम ने कहा कि आज की बैठक में फैसला उनकी सहमति से हुआ है। हमें फैसले से माननीय न्यायालय में विचाराधीन है हम उसे अवगत करा देंगे। हम उनकी सहमति से उनके लिए व्यवस्था करा रहे हैं। वहीं इस बैठक से सम्बंधित कोई लिखित आदेश अभी तक हमें प्राप्त नहीं हुआ है कोर्ट का लेकिन जो हमारे अधिकारी थे।

**बनी है सहमति**

जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने बताया कि दोनों पक्ष की उपस्थिति में सहमति बन गयी है। उनसे जब पूछा गया कई क्या सहमति बनी है तो उन्होंने कहा कि ये बात है माननीय न्यायालय को अवगत करा देंगे

देश में लगातार चौथे दिन कोरोना के डेली केस घटे

## 24 घंटे में 7633 नए मामले सामने आए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में कोरोना के मामलों में लगातार चौथे दिन गिरावट दर्ज की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 7 हजार 633 नए मामले सामने आए हैं, जबकि 11 लोगों की मौत हुई है। एक्टिव केस का आंकड़ा 61 हजार 233 हो गया है। इससे पहले रविवार को 9 हजार 111 नए संक्रमित आए थे, जबकि 27 लोगों की मौत हुई थी।

शनिवार को 10,093 और शुक्रवार को 10,753 नए केस दर्ज किए गए थे। सबसे ज्यादा 11 हजार से ज्यादा केस 13 अप्रैल को दर्ज किए गए थे। इस दिन सबसे ज्यादा 29 मौतें भी हुई थीं। सोमवार को



रिकवरी रेट भी 98.68त्र रहा। यानी 98 फीसदी की रेट से लगातार लोग ठीक हो रहे हैं। ऐसे में एक्टिव केस का लोड बहुत ज्यादा नहीं है।

राज्यों में केरल (1528) और दिल्ली में (1017) डेली केसेस सबसे ज्यादा हैं। वहीं एक्टिव केस के मामले में केरल (19,714) के बाद महाराष्ट्र (6087) दूसरे नंबर पर है। देश में पिछले 24 घंटे में 7,633 नए कोरोना मरीज मिले।

बिजली सब्सिडी रोकने के आरोपों पर एलजी की चिट्ठी : केजरीवाल से कहा-

## आरोप झूठे और अपमानजनक

### सबूत दें वरना कानूनी कार्रवाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर वीके सक्सेना ने बिजली सब्सिडी रोकने के आरोपों पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चिट्ठी लिखी है। सक्सेना ने लिखा कि ये आरोप झूठे, अपमानजनक और मानहानि वाले हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार सबूत पेश करे। स्त्र ने कहा कि अगर सबूत नहीं दिए तो वे केजरीवाल और क्वनेताओं पर कानूनी कार्रवाई करेंगे। दिल्ली की ऊर्जा मंत्री आतिशी और स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने वीके सक्सेना पर आरोप लगाए हैं कि वे दिल्ली सरकार की पावर सब्सिडी प्रोग्राम की फाइलें रोक कर बैठे हैं। इसकी वजह से यह प्रोग्राम लेट हो रहा है। मंत्रियों ने कहा कि स्त्र



पावर सब्सिडी रोकने की कोशिश कर रहे हैं। वीके सक्सेना ने लिखा, ÷मैं ये पत्र लिखकर आपसे उन सभी झूठे और निराधार आरोपों को लेकर जवाब मांगना चाहता हूं, जो आप, आपकी सरकार और पार्टी के लोग मुझ पर लगा रहे हैं। आप अच्छी तरह जानते हैं कि मैं हमेशा से गरीबों को पावर सब्सिडी दिए जाने के पक्ष में रहा हूं और इस बात को मैंने कई बार सार्वजनिक तौर पर साफ किया है। कई मौकों पर कई फाइलों में भी मैंने इस बात को दर्ज किया है।

**आतिशी ने कहा था - पीएम ने उपराज्यपाल से सब्सिडी बंद करवाई**

करीब एक महीने पहले आतिशी ने कहा था कि केजरीवाल सरकार की राज्य के किसी भी उपभोक्ता के लिए बिजली सब्सिडी बंद करने की कोई योजना नहीं है। स्त्र कार्यालय जानबूझकर इसके बारे में गलत सूचनाएं फैला रहा है। आतिशी ने कहा कि पीएम मोदी दिल्ली में बिजली सब्सिडी करना चाहते हैं बंद और पीएमओ के दबाव में स्त्र वीके सक्सेना बिजली सब्सिडी में बाधा डालने की कोशिश कर रहें है।

उन्नाव गैंगरेप पीड़ित बोली-

## आरोपियों ने घर फूंका जमानत पर छूटे

**उन्नाव (समृद्धि न्यूज़)।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव में नाबालिग गैंगरेप पीड़ित के घर आग लग गई, जिसमें दो बच्चे भी झुलस गए। इसमें एक बच्चा 7 महीने का और दूसरी बच्ची 2 महीने की है। बच्चों को कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया है। पिटाई से घायल पीड़ित और उसकी मां का इलाज उन्नाव के जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना सोमवार रात करीब 10 बजे की है। मामले में 7 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पीड़ित और उसकी मां का आरोप है कि गैंगरेप करने वाले मुकदमे में सुलह करने का दबाव बना रहे थे। विरोध करने पर गाली-गलौज करने लगे और डंडों से पीट दिया। इसके बाद घर में

**● समझौते का दबाव बना रहे थे, 2 बच्चे झुलसे**

आग लगा दी। 2 मासूम बच्चों को जलाकर मारने की कोशिश की। 13 साल की नाबालिग लड़की से 13 फरवरी 2022 को गांव के ही 5 युवकों ने रेप किया था। इसके बाद वह गर्भवती हो गई थी और 7 महीने पहले उसने एक बच्चे को जन्म दिया था। गांव के रहने वाले 3 आरोपियों अमन, अरुण और सतीश को जेल भेजा गया था। वे एक महीने से जमानत पर हैं। गैंगरेप पीड़ित की मां ने बताया, बेटी की जिंदगी बर्बाद करने वाले जमानत पर बाहर आए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- बिलकिस केस के दोषियों को क्यों छोड़ा

## आज बिलकिस, कल किसी और के साथ हो सकता है, सेब-संतरे की तुलना नहीं हो सकती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात सरकार की माफीनामा पॉलिसी के खिलाफ बिलकिस बानो ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, ताकि उनके दोषियों को फिर से जेल भेजा जा सके। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बिलकिस बानो की उस याचिका पर सुनवाई की जिसमें उन्होंने गुजरात सरकार पर अपने मामले के दोषियों को समय से पहले रिहा करने का आरोप लगाया था। उन्होंने अपनी याचिका में 11 दोषियों को रिहा किए जाने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना की बेंच ने सरकार से दोषियों की रिहाई का कारण पूछा। कोर्ट ने कहा- आज यह बिलकिस के साथ हुआ,



कल किसी के साथ भी हो सकता है। कोर्ट ने केंद्र और गुजरात सरकार से कहा कि दोषियों को समय से पहले रिहाई देने से जुड़ी फाइलें पेश करें। अगर आप दोषियों को रिहा करने की वजह नहीं बताते हैं तो हम अपना निष्कर्ष निकालेंगे।

कोर्ट ने मामले में केंद्र और राज्य सरकार से 1 मई तक फाइल पेश कर जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा है। कोर्ट में केंद्र और गुजरात सरकार की ओर से स्त्र एसवी राजू पेश हुए। उन्होंने कहा कि हम 1 मई तक इस बारे में विचार करेंगे कि फाइल दाखिल की जाए या नहीं। मामले में अगली सुनवाई 2 मई को दोपहर 2 बजे होगी।

**हर शख्स को एक हजार दिन से अधिक का पैरोल मिला**

बेंच ने कहा- हर दोषी को एक हजार दिन से अधिक का पैरोल मिला है। हमारा मानना है कि आप अपनी शक्ति और विवेक का इस्तेमाल जनता की भलाई के लिए करें। दोषियों की रिहा करके आप क्या संदेश दे रहे हैं ? आप सेब की तुलना संतरे से कैसे कर सकते हैं? आप एक व्यक्ति की हत्या की तुलना सामूहिक हत्या से कैसे कर सकते हैं? यह एक समुदाय-समाज के खिलाफ अपराध है।

**बिलकिस ने दाखिल की थीं दो याचिकाएं**

बिलकिस बानो ने 30 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दाखिल की थीं। पहली याचिका में 11 दोषियों की रिहाई को चुनौती देते हुए उन्हें तुरंत वापस जेल भेजने की मांग की थी। वहीं, दूसरी याचिका में कोर्ट के मई में दिए आदेश पर फिर से विचार करने की मांग की थी, जिसमें कोर्ट ने कहा था कि दोषियों की रिहाई पर फैसला गुजरात सरकार करेगी। इस पर बिलकिस ने कहा कि जब केस का ट्रायल महाराष्ट्र में चला था फिर गुजरात सरकार फैसला कैसे ले सकती है?

**गोधरा कांड के बाद भड़के दंगों में बिलकिस का गैंगरेप हुआ**

गुजरात में गोधरा कांड के बाद 3 मार्च 2002 को दंगे भड़के थे। दंगों के दौरान दाहोद जिले के लिमखेड़ा तालुका में रंधिकपुर गांव में उग्र भीड़ बिलकिस बानो के घर में घुस गई। दंगाइयों से बचने के लिए बिलकिस अपने परिवार के साथ एक खेत में छिपी थीं। तब बिलकिस की उम्र 21 साल थी और वे 5 महीने की गर्भवती थीं। दंगाइयों ने बिलकिस का गैंगरेप किया। उनकी मां और तीन और महिलाओं का भी रेप किया गया। इस दौरान हमलावरों ने बिलकिस के परिवार के 17 सदस्यों में से 7 लोगों की हत्या कर दी। वहीं, 6 लोग लापता हो गए, जो कभी नहीं मिले। हमले में सिर्फ बिलकिस, एक शख्स और तीन साल का बच्चा ही बचे थे।

**जनवरी 2008 में ष्टक्चढ्ढ की स्पेशल कोर्ट ने दी थी सजा**

हादसे के समय बिलकिस की उम्र 21 साल थी और वे गर्भवती थीं। दंगों में उसके परिवार के 6 सदस्य जान बचाकर भागने में कामयाब रहे।

# लखनऊ में मेयर की बसपा प्रत्याशी सबसे अमीर

- पति को मिलाकर शाहीन बानो के पास 49 करोड़ की संपत्ति,
- सपा-कांग्रेस उम्मीदवार के पास पति से ज्यादा पैसा

निकाय चुनाव

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

लखनऊ में मेयर बनने के लिए 13 उम्मीदवार मैदान में आ चुके हैं। आखिरी दिन ही 10 लोगों ने आवेदन किया। पर्चा भरने के दौरान सभी उम्मीदवारों ने अपनी चल और अचल संपत्ति का विवरण भी दिया है। इसमें सभी उम्मीदवारों ने अपना और अपने पति की संपत्ति के बारे में जानकारी दी है, जिसमें बताया गया है कि उनके पास कितना कैश है और कितने की अचल संपत्ति है। इसमें सबसे ज्यादा पैसा बसपा के उम्मीदवार के पास है, जबकि सपा और कांग्रेस की उम्मीदवारों के पास अपने पति से ज्यादा दौलत है। हालांकि सभी बड़े राजनीतिक दलों के उम्मीदवार करोड़पति हैं। बहुजन समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार शाहीन बानो के पास बाकी प्रत्याशियों के मुकाबले पति-पत्नी को मिलाकर काफी ज्यादा प्रॉपर्टी है। दोनों पति-पत्नी को मिलाकर करीब 49 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी बन रही है। शाहीन बानो के पास चल संपत्ति में जहां 58 लाख 38 हजार 57 रुपए है, वहीं अचल संपत्ति में डेढ़ करोड़ की प्रॉपर्टी है। बात जब उनके पति की प्रॉपर्टी की आती है तो सरवर मलिक के पास करीब 25 करोड़ 88 लाख 2 हजार 692 की चल संपत्ति है जबकि 22 करोड़ 60 लाख रुपए की अचल संपत्ति है। भारतीय जनता पार्टी से मेयर पद की उम्मीदवार सुषमा खर्कवाल अपनी संपत्ति का जो ब्योरा दिया है उसमें उनसे ज्यादा पैसा उनके पति के पास है। सुषमा ने बताया है कि उनके पास 43 लाख 22 हजार 356 रुपए कैश है, जबकि उनके पति के पास 15 लाख 66 हजार 27 रुपए कैश हैं। उनके पति के पास करीब एक करोड़ 40 लाख रुपए की अचल संपत्ति है। इसमें उत्तराखंड में उनकी जमीन भी शामिल है। जबकि सुषमा के पास 65 लाख रुपए की प्रॉपर्टी है। समाजवादी पार्टी से उम्मीदवार वंदना मिश्रा के पास अपने पति और लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डॉ रमेश दीक्षित से ज्यादा पैसा है। वंदना मिश्रा के पास 61 लाख 82 हजार 513 रुपए की चल संपत्ति है। जबकि उनके पति रमेश दीक्षित के पास 30 लाख 85 हजार 290 रुपए हैं। अचल संपत्ति में भी वंदना मिश्रा रमेश दीक्षित से आगे हैं। उनके पास एक करोड़ पचास लाख 53 हजार 971रुपए की संपत्ति है। जबकि रमेश दीक्षित के पास 40 लाख 25 हजार की संपत्ति है। कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार संगीता जायसवाल के पास 91 लाख 75 हजार 497 रुपए हैं जबकि उनके पति के पास 4 लाख 85 हजार 196 रुपए हैं। ऐसे में उनके पास अपने पति से करीब 22 गुना ज्यादा चल संपत्ति है। हालांकि अचल संपत्ति के मामले में दोनों पति-पत्नी के पास 3- 3 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी है। आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी अंजू भट्ट के पास चल संपत्ति तो है लेकिन उनके पास कोई अचल संपत्ति नहीं है। उनके पति के पास उनसे ज्यादा पैसा है। जारी डेटा में दिया गया है कि अंजू के पास 19 लाख 60 हजार 192 रुपए हैं तो पति विशाल भट्ट के पास 9 लाख 9 हजार 20 रुपए हैं। वहीं अचल संपत्ति अंजू के पास नहीं है जबकि पति के पास 52 लाख 50 हजार रुपए की अचल संपत्ति है।

## खड़े होकर दुआ कुनूत न पढ़े बल्कि सज्दा सहू करे नमाज पूरी हो जायेगी

संवाददाता। लखनऊ

रमजान हेल्पलाइन देश में इस किस्म की पहली हेल्पलाइन है। इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया के तहत् दारूल निजामिया फरंगी महल में रोजेदारों की दीनी और शरअई रहनुमाई के लिए वर्ष 2002 में रमजान हेल्पलाइन कायम की गयी थी जिसकी मकबूलियत खुदा पाक के करम से आज भी बरकरार है। इस हेल्प लाइन से लोग फोन और म.उंपस के जरिए रोजा, नमाज, जकात और दूसरे सवालात मुल्क और बाहर के मुल्कों से भी करते है। इन सवालात के जवाब मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली की अध्यक्षता में उलमा का एक पैनल देता है, लोग इन नम्बरों 9335929670, 9415102947, 7007705774, 9140427677 और वेब साइट, पर सवाल पूछ सकते है।



चंगेज फिल्म के प्रमोशन के लिए इमामबाड़े के समक्ष तागा चलाते बंगाली फिल्मी अभिनेता जीत

## खबरें एक नजर में

### पूर्व मंत्री शारदा प्रताप शुक्ला का हुआ निधन, मेदांता अस्पताल में ली अंतिम सांस, विधायक राजेश्वर सिंह ने जताया शोक

लखनऊ। पूर्व मंत्री शारदा प्रताप शुक्ला का आज सुबह मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार थे। शारदा प्रताप के निधन की सूचना से उनके समर्थकों और सरोजनी नगर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। शारदा प्रताप शुक्ला सरोजनी नगर क्षेत्र के लोकप्रिय नेताओं में गिने जाते थे। वहीं, उनके निधन पर लखनऊ के भाजपा नेताओं समेत सरोजनीनगर के वर्तमान विधायक राजेश्वर सिंह ने शोक जताया है। बता दें कि पूर्व मंत्री शारदा प्रताप शुक्ला सरोजनी नगर से लगातार 3 बार विधायक और एक बार मंत्री रह चुके थे। वे काफी समय से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज मेदांता अस्पताल में चल रहा था। वहीं, आज सुबह मेदांता अस्पताल में उनका निधन हो गया। शारदा प्रताप शुक्ला सरोजनी नगर के रहीम नगर पडियाना गांव के निवासी थे। उनकी मौत से उनके गांव में शोक का माहौल है। उनके निधन पर लखनऊ के भाजपा नेताओं ने शोक जताया है। वहीं, सरोजनीनगर से वर्तमान विधायक राजेश्वर सिंह ने भी उनके निधन पर शोक प्रकट किया है। सरोजनीनगर से विधायक राजेश्वर सिंह ट्वीट कर लिखा कि स्तब्ध हूँ, निशब्द हूँ..!! सरोजनीनगर भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य, पूर्व मंत्री श्री शारदा प्रताप शुक्ला जी का निधन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदना शोक संतप्त परिजनों के साथ है, ईश्वर पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। ओम: शांति...

### ओवरलोड ट्रकः ऑडियो मामला, मंत्री व अन्य पर लोकायुक्त परिवाद

लखनऊ। अमिताभ ठाकुर तथा डॉ नूतन ठाकुर ने परिवहन विभाग की एक कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग तथा ओवरलोड ट्रकों से भारी वसूली की शिकायत तथा इस प्रक्रिया में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने के स्थान पर उन्हें बचाने के आरोपों के संबंध में लोकायुक्त के समक्ष परिवाद प्रस्तुत किया है। अपने परिवाद में उन्होंने कहा कि उन्हें 4.07 मिनट की बातचीत की एक रिकॉर्डिंग मिली, जो उप परिवहन आयुक्त वाराणसी अशोक कुमार सिंह, एआरटीओ चंदौली एसपी देव और चंदौली में तैनात परिवहन विभाग के एक सिपाही विपिन कुमार की बताई गयी थी. इस बातचीत में बिहार बॉर्डर पर अवैध वसूली को तेजी से बढाए जाने की योजना पर चर्चा की जा रही है. बातचीत में कहा गया है कि यह योजना तभी सफल होगी जब कम से कम छह सात सौ ट्रक गुजरेंगे, मात्र दो तीन सौ ट्रक से काम नहीं होगा और बदनामी अलग से हो जाएगी. बातचीत में प्रति ट्रक 3000 रुपये की रेट वसूली रेट होने की बात भी कही गई। परिवाद में बिहार बॉर्डर से फरवरी 2023 में गुजरे लगभग 5000 ट्रकों ओवरलोड ट्रकों की सूची भी दी गयी है, जो परिवहन विभाग की सहायता से बिहार की ओर गुजारी गयी बताई गयी हैं। परिवाद में विभागीय मंत्री दयाशंकर सिंह को मामले की जानकारी होने के बाद भी कार्यवाही नहीं करने के आरोपों की जाँच की भी मांग की गयी है।

### प्रदेश में अगले तीन दिनों तक भयंकर गर्मी के साथ चलेगी गर्म हवाएं

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बढ़ रही चिलचिलाती गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। इस भयंकर गर्मी के साथ अब प्रदेश में गर्म हवाओं का दौर भी दस्तक दे सकता है। मौसम विभाग ने प्रदेश में गर्म हवाएं चलने की चेतावनी देते हुए कई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर बारिश के भी आसार जताए हैं और 18 से 20 अप्रैल तक मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। बता दें कि, प्रदेश में गर्मी का मौसम लोगों को अब परेशान कर रहा है। यहां पर गर्मी बढ़ती जा रही है और कई जिलों में तो अप्रैल महीने में पड़ रही गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ दिए है। इस भयंकर गर्मी के साथ अब प्रदेश में हीटवेव यानी लू की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के मुताबिक, 18 से लेकर 20 अप्रैल तक प्रदेश में मौसमी बदलाव देखने को मिलेंगे। मंगलवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछेक स्थानों पर बारिश के आसार हैं, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। वहीं कुछ इलाकों में गर्म हवाएं चलने के आसार हैं। बुधवार को पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में गर्म हवाओं के चलने की चेतावनी जारी की गई है और गुरुवार को पूरे प्रदेश में बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने कानपुर, वाराणसी, संत रविदासनगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, जालौन, हमीरपुर, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, अंबेडकरनगर, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, झांसी और आसपास के इलाकों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, विभाग ने लू से बचने के लिए छोटे बच्चों, बुजुर्गों और गंभीर बीमारी से जूझ रहे लोगों को कड़ी धूप में हल्के रंग और सूती कपड़ों को पहनने और सिर ढकने की एडवाइजरी जारी की है।

### शारदा प्रताप शुक्ल के निधन पर स्पीकर दुःखी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना जी ने वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व मंत्री शारदा प्रताप शुक्ल के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। श्री महाना ने दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है।

### मुख्यमंत्री ने पूर्व मंत्री शारदा प्रताप शुक्ला के निधन पर शोक व्यक्त किया

लखनऊ ।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मंत्री शारदा प्रताप शुक्ला के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## अशरफ के साले सद्दाम पर 50 हजार का इनाम

- सद्दाम, लल्ला गद्दी और अशरफके अन्य मददगारों के खिलाफबिथरी चौनपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। खुशबू एंक्लेव के जिस मकान में सद्दाम रहता था, उसके मकान मालिक ने भी सद्दाम के खिलाफबारादरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

अतीक अहमद और अशरफकी हत्या के बाद इनके गुर्गों पर पुलिस का शिकंजा कस रहा है। अशरफके साले सद्दाम पर बरेली रेंज के आईजी ने इनाम बढ़ाकर 25 से 50 हजार रुपये करने की मंजूरी दे दी है।सद्दाम पर आरोप है कि वह लल्ला गद्दी के साथ मिलकर बरेली जेल में बंद रहे बहनोई अशरफसे उसके गुर्गों की अवैध मुलाकात कराता था। सद्दाम, लल्ला गद्दी और अशरफके अन्य मददगारों के खिलाफबिथरी चौनपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। खुशबू एंक्लेव के जिस मकान में सद्दाम रहता था, उसके मकान मालिक ने भी सद्दाम के खिलाफबारादरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। दोनों मुकदमों में सद्दाम फरार चल रहा है। बरेली एसआईटी और यूपी एसटीएफको उसकी तलाश हैं। अतीक और अशरफकी मौत के बाद वह घबराया हुआ है और जल्द ही समर्पण कर सकता है। पहले एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने सद्दाम पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था, अब उनकी संस्तुति पर आईजी डॉ. राकेश सिंह ने उसे 50 हजार का इनामी घोषित कर दिया है।बरेली रेंज के आईजी डॉ. राकेश सिंह के मुताबिक सद्दाम पर पचास हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। थाना पुलिस के साथ ही एसटीएफभी उसकी तलाश में जुटी है। जल्द गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।अशरफ के बरेली जेल में बंद रहने के दौरान सद्दाम भी यहां किराये के मकान में रहता था। वह जेल में अशरफ से उसके गुर्गों की अवैध मुलाकात कराता था। उसके खिलाफ दो मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। अभियुक्त सददाम के खिलाफकोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। यह आदेश विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण प्रथम ने किया है। कोर्ट में सीओ तृतीय आशीष प्रताप सिंह की ओर से अर्जी देकर कहा कि रंगदारी वसूलने व भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के थाना बिथरीचौनपुर के एक मामले की विवेचना की जा रही है। मामले में थाना पूरामुफ्ती, प्रयागराज का रहने वाला वांछित अभियुक्त अब्दुल समद उर्फसद्दाम जिसका मौजूद पता मकान नंबर 135 खुशबू कॉलोनी फाईक इन्कलेव थाना बारादरी है के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया जाए। कोर्ट ने अभियुक्त सद्दाम का गैर जमानती वारंट जारी कर दिया है।

## विश्व धरोहर दिवस पर फोटो एग्जीबिशन

### हेरिटेज वॉक, यूपी पुरातत्व विभाग ने स्टूडेंट्स को घुमाई छतर मंजिल

संवाददाता। लखनऊ

लखनऊ में मंगलवार को विश्व धरोहर दिवस के मौके पर यूपी राज्य पुरातत्व विभाग की ओर से छतर मंजिल स्थित प्रशासकीय भवन में फोटो एग्जिबिशन और ड्राइंग कॉम्पिटिशन अयोजित किया गया। कार्यक्रम में चंद्र भाल मिश्रा चीफ गेस्ट रहे। फोटो एग्जिबिशन में यूनेस्को के वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल 40 भारतीय स्मारकों,स्थलों की लाजवाब तस्वीरें देखने को मिलीं। साथ ही इसमें यूपी राज्य के सभी संरक्षित स्मारकों,स्थलों को भी शमिल किया गया। इनमें सिद्धार्थनगर के प्राचीन स्तूप से लेकर मथुरा की गोवर्धन छतरियां देखने को मिलीं। इसी विषय पर हुए ड्राइंग कॉम्पिटीशन में महिला महाविद्यालय लखनऊ की प्रियंका को पहला, नारी शिक्षा निकेतन की श्रीजल अग्रवाल को दूसरा और नगर निगम डिग्री कॉलेज की रागिनी सिंह को तीसरा पुरस्कार मिला। इस दौरान चीफगेस्ट मिश्रा ने भारत के अमूल्य विरासतों के विषय में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, 卐अभी तक पूरी दुनिया में लगभग 1154 स्थलों को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया जा चुका है। भारत में 40 महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और प्राकृतिक स्थलोंध्स्मारकों को विश्व धरोहर की स्मारकों की सूची में रखा गया है। जिसमें यूपी के तीन स्मारक ताजमहल, आगरा किला और फतेहपुर सीकरी शामिल हैं। प्राचीन भारतीय संस्कृति को जानने के लिए ऐतिहासिक इमारतों की संरक्षा करना जरूरी है। इसके बाद स्टूडेंट्स को हेरिटेज वॉक कराई गई। जिसमें नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज, महिला महाविद्यालय, अटल बिहारी वाजपयी डिग्री कॉलेज के लगभग 100 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। सभी को डॉ. कृष्ण मोहन डूबे, राहुल यादव, देवेंद्र प्रताप सिंह और प्रकाश अंबेडकर ने छतर मंजिल और फरहत बक्श पैलेस का टूर कराया। इस दौरान डॉ. कृष्ण मोहन ने स्टूडेंट्स को बताया, 卐1857 की गदर में इस कोठी का बहुत योगदान रहा। बेगम हजरत महल यहीं से अंग्रेजों के खिलाफरणनीति बनाती थीं। आजादी के बाद इसे सीडीआरआई को दे दिया गया था। वर्तमान में ये यूपी राज्य पुरातत्व विभाग के अंतर्गत है।卐इसके अलावा उन्होंने स्टूडेंट्स को कैसरबाग हेरिटेज जोन के बारे में भी बताया। इन ऐतिहासिक इमारतों को स्टूडेंट्स ने काफी रोचक तरीके से घुमा। साथ ही सभी ने जमकर इमारतों की फोटो क्लिक करी।

## दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग एवं यूनीसेफ'संयुक्त राष्ट्र बाल कोष' द्वारा कार्यशाला का आयोजन

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



डॉ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के प्रथम तल पर स्थित सभागार में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग यूपी एवं यूनीसेफ के संयुक्त तत्वावधान में "समावेशी शिक्षा का सम्मिलित दृष्टिकोण" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के सभी विभागों के लगभग 100 प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। अपने-अपने विभाग में दिव्यांग बच्चों हेतु चलाई विभिन्न कार्य योजनाओं के बारे में यूनीसेफके प्रतिनिधियों एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के समक्ष प्रस्तुतीकरण दिया। इस अवसर पर नाईजीरिया से यूनीसेफप्रमुख के रूप में पधारे हुए डॉ. जकारी अदम ने अपने उद्घाटन वक्तव्य में कहा यूनीसेफका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है । प्रत्येक बच्चा पूर्ण विकसित होने तक अपने अस्तित्व, विकास में भागीदारी और सुरक्षा के अधिकारों का आनंद लेने में सक्षम बन सके। सतत विकास के लक्ष्यों को बाल अधिकारों के प्रति के प्रप्ति के बिना हासिल नही किया जा सकता। दिव्यांगजन सशक्तीकरण के विशेष सचिव अजीत कुमार ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराते हुए कहा दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना, कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना, राज्य सरकार सड़क परिवहन निगम की बसों में नि:शुल्क बस यात्रा की सुविधा योजना, राज्य स्तरीय पुरस्कार योजना, नि:शुल्क चिकित्सा अनुदान योजना, बचपन डे-केयर सेन्टर योजना, विशेष विद्यालय, डिजिटल नवाचार एवं दिव्यांगजनों को न्याय दिलाने के लिए डिसीबेलीटी कोर्ट (दिव्यांग न्यायालय) की स्थापना प्रमुख योजनाये है।

## सपा का ऐलान, बागपत और बड़ौत सीटों पर नहीं लड़ेगी चुनाव

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

बागपत जनपद निकाय चुनाव को लेकर रालोद ने सोमवार को अपने प्रत्याशियों को चुनाव सिंबल वितरित कर दिए हैं। इसी बीच समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को बड़ा एलान करते हुए बड़ौत और बागपत में अध्यक्ष पद पर चुनाव न लड़ने की घोषणा कर दी। इन दोनों ही सीटों पर पार्टी राष्ट्रीय लोकदल का समर्थन करेगी।

मंगलवार को समाजवादी पार्टी के ऑफिशियल ट्विटर पेज से एक पोस्ट किया गया है जिसमें लिखा है कि बड़ौत और बागपत में समाजवादी पार्टी स्थानीय नगर निकाय चुनावों में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेगी और राष्ट्रीय लोक दल का समर्थन करेगी। आरएलडी ज्यादातर सीटों पर प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह बांट चुकी है।

कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। रालोद ने बागपत नगर पालिका से पूर्व चेयरमैन राजुद्दीन एडवोकेट, खेकड़ा नगर पालिका से रंजीता धामा को अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी घोषित किया है।

सोमवार को रालोद जिलाध्यक्ष रामपाल धामा ने बागपत नगर पालिका से प्रत्याशी राजुद्दीन एडवोकेट व खेकड़ा से निकाय चुनाव के लिए सिंबल सौंपे।निकाय चुनाव की नामांकन प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई। इसको लेकर तीनों तहसीलों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। पहले दिन एक भी नामांकन पत्र जमा नहीं किया गया। अध्यक्ष पद के लिए 42 नामांकन पत्र और सभासद पद के लिए 256 नामांकन पत्र खरीदे गए।

## शाबाश बेटियों, जैसे को तैसा

### भैया हेलमेट कहां है, नही तो भरो जुर्माना

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

पुलिस हेलमेट न पहनने के लिए लोगों का चालान काटती है लेकिन गाजियाबाद में दो बेटियों ने खाकी की दे दी सीख, करोगे गलत तो भरोगे। सोशल मीडिया पर अब एक ऐसा वीडियो सामने आया है जब बगैर हेलमेट पहने बाइक पर सवार दो पुलिसवाले ही भागते नजर आ रहे हैं। वीडियो उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद का है। इस वीडियो में नजर आता है कि बगैर हेलमेट पहने दो पुलिसवाले बाइक पर जा रहे हैं। स्कूटी पर सवार दो लड़कियां पीछे से आती हैं और उनसे हेलमेट के बारे में पूछने लगती है और रोकने की कोशिश करती हैं। दोनों पुलिसवाले बचकर भागने की कोशिश करते नजर आए। लड़कियां स्कूटी से पीछा करते हुए वीडियो भी मोबाइल कैमरे से शूट कर रही थीं। इसे देख इन पुलिसवालों ने बचने के लिए अपनी बाइक तेज कर दी। हूटर और सायरन भी बजाने लगे। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद गायिजाबद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मियों के एक हजार रुपये के ई-चालान काट दिए। घटना सोमवार रात करीब 10.30 बजे की है। वीडियो में नजर आ रहे दोनों पुलिसकर्मी गाजियाबाद कमिश्नरेट में तैनात हैं।वीडियो में बाइक का नंबर नजर आने के बाद पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई है।

### धरोहरें हमारी सभ्यता का प्रतीक

## राज्य संग्रहालय ने मनाया विश्व धरोहर दिवस

लखनऊ । मानव सभ्यता से जुड़ी धरोहरों को जन सामान्य के मध्य जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विश्व पटल पर प्रत्येक वर्ष 18 अप्रैल को विश्व धरोहर दिवस मनाया जाता है। धरोहर एवं संस्कृति को संरक्षित करना तथा नयी पीढ़ी को अपनी गौरवमयी धरोहर से परिचित कराने के साथ ही उसे सरंक्षित करने के लिए प्रोत्साहित करना है।धरोहर गौरवशाली इतिहास के अस्तित्व का जीवन्त प्रमाण है और वर्तमान में अतीत की साक्षात हस्ताक्षर है। विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर राज्य संग्रहालय, लखनऊ द्वारा महत्त्वपूर्ण कलाकृतियों पर आधारित कला दर्शन विषयक छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन कराया गया। इस प्रदर्शनी का उदघाटन राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित वरिष्ठ चित्रकार मो शकील द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा बताया गया कि लघुचित्र भारतीय शास्त्रीय परंपरा की अमूल्य धरोहर है। इससे बड़ी धरोहर दुनिया में क्या हो सकती है। इसको जो संभालकर रखने वाले हैं,वो अनूठा इतिहास रचते हैं। ऐसी धरोहरें हमारी सभ्यता का प्रतीक हैं, यह संग्रहालय में हमें आज भी देखने को मिल जाती है। भारत देश हमेशा विश्व गुरु रहा है, इन्हीं धरोहरों की वजह से हमेशा विश्वगुरु रहेगा।प्रदर्शनी में समुद्र मंथन, भगीरथ द्वारा शिव स्तुति, राम एवं हनुमान द्वारा उमा-महेश्वर की स्तुति, शेषशायी विष्णु वामनावतार, नृसिंह अवतार बलराम द्वारा यमुनाकर्षण, हरिहर आदि दृष्टव्य हैं। प्रदर्शनी का अवलोकन करने पर सहजता से अनुमान लगाया जा सकता है कि कलाकृतियां अपनी शैलीगत विशिष्टता को समाहित किये हुए तत्कालीन सामाजिक, आर्थिक एवं धार्मिक स्थिति को दर्शाने के साथ ही आम जनमानस को भारतीय धर्म एवं संस्कृति के गूढ़ तत्व ज्ञान का भी बोध कराती हैं। प्रदर्शित कलाकृतियों के माध्यम से दर्शकों को राज्य संग्रहालय, लखनऊ में संग्रहीत ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने का प्रयास किया गया है।कार्यक्रम को सफल बनाने में अल शाज फातमी, सहायक निदेशक, डॉ तृप्ति राय, संग्रहालयाध्यक्ष, डॉ अनिता चौरसिया, शशिकला राय, शालिनी श्रीवास्तव, गायत्री गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## लखनऊ के शालीमार गेट वे में खुला 6 स्क्रीन वाला मूवी मैक्स

**लखनऊ समृद्धि न्यूज** । देश में सबसे तेजी से बढ़ती सिनेमा चेन में से एक मूवीमैक्स ने अपनी देशव्यापी उपस्थिति में 50 से अधिक स्क्रीन जोड़ ली हैं। लखनऊ में एक 6 स्क्रीन मल्टीप्लेक्स की आरंभ हो गया है जिसके लॉन्च की घोषणा हाल ही में अभिनेता अजय देवगन की उपस्थित में हुई थीमूवीमैक्स ने लखनऊ, बीकानेर, हैदराबाद और नोएडा में पिछले 5 महीनों में कई स्क्रीन लॉन्च की हैं। आने वाले दिनों में कंपनी की तरफ से 100 से ज्यादा स्क्रीन लॉन्च करने का लक्ष्य रखा है। देश के इन इलाकों में तमाम जगहों पर पहले से ही 61 स्क्रीन चालू हैं। मूवीमैक्स में शुरुआती दौर में कभी एक कर्मचारी हुआ करता था और आज उनकी संख्या 500 से अधिक स्टाफ की हो चुकी है। इस सिनेमा श्रृंखला ने बहुत कम समय में सफलतापूर्वक अपनी शानदार वृद्धि दर्ज की है।यही नहीं मूवीमैक्स किफायती मूल्य पर विभिन्न प्रकार के खाद्य और पेय पदार्थों के विकल्पों के लिए जाना जाता है। साथ ही यहां की पूरी प्रॉपर्टी काफी सजी-संवरी और सुसज्जित भी लगती है। मूवीमैक्स सिनेमाज के सीईओ आशीष कनकिया का कहना है, ÷हमारा उद्देश्य स्थिर गति से आगे बढ़ते रहना है। अपने दर्शकों को फिल्म देखने का संपूर्ण अनुभव प्रदान करने के दृष्टिकोण के साथ, हम उन्हें बड़े पर्दे पर फिल्मों के जादू का भी अनुभव करना चाहते हैं। साथ ही दर्शकों को दोस्तों और परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने के लिए एक शानदार स्थान देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।÷



# सेक्स रैकेट संचालक ने दूसरे को फंसाने के लिए कराया अपहरण

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

राजधानी के ठाकुरगंज इलाके में सोमवार रात सेक्स गर्ल सप्लाई को लेकर दो सेक्स रैकेट संचालकों के बीच वर्चस्व की लड़ाई में अपहरण और लूट की घटना हुई थी। इसका खुलासा चार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद हुआ। आरोपियों ने बताया कि सेक्स वर्कर सप्लाई को लेकर एक दूसरे के ग्राहक तोड़ने के चलते लूट और अपहरण की घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस दोनों सेक्स रैकेट संचालकों को गिरफ्तार कर इससे जुड़े लोगों के विषय में जानकारी जुटा रही है।

डीसीपी पश्चिम राहुल राज ने बताया कि सोमवार देर रात मोहल्ला पीर बुखारा में कार सवार युवक और युवतियों को तमंचे के बल पर मारपीट कर अगवा करने मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार फैजान जानकीपुरम विस्तार, समद फैजुल्लागंज, ऐजाज फरीदीपुर और किशन यादव कन्नौज कालिका नगर का रहने वाला है। इनके पास से वादी से लूटी गए मोबाइल फोन, रुपये और देशी तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ में सामने आया कि यह सभी सेक्स रैकेट से जुड़े हैं और एक दूसरे को नुकसान पहुंचाने के लिए ग्राहक के साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। वादी ने इज्जत के चलते घटना की सही जानकारी नहीं थी। उसने कहा था कि मोहल्ला पीर बुखारा में कार सवार युवकों ने गाड़ी को ओवरटेक कर तमंचा दिखा लूटपाट की। उस वक्त उसके साथ उसकी महिला मित्र थी। जबकि वह दोनों सेक्स वर्कर थी। ठाकुरगंज इंस्पेक्टर विकास राय के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में चौकाने वाले तथ्य सामने आए। किशन ने पूछताछ में बताया कि उसने बताया कि फैजान भी शहर में सेक्स रैकेट चलाता है। इसको लेकर दोनों में वर्चस्व को लेकर कई बार विवाद हो चुका है। फैजान ने उसको नीचा दिखाने एक अन्जान नंबर से इंटरनेट कॉलिंग से संपर्क कर दो महिलाओं की बुकिंग की।

इसके चलते दो युवतियों को वासु साहू ( इसी ने लूट का मुकदमा दर्ज कराया) नाम के युवक के पास भेजा। जहाँ फैजान ने अपने साथी समद और ऐजाज के साथ मिलकर वासु से मारपीट कर अगवा किया और फिर बीकेटी के पास ले जाकर छोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक, घटना का खुलासा करने के लिए सर्विलांस टीम, सीसीटीवी चेकिंग टीम और ग्राउंड सर्विलांस टीम का गठन किया था। तीनों टीमों ने सीडीआर के साथ दुबग्गा से बीकेटी तक के लगभग 2000 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को चेक कर घटना से जुड़ी जानकारी जुटाई। जिसके आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# ‘समस्त संसार के प्रिय आत्मा और सभी का भला करने वाले दिव्य देव भगवान शंकर है’

**आचार्य श्री उमेश्वरा नंद जी महराज का श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का तीसरा दिन**

**समृद्धि न्यूज । लखनऊ**



शेखुपुरा कॉलोनी में चल रहे ÷श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ÷ के आज तीसरे दिन भारी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा पहुंच कर श्रीमद् भागवत कथा में जड़ भरत एवं प्रह्लाद चरित्र एवं वामन औतार की सच्ची कथा को सुनकर जीवन को धन्य किया गया । उपस्थित श्रद्धालुओं ने भाव - विभोर होकर अपने जीवन में उन्नति के लिए कई ऐसे रहस्यों को समझा जिन्हे आज के पहले उन्हे ज्ञान नही था । आचार्य श्री उमेश्वरा नंद जी महराज मथुरा वृंदावन ने अपने मधुर शब्दो और ज्ञान से सभी का मन मोह लिया साथ ही जीवन के कई ऐसे पहलुओं से अवगत कराया जिससे आम व्यक्ति का जीवन शांति सुख और संतुष्टि से व्यतीत होता रहें । कथा के दौरान समय कब व्यतीत हो गया यह श्रोताओं को पता ही नही चला । महाराज जी के साथ आए संगीत टीम ने कथा के साथ - साथ जीवंत संगीत देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए ।चल रहें कार्यक्रम में नगर निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के महानगर वार्ड से प्रत्याशी श्री हरीश चंद्र लोधी और कई अन्य प्रत्याशियों ने आकार के न केवल अपना माथा टेका बल्कि अपने जीत के लिए प्रार्थना और आशीर्वाद भी प्राप्त किया । जब से श्रीमद् भागवत कथा आयोजित किया जा रहा है तब से पूरे कॉलोनी का वातावरण भक्तिमय हो गया है और निवासियों में अद्भुत ऊर्जा विश्वास की शक्ति देखने को मिल रही है ।महिला और पुरुषों के अलावा अनेकों छोटे बच्चे भी धर्म और ज्ञान को बड़ी विनम्रता के साथ सुनते हुए देखे गए । कार्यक्रम के आयोजक संतोष जी ने कहा की भगवान में श्रद्धा और विश्वास से ही इतना बड़ा कार्यक्रम चल रहा है और अनेकों लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में ईश्वर के आदेश पर वो अपना सहयोग कर रहें है । इस कथा में मीडिया सहयोगी के रूप में हिंदी संवाद न्यूज अपना सहयोग दे रहा है ।

# कानपुर के उद्योगपतियों और शिक्षाविदों ने किया विधानसभा का अवलोकन

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश विधानसभा का अवलोकन करने आज कानपुर से कई विशिष्ट लोग लखनऊ पहुँचे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से भेंट की और विधानसभा के बारे में जानने की उत्सुकता दिखाई। विधानसभा अध्यक्ष चूंकि खुद कानपुर से ताल्लुक रखते हैं और वे विधानभवन की गतिविधियों को अक्सर उन लोगों से साझा करते रहते हैं जिन्हें यहाँ आने का अवसर नही मिल सका है। आज इसी कड़ी में कानपुर सेआए उद्योगपतियों शिक्षाविदों, व्यवसायियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने आज विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मुलाकात करने के साथ ही पूरे परिसर का भ्रमण किया।

## विद्युत पेंशनर्स की मांगों पर पावर कारपोरेशन सहमत,हुई द्विपक्षीय वार्ता

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

विद्युत पेंशनर्स की आज पावर कारपोरेशन के अफसरों के साथ बैठक हुई जिसमें पेंशनर्स की समस्याओ और मांगो पर गहन मंथन हुआ। बैठक काफी सकारात्मक रही। विद्युत पेन्शनर्स परिषद उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि मंडल के साथ संगठन के माँग पत्र पर आज 18 अप्रैल को सायं 5:30 बजे शक्ति भवन में द्रिपक्षीय वार्ता निदेशक कार्मिक प्रबंधन एवं प्रशासन स्तर पर वार्ता सम्पन्न हुई। बैठक में बहुत सी माँगों के समाधान पर सहमति बनी । बैठक में संगठन की तरफ से अध्यक्ष जे एम एल वैश उपाध्यक्ष आरबी लाल , बीबी गोयल , महामंत्री कप्तान सिंह एवं प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य बीबी मिश्रा एवं प्रबंधन की तरफ से अन्य अधिकारी उपस्थिति रहे ।संगठन के महामंत्री कप्तान सिंह ने बताया कि बैठक काफी सकारात्मक रही है।

## खबरें एक नजर में

### विषम सेमेस्टर परीक्षा विशेष बैक पेपर परीक्षा 2022 का परिणाम घोषित

लखनऊ। सचिव प्राविधिक शिक्षा परिषद एफआर खान ने बताया कि कोविड-19 केदुष्प्रभाव के कारण विलम्बित हुए सत्र परीक्षाओं को क्रमिक रूप से समय से कराने के क्रम में प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल द्वारा समयान्तर्गतपरीक्षा संपन्न कराने एवं परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के निर्देश केतारतम्य में प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित विषम सेमेस्टर परीक्षा विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर 05 फरवरी से 25 फरवरी तक प्रदेश के 250 परीक्षा केन्द्रों पर सुचारू एवं शुचितापूर्ण संपन्न हुई तथा अधिनियम में परीक्षा परिणाम हेतु प्राविधानितसमय-सीमा में परीक्षा परिणाम तैयार कराया गया। सचिव ने बताया कि उक्त परीक्षा का परीक्षा परिणाम दिन मंगलवार 18 अप्रैल को अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, सुभाष चन्द शर्मा की अध्यक्षता में आहूत परीक्षा परिणामसमिति द्वारा सर्वसम्मति से घोषित कर दिया गया। परीक्षा में 1,78,691परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 1,74,915 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों में 93,190 परीक्षार्थी पूर्णतः उत्तीर्ण हुए हैं। 74,507 परीक्षार्थी बैक पेपर सहित उत्तीर्णघोषित हुए हैं। अनुचित साधन में आरोपित 82 परीक्षार्थियों का परीक्षापरिणाम परीक्षा समिति द्वारा लिये गये निर्णय के क्रम में रोका गया है,जिस पर आगामी परीक्षा समिति की बैठक में निर्णय लिया जाएगा ।बैठक में निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर के0 राम सदस्य के रूपमें सम्मिलित हुए। संस्थानों एवं छात्र छात्राओं की सुविधा के दृष्टिगतपरीक्षा परिणाम परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### सरोजनी नगर क्षेत्र जनता के साथ-साथ प्रदेश की जनमानस में उनके लिए था अटूट प्रेमः सुषमा खर्कवाल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री और सरोजनीनगर सीट से तीन बार के विधायक शारदा प्रताप शुक्ला का निधन हो गया। वे काफी समय से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज मेदांता अस्पताल में चल रहा था। वहीं उन्होंने मंगलवार को आखिरी सांस ली। वे करीब 77 वर्ष के थे। शारदा प्रताप शुक्ला सरोजनीनगर क्षेत्र के लोकप्रिय नेताओं में गिने जाते थे। सरोजनीनगर के रहीम नगर इलाके के पड़ियाना गांव निवासी शारदा प्रताप शुक्ला ने राजनीति के मैदान में काफी दूरी तय की। शारदा प्रताप शुक्ला सरोजनीनगर विधानसभा सीट से लगातार तीन बार विधायक चुने गए। एक बार उन्हें यूपी सरकार में मंत्री बनाया गया। सरोजनीनगर इलाके के कार्यकर्ता उनके निधन की सूचना के बाद उनके आवास पर पहुंच कर शोक व्यक्त करते हुए इस दुःख भरी घड़ी में परिवार को सांत्वना दी। महापौर प्रत्याशी सुषमा खर्कवाल ने ट्वीट कर पूर्व मंत्री के निधन पर शोक व्यक्त किया, उन्होंने ट्वीट में लिखा कि सरोजनीनगर क्षेत्र के पूर्व विधायक व मंत्री शारदा प्रताप शुक्ला जी के निधन की सूचना पर उनके निलमथा स्थित आवास पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए शोक व्यक्त किया,ईश्वर पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

### लखनऊ जू में तेंदुआ अशोका की बिगड़ी तबीयत, खाना-पीना छोड़ा

लखनऊ। लखनऊ चिड़ियाघर में एक के बाद एक जानवर बीमार होते जा रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले जिराफकी मौत हुई थी। लेकिन अब तेंदुआ अशोका की तबीयत खराब हो गई है। उसने खाना पीना छोड़ दिया है। सूत्रों का कहना है कि उसको बचा पाना अब मुश्किल होगा। तेंदुए को जीवित रखने के सभी प्रयास चिकित्सकों द्वारा किए जा रहे है। दवाओं के साथ-साथ आईवी फ्लूड भी दिया जा रहा है, विगत तीन दिनों में तेंदुए ने किसी भी प्रकार का भोजन ग्रहण नहीं किया है। हालांकि उसको खाने में लगातार में नरम गोश्त और पानी दिया जा रहा है। अशोक का जन्म लखनऊ चिड़ियाघर में 2009 में हुआ था। उसकी मां को मिर्जापुर वन विभाग से रेस्क्यू करके लाई गई थी। पिता को प्रयागराज के कैंट एरिया से रेस्क्यू किया गया था। उसके बाद दोनों को लखनऊ में एक बाड़े में रखा गया। उसके बाद अशोका का जन्म हुआ। अशोका की उम्र मौजूदा समय 14 से 15 साल है। मार्च में भी अशोका की तबीयत खराब हुई थी। हालांकि उस दौरान डॉक्टरों की टीम ने उनको सही कर दिया था। लेकिन अब एक बार फिर से उसकी तबीयत खराब हो गई है। डॉक्टरों का कहना है कि उनकी तरफ से सही करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। हालांकि खाना छोड़ने की वजह से स्थिति खराब है।

### प्रथम श्री एनपी यादव क्रिकेट टूर्नामेंट, अवध स्काई क्रिकेट अकादमी 22 रन से विजयी

लखनऊ। अवध स्काई क्रिकेट अकादमी ने प्रथम स्वर्गीय श्री एनपी यादव क्रिकेट टूर्नामेंट में राइजिंग स्टार क्रिकेट क्लब को 22 रन से मात दी। बाराबंकी के यूके क्रिकेट अकादमी ग्राउंड मौथारी पर खेले गए मैच में अवध स्काई क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में 177 रन बनाये। आदित्य सिंह (16) व जीशान (40) की सलामी जोड़ी ने पारी की शुरुआत की। इसके बाद प्रिंस ने 27, मनीष सिंह ने 12 रन जोड़े। फिर प्रदीप वर्मा ने 22 रन और दसवे नंबर पर उतरे विमल कुमार ने 22 गेंदों पर 6 चौके से नाबाद 32 रन की पारी खेली। राइजिंग स्टार क्रिकेट क्लब से राहुल भारती ने 6 ओवर में 1 मैडन के साथ 31 रन देकर 5 विकेट चटकाए। जवाब में राइजिंग स्टार क्रिकेट क्लब लक्ष्य का पीछा करते हुए 28.1 ओवर में 155 रन ही बना सका और जीत से 22 रन दूर रह गया। टीम के बल्लेबाज कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और अवध स्काई के गेंदबाजों के आगे टिक नहीं सके। राइजिंग स्टार से अमन वर्मा ने सबसे ज्यादा 37 रन बनाये। राहुल भारती ने 25, संघ प्रिया ने 24, आनंद यादव ने 19, अभिनंदन ने 17 व तनिष्क यादव ने 15 रन बनाये लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। अवध स्काई क्रिकेट अकादमी से मैन ऑफ द मैच प्रदीप वर्मा ने 3 विकेट चटकाए।

# अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ द्वारा नवीन शिक्षा नीति 2020 के सापेक्ष्य पाठ्यक्रम का पुनरीक्षण करने की दृष्टि सेकेन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गोमती नगर, लखनऊ में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया ।कार्यशाला के प्रतिभागियों द्वारा विचार व्यक्त करने के बाद अपर मुख्यसचिव, दीपक कुमार ने कहा कि संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा-06 में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए तीन माह का ब्रिज कोर्स रेडीनेस प्रोग्राम के रूप में तय किये जाने की आवश्यकता हैं। विद्यालयों मेंस्मार्ट कक्षाओं की व्यवस्था उपयोगी होगी, इन कक्षाओं में आडियो-विजुअलसुविधाएं शासन की ओर से उपलब्ध करायी जा सकती हैं।अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार द्वारा निर्णय लिया गया कि दो माह में तीनबैठके करके पाठ्यक्रम एवं पाठ्यवस्तु को अन्तिम रूप दिया जायेगा। एतदर्थप्रो0 सर्वनारायण झा निदेशक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ की अध्यक्षता में विशेषज्ञों की एक समिति बनायी जायेगी जो 15 दिन में एक बारकार्यशाला का आयोजन कर अन्तिम रूपरेखा का निर्धारण करेंगी। विशेष सचिव, माध्यमिक शिक्षा जीएस नवीन कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि भारत वर्ष की क्लासिकल भाषाओं का शिक्षण भी कियाजाये तो अन्य प्रदेशों में जाकर रोजगार करने वाले छात्रों को सुविधा होगी। कार्यशाला में निदेशक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गोमती नगर, लखनऊप्रो0 सर्वनारायण झा ने संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों में संचालित प्रथमा से उत्तर मध्यमा स्तर

**कार्यशाला में विशेषज्ञों ने रखें अपने विचार**

तक के पाठ्यक्रम के संबध में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दो बातों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होगी कि प्राचीन ज्ञान, परम्परा का संरक्षण, सम्प्रेषण एवं संवर्द्धन हो तथा पाठ्यक्रमों कीआधुनिक समय में प्रासंगिकता बनी रहे एवं पाठ्यक्रम पूर्ण करने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति भी मिले ।निदेशक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ प्रो सर्वनारायण झा नेसुझाव दिया कि कार्यरत अध्यापकों के भाषायी कौशल को विकसित करने के लिएपुर्नः बौधात्मक प्रशिक्षण की आवश्यकता हैं जिसमें उनका प्रशिक्षण लिखितएवं मौखिक दोनो प्रकार से हो तथा उत्तीण होना अनिवार्य रखा जाये ताकिवह गुणवत्ता पूर्ण पठ्न-पाठन कर सकें। उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, लखनऊ के सचिव राधाकृष्ण तिवारी ने कार्यशाला के प्रतिभागियों को अवगत कराया कि कक्षा 06 मेंप्रवेश लेने वाले छात्रों का भाषाई आधार संस्कृत के क्षेत्र में कमजोरहोने के कारण उन्हें कठिनाई होती हैं। सम्प्रति बोर्ड द्वारा प्रत्येकविषय के लिए पुस्तकों के रूप में विषय सामग्री की उपलब्धता पर्याप्त नही हैं। इसलिए कक्षा के अनुरूप निर्धारित अंश मोटे-मोटे से लेकर पुस्तक का रूप दिये जाने से छात्रों को पढ़ने, समझने व स्वःमूल्यांकन में सुविधा होगी। सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रो0 राम किशोर त्रिपाठी नेअपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शास्त्र शिक्षण को बहुत आधुनिक बनाने की आवश्यकता नही अन्यथा सामान्यीकरण से मूल तत्व समाप्त होने कीसम्भावना बढ़ जाएगी। श्री शारदा संस्कृत महाविद्यालय लखनऊ के प्राचार्य पंचानन्द झा ने इसबात पर बल दिया कि पाठ्यक्रम छात्रपरक एवं शास्त्रपरक रखने की आवश्यकताहैं । अंग्रेजी जैसे विषय को विद्यार्थियों के लिये ऐच्छिक रूप में रखाजाये तथा विद्यालयों में अध्यापको की कमी के लिये स्वीकृत पदों की संख्याबढाने की आवश्यकता हैं। यदि प्रथमा स्तर के पूर्व मध्यमा स्तर के एवं उत्तर मध्यमा स्तर के विद्यालयों के लिये स्वीकृत सभी पदों को विद्यालयके लिये स्वीकृत कर दिया जाये तो सभी विषयों के अध्यापक वहां उपलब्ध होसकेंगे ।कार्यशाला में 30 विशेषज्ञों ने प्रतिभाग कर अपने विचारो से लाभान्वितकिया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ के सचिवराधाकृष्ण तिवारी के कृतज्ञता ज्ञापन के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने यूपी को भेजा नोटिस

लखनऊ। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने माफिया-नेता अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की प्रयागराज में पुलिस अभिरक्षा में हत्या को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस को नोटिस जारी किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक और प्रयागराज के पुलिस आयुक्त को जारी अपने नोटिस में आयोग ने उनसे चार सप्ताह के भीतर इस संबंध में रिपोर्ट मांगी है। नोटिस में कहा गया है कि रिपोर्ट में हत्या के सभी पहलुओं मृतक के चिकित्सा-कानूनी प्रमाण पत्रों की प्रतियां, पंचनामा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, पोस्टमार्टम जांच की सीडीध्कैसेट, घटनास्थल का खाका और मजिस्ट्रेटी जांच रिपोर्ट को शामिल किया जाए ।बता दें कि अहमद और अशरफ को पत्रकारों के भेष में आए तीन लोगों ने शनिवार की रात मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान उस समय गोली मार दी थी।

# फील्ड पर सम्बन्धित अधिकारी भ्रमणशील रहकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करें: मण्डलायुक्त

**नगरीय निकाय चुनाव**

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

मण्डलायुक्त डा. रोशन जैकब ने सामान्य नगरीय निकाय निर्वाचन के व्यवस्था और तैयारियों के सम्बन्ध में वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मण्डल के समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों व जिलाधिकारियों, पुलिस अधिक्षकों के साथ बैठक आहूत की गई। इस अवसर पर आईजी तरूण गाबा, संयुक्त पुलिस आयुक्त लखनऊ उपेन्द्र कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे। मण्डलायुक्त ने बताया कि मण्डल के जनपदों में 1536 मतदान केन्द्र और 5177 बूथ बनाये गये है। जिसके माध्यम से मतदाता अपने मतों का प्रयोग कर सकेंगे। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सामान्य नगरीय निकाय निर्वाचन को निष्पक्ष पार्दशिता के साथ सकुशल तरीके के साथ सम्पन्न कराये। उन्होंने मतदान कार्मिकों कि मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने लाइसेंसी शस्त्रों का सत्यापन व मतदान केंद्रों के पास बैरीकेटिंग और नियमित रूप से वाहनों की चेकिंग कराते रहे। मंण्डलायुक्त ने कहा कि संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों का पूर्व में ही निरीक्षण करते हुए सावधानी बरतें। मतदान केन्द्रों पर पानी बिजली आदि की व्यवस्था समय से पूर्व ही सुनिश्चित किया जाये। मण्डलायुक्त ने



कहा कि प्रत्याशियों का आंकलन करके सुनिश्चित करा ले कि अगर किसी प्रत्याशी को सुरक्षा गार्ड (सिक्योरटी) की आवश्यकता है तो उसे तत्काल उपलब्ध करा दें। यदि किसी क्षेत्र में गलत एक्टीविटी मिलती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही की जाये। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा बताया गया कि मतदान कार्य हेतु पर्याप्त संख्या में फोर्स का आंकलन करते हुये संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में फोर्स तैनात करते हुये चौकसी बर्ती जायेगी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन कार्य में वाहनों, फोन, सेटलाइट फोन आदि चीजों का आंकलन करते हुये समय से अवगत कराया जाये ।

# अतीक अहमद के वकील के घर पर बमबाजी की घटना से पुलिस ने किया इनकार

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

माफिया अतीक अहमद के वकील विजय मिश्रा के घर पर बम फेंकने की घटना से पुलिस ने इनकार किया है। पुलिस ने प्रेस नोट जारी करते हुए कहा कि भ्रामक खबरे न चलाए। बता दें कि प्रयागराज में कर्नलगंज क्षेत्र की कटरा गोबर गली में देसी बम फेंके गए है। पुलिस ने जाचं के बताया कि दो पक्षों में आसपी विवाद के चलते यह घटना कारित की गई है। मौके पर कोई हताहत नहीं हैं। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि अतीक अहमद के वकील के घर पर हमले की बात पूर्णता असत्य है। पुलिस ने मीडिया से अनुरोध किया है कि कृपया भ्रामक खबर न प्रसारित करें। पुलिस ने बताया कि अभी तक घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। सहायक पुलिस आयुक्त (शिवकुटी) राजेश कुमार यादव ने बताया कि कर्नलगंज थाना क्षेत्र में अंतर्गत कटरा की गोबर गली में कुछ युवकों ने आपसी रंजिश के चलते बम फेंका था। जिसमें संयोगवश अतीक अहमद के वकील दयाशंकर मिश्रा के मकान के सामने विस्फोट हुआ। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने कहा, स्थानीय लोगों के मुताबिक, हर्षित सोनकर नाम के युवक का रौनक, आकाश सिंह और छोटे के साथ पैसे को लेकर कुछ विवाद था और इस कारण सोनकर ने रौनक, आकाश और छोटे का पीछा करते हुए उनपर देसी बम फेंका। यादव ने बताया कि संयोगवश बम वकील दयाशंकर मिश्रा के मकान के सामने गिरा। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि सोनकर बम फेंककर वहां से फरार हो गया। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की जा रही है और जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी। बता दें कि प्रयागराज के माफिया डॉन अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी। प्रयागराज में मेडिकल के लिए ले जाते समय गोली मारकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया। दोनों के हाथों में हथकड़ी लगी हुई थी। तीन हमलावरों ने अतीक के सिर में गोली मारी और अशरफ के भी सिर में गोली लगी। हमलावरों ने कई राउंड फायरिंग की। गोली मारने के बाद तीनों हमलावरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हमलावर के गले में आईडी कार्ड लटका हुआ था।

# निकाय चुनाव में बसपा ने झोंकी ताकत, मुस्लिमों को टिकट देने में सपा से निकली आगे

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव के पहले चरण के लिए चुनावी बिसात बिछ गई है तथा अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पूर्व निकाय चुनाव में विभिन्न राजनीतिक दलों का प्रदर्शन काफी कुछ सियासी संकेत देगा। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने ऐसा दांव चला है कि जिसने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और खास तौर पर समाजवादी पाट (सपा) के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है।

बसपा मुस्लिमों को टिकट देने के मामले में सपा पर भारी पड़ी है। नगर निगम चुनाव और लोकसभा चुनाव की परिस्थितियां और मुद्दे बिल्कुल अलग-अलग होते हैं, लेकिन जो दल इन चुनावों में बढ़त बनाने में सफल रहेगा वह सियासी ‘माइंड गेम के सहारे वोटरों पर काफी हद तक मनोवैज्ञानिक दबाव डालने में सफल रहेगा। वैसे तो कई निकाय चुनावों में भाजपा और सपा के बीच ही मुख्य मुकाबला देखने को मिलता था, लेकिन इस बार बसपा ने बड़ी संख्या में मुस्लिम प्रत्याशियों को उतार कर सपा के मुस्लिम वोट बैंक में सेंधमारी की जबर्दस्त तैयारी की है, जबकि एक समय वह भी था जब बसपा निकाय चुनाव अपने सिम्बल तक पर नहीं लड़ती थी, परंतु इस बार उसने निकाय चुनाव में दबदबा बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। बसपा ने ऐसा दांव चला है जिसने भाजपा और खास तौर पर सपा के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है। सपा यादव-मुस्लिमों के मजबूत वोट बैंक के सहारे चुनाव लड़ती और जीतती है, लेकिन बसपा इसमें से मुस्लिम वोटों पर अक्सर डोरे डालने में कामयाब हो जाती है। यही काम बसपा इस बार भी जोरशोर से करने जा रही है। बसपा ने प्रथम चरण के चुनाव जो 04 मई को होने हैं इसमें 60 प्रतिशत मुस्लिम उम्मीदवारों पर दांव लगाकर सपा की राह में कांटे खड़े कर सकती है। बसपा हालांकि इससे इंकार कर रही हैं। ऐसा माना जा रहा है कि मुस्लिमों ने सपा के साथ रह कर देख लिया है उन्हें कुछ हासिल नहीं हुआ। इसलिए उनका बसपा की तरफ झुकाव बढ़ रहा है। हाल ही में सम्पन्न लोकसभा के उप-चुनाव में यह बात साबित भी हो चुकी थी। आजमगढ़ में बसपा ने अच्छे खासे मुस्लिम वोट पाए थे, भले ही बसपा जीत नहीं पाई थी, लेकिन सपा को भी हार का सामना करना पड़ा था। जानकार भी कह रहे हैं कि बसपा का समीकरण ही सबसे हिट है। नगर निकाय चुनाव में बसपा ने पहले चरण में महापौर पद के लिए 60 प्रतिशत टिकट मुस्लिम उम्मीदवारों को दिए हैं। नामांकन पत्र भरने का सोमवार (17 अप्रैल) को अंतिम दिन था। इस दिन बड़ी संख्या में पर्चे भरे गए। 10 नगर निगमों में महापौर पद के लिए आखिरी दिन 93 उम्मीदवारों ने पर्चे दाखिल किए, जबकि पार्षद पद पर 4,092 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे। इसके बाद यह साफहो गया कि बसपा ने बड़ी संख्या में मुस्लिम प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने अपनी मंशा स्पष्ट जता दी है कि वह मुस्लिम-दलित समीकरण पर मजबूती से काम करेंगी। पार्टी को उम्मीद है कि यदि दलित और मुस्लिम वोटर साथ आ गए तो कई सीटों पर बसपा की नैया पार लग सकती है। तमाम सीटों पर मंथन के बाद बसपा ने पहले चरण के नामांकन पत्र भरने के अंतिम दिन महापौर पद के प्रत्याशियों की सूची जारी की। जानकारों के मुताबिक सूची भले ही 17 अप्रैल को जारी की गई हो, पर इनमें से कुछ उम्मीदवारों ने पहले ही सिंबल लेकर नामांकन पत्र भर दिए थे। पहले चरण में दस सीटों पर महापौर पद के लिए चुनाव होगा। बसपा ने दस में से छह मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में उतारकर अपना गणित साफ कर दिया है। इन छह सीटों पर तो पूरा फोकस दलित -मुस्लिम गठजोड़ पर ही रहने वाला है। बसपा थिंक टैंक की मंशा है मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर उसका और सपा का मुकाबला कड़ा हो जाएं। पिछले चुनाव की बात करें तो उक्त दस नगर निगमों में महापौर पद के लिए हुए चुनाव में बसपा मात्र तीन स्थानों पर ही मुख्य मुकाबले में दिखी थी। केवल आगरा, झांसी और सहारनपुर में बसपा उम्मीदवार पिछले साल दूसरे स्थान पर रहे थे। सात मुकाबलों में बसपा उम्मीदवार सीधी टक्कर में ही नहीं थे। खास तौर पर जिन छह निगमों में इस बार बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी उतारे हैं उनमें से चार में पिछली बार बसपा उम्मीदवार टॉप तीन में भी जगह नहीं बना सके थे। फिरोजाबाद, प्रयागराज, मुरादाबाद व वाराणसी में बसपा तीसरे स्थान तक भी ठहर नहीं सकी थी। बसपा के दस निगमों के उम्मीदवारो में आगरा से लता, मथुरा से राजा मोहतासिम अहमद, फिरोजाबाद से रुखसाना बेगम, झांसी से भगवान दास फुले, सहारनपुर से खादिजा मसूद, लखनऊ से शाहीन बानो, वाराणसी से सुभाष चंद्र माझी प्रयागराज से सईद अहमद मुरादाबाद से मोहम्मद यामीन और गोरखपुर से नवल किशोर नाथानी शामिल हैं। उधर, भाजपा इस बार भी मुस्लिम प्रत्याशियों को मैदान में उतारने के लिए आगे नहीं आई। उसके द्वारा जारी लिस्ट में गोरखपुर से डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, प्रयागराज से उमेश चंद्र वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से अशोक तिवारी को मेयर पद का उम्मीदवार बनाया गया है। फिरोजाबाद से पार्टी ने कामिनी राठौर, आगरा से हेमलता दिवाकर, लखनऊ से सुषमा खरकवाल को उम्मीदवार बनाया गया है। सहारनपुर से डॉ अजय कुमार को, मथुरा-वृन्दावन से विनोद अग्रवाल को, झांसी से चतुर्भज आर्य को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने कई मौजूदा मेयरों के टिकट काटकर नए चेहरों पर दांव लगाया है और जातीय समीकरण का भी ख्याल रखा है। पार्टी ने दस में से छह उम्मीदवार सवर्ण समुदाय से उतारे हैं तो दलित और ओबीसी को सिर्फ उनके लिए आरक्षित सीटों से उतारा है। पार्टी ने अपने कोर वोट बैंक और शहर के सियासी समीकरण को देखते हुए सवर्ण समुदाय पर ही सबसे बड़ा भरोसा जताया है. बीजेपी ने अपने ज्यादातर मौजूदा मेयरों को टिकट नहीं दिए हैं और उनकी जगह पर नए चेहरों को उतारा है और संगठन से जुड़े पुराने व वफादार नेताओं को तवज्जो दी है. ऐसे में देखना है कि अब बीजेपी क्या अपना पुराना प्रदर्शन दोहरा पाएगी?

# आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें त्यौहार : डीएम

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डा0 उज्वल कुमार की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार कक्ष में ईद का त्यौहार सकुशल एवं शांतिपूर्ण तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी।

जिलाधिकारी ने कहा कि ईद के त्यौहार के अवसर पर सभी धर्मगुरूओं से अपेक्षा की जाती है कि सभी धर्मसमुदाय के लोग आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण को बनायें रखें।

- सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखने के निर्देश
- आपत्ति जनक पोस्ट करने वालों पर होगी कानूनी कार्यवाही

सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जाय। कोई भी आपत्ति जनक पोस्ट करने पर उसके खिलाफ तुरन्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सभी एसडीएम व पुलिस क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में शांति व्यवस्था का निरीक्षण कर लें। उन्होंने सभी अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि शहर में साफ-सफाई व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कर लें, ताकि त्यौहार में किसी प्रकार का व्यवधान न आने पाये। इसी प्रकार अधिशाषी अधिकारी विद्युत को भी निर्देशित किया है कि जनपद में विद्युत की सप्लाई सुचारू रूप मिलनी चाहिये।



उन्होंने कहा कि ईद के त्यौहार को हम मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें। इसमें सर्वसमाज की सहभागिता होनी जरूरी है। सभी स्वस्थ्य मन एवं भाईचारे के साथ त्यौहार का आनन्द उठायें। कोई भी कार्य परम्परा से हट कर न किया जाये। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आपस में न उलझे उसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन/पुलिस प्रशासन को दें, ताकि मौके पर पहुंचकर समस्या का निदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि किसी समाज का त्यौहार हम सब के लिये एक है, चाहे वह जिस धर्म का हो। प्रशासन/पुलिस प्रशासन सबके साथ है आप सबका सहयोग अपेक्षित है।

बैठक में मौजूद सभी धर्मों के लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कहा कि कोई समस्या हो, तो आप सब पुलिस प्रशासन को अवगत करायें।

उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में लॉइन एण्ड आर्डर को बनाये रखा जाय, जिससे कोई अप्रिय घटना न हो सके। जिलाधिकारी ने समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक थाना को निर्देशित किया है कि ईद के त्यौहार पर जनपद में कोई घटना होने की शिकायत संज्ञान में न आये। ऐसे प्रकरणों में पुलिस शख्ती से पेश आये। आगामी त्यौहारों में सुरक्षा को मद्दे नजर रखते हुए किसी प्रकार कोताही न बरती जाये।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी गोण्डा, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त थानाध्यक्ष जनपद गोण्डा सहित नगर के सम्भ्रान्त नागरिक तथा सभी समुदाय के धर्मगुरु आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस ने गुमशुदा मंदबुद्धि बालक को परिजनों से मिलाया

कटरा बाजार/गोण्डा,समृद्धि न्यूज।

प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार मनोज कुमार राय के कुशल निर्देशन में हेड कांस्टेबल मृत्युंजय गुप्ता चौकी माधवपुर को सोमवार को चौकी माधवपुर क्षेत्र में पैदल गस्त/क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक गुमशुदा व्यक्ति इधर उधर घूमता दिखाई पड़ा। जिससे पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम सूरज कुमार निवासी संतकबीरनगर बताया जो करीब 1 हफ्ता पहले बिना बताये अपने घर से चला आया था।

यूपी पुलिस के सी-प्लान एप्लिकेशन की मदद से उस व्यक्ति के सम्बन्ध में जानकारी किया गया तो वह ग्राम साखी पोस्ट रेवटा थाना महुली जनपद संतकबीरनगर के निवासी होने की जानकारी मिली। सी प्लान एप्लिकेशन के माध्यम से ग्राम प्रधान व उनके पिता को सूचना दी गयी थी।

सूचना पाकर मंगलवार को गुमशुदा सूरज को उसकी बहन मीना देवी पत्नी आशुतोष कुमार निवासी नोकटा थाना महूली जनपद संतकबीरनगर को अन्य संभ्रांत व्यक्तियों की उपस्थिति में सुपुर्दगी में दिया गया।

अपने भाई को सकुशल पाकर उनकी बहन ने खुशी जाहिर करते हुए पुलिस की भूरी भूरी प्रशंसा की। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल मृत्युंजय गुप्ता, कांस्टेबल दिनेश चौहान, अभिषेक प्रजापति, कांस्टेबल नंदलाल गौण आदि मौजूद रहे।

# चोरों ने दो घरों से लाखों की नकदी व जेवरात उड़ाए

इटियाथोक/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज।



थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में बीती रात अज्ञात चोरों ने दो घरों को अपना निशाना बनाया है। चोर यहां से हजारों की नगदी व लाखों के जेवरात चुरा ले गए। पीड़ितों ने तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने व घटना का अतिशीघ्र खुलासा करने की मांग की है। इटियाथोक थाना क्षेत्र के गोसेंद्रपुर कोल्हुआ गांव निवासी राजेश तिवारी ने बताया कि बीती रात अज्ञात चोर छत के सहारे घर में घुस आए और कमरे में रखें बक्सों का ताला तोड़कर चालीस हजार नगदी समेत लाखों के गहने चुराकर फरार हो गए।

चोरों ने इसी रात अयाह पंचायत के मजरा भड़जोतिया में चोरी बड़ी वारदात को अंजाम देकर पुलिस के रात्रि गश्त पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। पीड़िता शाहजहां ने बताया कि बीती रात अज्ञात चोर सहन दरवाजे की कुंडी काटकर कमरे में घुस आए और बक्से का ताला तोड़कर एक लाख सत्तर हजार रुपए नगद व सोने चांदी के कीमती जेवरात उठा ले गए। रात्रि 2:00 बजे के करीब आंख खुली तो घटना की जानकारी हुई। जिसकी सूचना डायल 112 पुलिस को देने साथ ही स्थानीय थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पीड़िता के मुताबिक आगामी 6 मई को लड़की की शादी होनी थी मोटरसाइकिल सहित अन्य सामान की खरीदारी हेतु घर में एक लाख सत्तर हजार रुपए नगद व लड़की को देने के लिए बनवाए गए जेवर रखे हुए थे। जिसको बीती रात अज्ञात चोरों ने चुराकर शादी की खुशियों को मायूसी में तब्दील कर दिया। फिलहाल गोसेंद्रपुर व भड़जोतिया में हुई चोरी की बड़ी वारदात से आसपास गांव के लोग काफी डरे व सहमे हुए हैं। अज्ञात चोर एक के बाद एक चोरी की वारदात को अंजाम देकर लोगों में डर का माहौल पैदा कर रहे हैं।



## सिटी मजिस्ट्रेट के प्रयास से गोण्डा स्वच्छता की ओर अग्रसर

गोंडा, समृद्धि न्यूज। यह तस्वीर कहीं और की नहीं गोंडा नगर की है, जिस गोंडा को पूर्व के वर्षों में सबसे गंदा शहर के रूप में घोषित किया गया था। आज वहीं गोंडा ने अपनी सूरत बदल दी। वहीं बताते चलें कि पूर्व के वर्षों में स्वच्छता रैंकिंग, नगर क्षेत्र में साफ-सफाई को लेकर जनपद गोंडा को पूरे प्रदेश में सबसे गंदा शहर घोषित किया गया था। लेकिन गंदा शहर घोषित होने के बाद जनपद गोंडा के अधिकारियों व नगर पालिका परिषद के कर्मचारी और अधिकारियों ने भी ठान लिया कि एक समय ऐसा आएगा जब जनपद गोंडा भी अपने आपको चमकता हुआ शहर के रूप में प्रदेश में स्थान हासिल करेगा। समय बीता नगर निकाय से संबंधित अधिकारी कर्मचारी ने दिन-रात लग करके मेहनत की और अभी जल्द ही रैंकिंग में हमारे जनपद गोंडा को अच्छी रैंकिंग भी प्राप्त हुई। यह तस्वीर है गोंडा नगर की साफ-सफाई और सच्चाई बयां कर रही हैं। नगर मजिस्ट्रेट/ प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय अर्पित गुप्ता के निर्देशन में नगर पालिका परिषद गोंडा विगत महीनों से चमकते हुए शहर के दर्जे में चार चांद लगा चुका है। नगर मजिस्ट्रेट/ प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय गोंड अर्पित गुप्ता ने बताया कि नगर को चमकाने के लिए एक छोटा सा प्रयास नगरपालिका के कर्मचारियों के साथ किया गया है जो हम सबके सामने है, ये तस्वीरें बयां कर रही हैं। आने वाले समय में गोंडा नगर को और बढ़िया शहर बनाने के लिए हम लोग मेहनत कर रहे हैं।

# अभियान से पॉलिथीन के इस्तेमाल में आई कमी

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

नेचर क्लब गोण्डा के बैनर तले हलधरमऊ के बाबा बटौरा मंदिर पर हर मंगलवार को लगने वाले मेले को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने के लिए पिछले मंगलवार को जागरूकता अभियान की शुरुआत हुई थी जिमसें जिम्मेदार धरतीवासियों ने लोगों व दुकानदारों से पॉलिथीन, थर्माकोल, प्लास्टिक के गिलास आदि न रखने की अपील किया था। मंदिर के महंथ श्री स्वामीनाथ, श्री कैलाशनाथ, श्री मोहित आदि ने भी नेचर क्लब फाउंडेशन के साथ दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक न रखने की सख्त हिदायत दिया।




अभियान के संयोजक नेचर क्लब के दुर्गेश कश्यप ने बताया कि इस सप्ताह मेले में पॉलिथीन के इस्तेमाल में भारी कमी दिखाई दी, अधिकतर दुकानदारों ने या तो झोला रख लिया या भक्तों को पॉलिथीन देने से मना किया जबकि कुछ दुकानदार चोरी-छिपे पॉलिथीन देते भी रहे। अभिषेक दुबे ने बताया कि अभी निरंतर अगले कई मंगलवार तक यह अभियान जारी रहेगा व जिला प्रशासन से भी वे अनुरोध करेंगे कि जो लोग बार बार समझाने पर भी नहीं मान रहे उनपर जुर्माना किया जाए ताकि मेला क्षेत्र पूर्ण रूप से सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त हो सके। प्रसिद्ध नाथ ने बताया कि इस बार भी अभियान के अंतर्गत दर्जनों लोगों से प्रेमपूर्वक पॉलिथीन जब्त किया गया व उनसे पॉलिथीन को हटाने व झोला लेकर घर से निकलने व अपनी धरती को बचाने का अनुरोध किया। सुमित दुबे ने बताया कि इस बार बहुत सारे लोग भी जागरूक दिखे और उन्होंने उन दुकानों से मिठाई नहीं लिया जिन्होंने पॉलिथीन रखा हुआ था। महंत कैलाशनाथ जी व मोहित जी ने बताया कि वे स्वयं लगातार दुकानदारों को पॉलिथीन, थर्माकोल आदि हटाने के लिए सख्ती से कह रहे हैं ताकि इन अमर प्लास्टिकों से अपनी मां स्वरूप धरती व नदियों का अपमान रुके व मां प्रकृति क्रोधित न हों।

## खबरें एक नजर में

### अनियंत्रित बाइक की चपेट में आकर महिला घायल

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। गोण्डा-बलरामपुर रोड पर इटियाथोक कस्बा स्थित प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के समीप सड़क किनारे जा रही बुजुर्ग महिला अनियंत्रित बाइक की चपेट में आकर चोटिल हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचित कर चोटिल महिला को ई-रिक्शा से निजी चिकित्सक के यहां उपचार के लिए भेजा है। मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को दोपहर में तीन प्रवासी महिलाएं सिर पर लकड़ी लेकर सड़क किनारे जा रही थी। जैसे ही कस्बा स्थित प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के निकट पहुंची कि गोण्डा की तरफ से आ रहा बाइक सवार ने अनियंत्रित होकर एक महिला को ठोकर मार दी जिससे महिला सड़क पर गिरकर चोटिल हो गई। बता दें कि कस्बे में संचालित ऑटो पार्ट की दुकानों पर रिपेयरिंग के लिए आने वाले वाहन पटरियों पर तितर-बितर खड़े रहते हैं जो हादसों को दावत दे रहे हैं। करीब एक वर्ष पूर्व इसी स्थान पर बाइक सवार के अनियंत्रित हो जाने से पीछे की सीट पर बैठी करुवापारा गांव निवासी दो महिलाएं सड़क पर गिरकर रोडवेज बस की चपेट में आ गई थी जिससे दोनों की दर्दनाक मौत हो गई थी। इसके बावजूद जिम्मेदार प्रशासन नहीं चेत रहा है।

### लेखन सामग्री किट तैयारी कार्य का जिलाधिकारी ने लिया जायजा



बहराइच, समृद्धि न्यूज। नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को सकुषल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत कृषि भवन सभागार बहराइच में लेखन सामग्री थैला/किट तैयारी कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप निदेषक कृशि टीपी. शाही ने बताया कि निकाय निर्वाचन हेतु 451 लेखन सामग्री किटों/थैलों की तैयारी का कार्य गतिमान है। प्रत्येक थैले/किट में 34 प्रकार के लिफाफों, विभिन्न प्रकार के 20 प्रपत्रों की बण्डलिंग का कार्य किया जा रहा है। डीएम डॉ. चन्द्र ने निर्देश दिया कि निर्वाचन कार्यों को सम्पादित कराने में लेखन सामग्री की सही-सही मात्रा तैयार कर मतदान पार्टियों को समय से उपलब्ध कराना अतिमहत्तवपूर्ण कार्य है। डीएम ने डीएम डीडी एग्री से अपेक्षा की पूर्व में सम्पन्न हुए पंचायत निर्वाचन की भांति नगर निकाय निर्वाचन हेतु थैले एवं किट की तैयारी का कार्य त्रुटिरहित तरीके से सम्पन्न कराएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह, सचिव कृशि उत्पादन मण्डी समिति डी.पी. सिंह, उपसंभागीय कृशि प्रसार अधिकारी सदर उदय षंकर सिंह, वरिश्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए कुलदीप वर्मा, अजय यादव, अरविन्द षर्मा, नीरज गिरि, राम सिंह, वरिष्ठ सहायक गुलाम रसूल सहित लेखन सामग्री का थैला/किट तैयारी कार्य में लगे कार्मिक मौजूद रहे।

# ताऊ ने रिश्ते को किया शर्मसार, मासूम लखनऊ रेफर




- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर ताऊ को हिरासत में लिया
- एसपी और एएसपी ने जाना मासूम का हाल

### पुलिस ने आरोपी को दबोचा

दो साल की मासूम के साथ रिश्तों को शर्मसार करने वाले ताऊ के खिलाफ पुलिस ने मां की तहरीर पर रात में ही मुकदमा दर्ज कर लिया था। वहीं पुलिस की दो टीमें बनाकर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही थी। थाना प्रभारी राजकुमार पांडेय ने बताया ताऊ के विरुद्ध दुष्कर्म करने और पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच चल रही है। पूछताछ और जांच के बाद आरोपी को जेल भेजा जायेगा।

### पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

एएसपी नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि दो वर्षीय मासूम के साथ उसके ताऊ ने लैंगिग अपराध किया है। आरोपी पर दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। कार्रवाई की जा रही है।

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के पयागपुर थाना क्षेत्र में रिश्ते को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। एक गांव निवासी दो वर्षीय मासूम बच्ची के प्राइवेट पार्ट में उसके ताऊ ने बदनीयत से ही चोट किया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। मासूम बच्ची को जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने आरोपी ताऊ के विरुद्ध दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पयागपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक दो वर्षीय मासूम सोमवार की रात अपने बड़े पापा (ताऊ) के सुरक्षित हाथों में थी। जिससे मासूम के माता-पिता भी भयमुक्त थे। लेकिन मासूम के माता-पिता को नहीं पता था, कि जिन हाथों में मासूम को सौंपा है, वह हाथ कलयुगी हैं। कलयुगी ताऊ सन्नाटा होते ही मासूम को खिलाने के बहाने सूनसान में ले गया और अपनी हवस मिटाने के लिए उसके साथ गलत हरकत की। कलयुगी ताऊ ने मासूम के निजी अंगो के साथ अश्लील हरकत की, जिससे मासूम बिलख उठी। मासूम को चींखता देख ताऊ उसे मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। खून से लथपथ रोती हुई बच्ची को जब परिजनों ने देखा, उनके पैरों तले जमीन खिसक गयी। अनहोनी की आशंका में परिजनों ने उससे पूंछा तो उसने तोतली भाषा और इशारे में उसके साथ हुए कृत्य की जानकारी दी तो पूरा परिवार चींख पड़ा। आनन-फानन में परिजन ने इसकी सूचना पुलिस को दी।घटना के बाद ताऊ फरार हो गया। परिवार के लोगों ने बालिका को सीएचसी में भर्ती कराया। यहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान रक्तस्राव काफी होने और हालत में सुधार न होने पर बच्ची को लखनऊ रेफर कर दिया गया। उधर घटना की जानकारी होने पर रात में ही जिला अस्पताल में पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी आनंद राय ने मौके का मुआयना किया।

# डीएम ने सीओ से जांच कर मुकदमा दर्ज करने का दिया निर्देश

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- महिला होमगार्ड से सात माह तक धमकी देकर दुष्कर्म करने का मामला

### सुलह का दबाव बना रहे कोतवाल

महिला होमगार्ड ने बताया कि वह विभाग में ही तैनात है लेकिन पुलिस उसका मुकदमा दर्ज करने के बजाए सुलाह करने का दबाव बना रही है वह काफी परेशान है। न्याय के लिए भटक रही है।

महिला थाने में तैनात एक होमगार्ड से कोतवाली देहात के चौकीदार ने 7 माह तक धमकी देकर यौन शोषण किया। महिला जवान के साथ यौन शोषण करते हुए साथी जवानों ने पकड़ भी लिया था। इसके बाद भी कोतवाली देहात पुलिस मुकदमा दर्ज नहीं कर रही है। जिले के महिला थाने में 30 वर्षीय महिला होमगार्ड की तैनाती है। महिला होमगार्ड ने जिलाधिकारी दिनेश चंद्र को मंगलवार को शिकायती पत्र दिया। डीएम ने सीओ सिटी से जांच कराकर मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया। पत्र में होमगार्ड का कहना है कि उसके साथ कोतवाली देहात में तैनात चौकीदार नन्हे लाल जुलाई 2022 से यौन शोषण कर रहा हैं। उसका कहना है कि वह मृतक आश्रित पर नौकरी कर रही थी ऐसे में नौकरी से निकालने की धमकी देकर व निरंतर यौन शोषण करने के साथ उससे रुपए की वसूली कर रहा था। पांच अप्रैल को यौन शोषण के दौरान साथी होमगार्डों ने रंगे हाथ पकड़ा था। जिस पर महिला होमगार्ड ने कोतवाली देहात में चौकीदार को नामजद करते हुए तहरीर दी थी। साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1090 पर शिकायत की थी। लेकिन प्रभारी कोतवाल संतोष कुमार यादव और उसके बाद ड्यूटी पर आए आर के पांडे द्वारा महिला होमगार्ड का मुकदमा नहीं दर्ज किया जा रहा है। डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर को जांच का मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है साथ ही एसपी से फोन कर वार्ता की।

# पोस्टमार्टम कराने की बात पर पुलिस से भिड़े परिवार के लोग

- रात में सड़क हादसे में साइकिल सवार की हुई मौत

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

नानपारा बहराइच मार्ग पर सोमवार रात को साइकिल सवार की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। इस पर राम गांव थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार के लोगों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार करते हुए पुलिस से बवाल शुरू कर दिया। अस्पताल में देर रात तक हंगामा चला। अंत में पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत झांसा बनवारी गांव निवासी सियाराम (38) पुत्र खुनखुन प्रसाद रिसिया मोड़ साइकिल से गया था। सोमवार रात नौ बजे के आसपास वह साइकिल से वापस अपने घर आ रहा था। नानपारा बहराइच मार्ग पर सोहरवा गांव के पास साइकिल सवार पहुंचा। तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे सियाराम गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने सियाराम को मृत घोषित कर दिया। इस पर राम गांव थाने से आए सिपाही अर्जुन कुमार और अन्य ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू की। इस पर परिवार के लोग नाराज हो गए। सभी ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार करते हुए अस्पताल में इमरजेंसी के सामने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पाकर चौकी इंचार्ज अस्पताल विनय मिश्रा भी पहुंच गए। पुलिस ने मृतक के परिवार के लोगों को समझाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि कुछ लोगों ने हंगामा शुरू किया था। बाद में मामला शांत हो गया।



# अज्ञात कारणों से लगी फूस के तीन मकानों में आग से गृहस्थी जलकर राख

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जनपद के शिवराजपुर गांव में देर रात को अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें तीन घरों की गृहस्थी पूरी तरह से जलकर राख हो गई है। दो लाख से अधिक का नुकसान आग लगने से हुआ है। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कैद बाग के मजरा शिवराजपुर निवासी मैकूलाल सोमवार को खाना खाने के बाद परिवार समेत सोने की तैयारी कर रहे थे। तभी अज्ञात कारणों से मैकूलाल के फूस के मकान में आग लग गई। हवा चलने के चलते लपटें तेज उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने पड़ोसी हीरालाल और तुलसीराम के मकान को चपेट में ले लिया। तीनों मकान धू धू कर जल गए। आग लगने की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा पुलिस बल के साथ पहुंचे। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। तीन घरों में रखी गृहस्थी पूरी तरह से जलकर राख हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक दो लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। ग्राम प्रधान की सूचना पर राजस्व लेखपाल ने गांव पहुंचकर क्षति का आंकलन किया है। एसडीएम महेश कुमार कैथल ने बताया कि क्षति रिपोर्ट मिलने के बाद पीड़ितों को आर्थिक सहायता राशि दी जाएगी। पयागपुर क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम तेंर्रे दाखिला खजुरार स्थित बुधराम पुत्र सुमिरन,उत्तम पुत्र राकेश के घर में अचानक विद्युत शॉर्ट सर्किट से आग लग गई जिससे बुद्धि राम व उत्तम का घर पूर्ण रूप से जलकर राख हो गया और छप्पर के नीचे रखा भूसा गेहूं तथा अन्य सामग्री भी जल गई साथ ही उत्तम की एक साइकिल व 14 दिन का बछड़ा भी जल गया। जब इसकी जानकारी गांव वालों को हुई तो सभी लोगों ने मिलकर आग को पानी की सहायता से बुझाया। जब सूचना पुलिस को मिली तो तुरंत ही मौके पर थाना प्रभारी राजकुमार पांडेय दल बल के साथ पहुंचकर गांव वालों की मदद से लगी आग को बुझवाया।

# जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम के लिए चयनित स्थल का लिया जायजा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 अन्तर्गत नगर पालिका परिषद बहराइच एवं नगर पंचायत रिसिया हेतु पोलिंग पार्टियों की रवानगी, स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कार्य के लिए चयनित किए गए स्थलों एवं कक्षों का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने अपर जिलाधिकारी अनिरूद्ध प्रताप सिंह, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी संजीव सिंह, सचिव मण्डी धनन्जय सिंह, लोक निर्माण विभाग के सहा.अभि. अंकित वर्मा, समरजीत सिंह व बिशन सिंह सहित अन्य अधिकारियों के साथ कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद अधिकारियों को राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार सभी व्यवस्थाएं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र ने विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नामित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयोग द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुसार फुल-प्रूफ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें और इस बात का विशेष ख्याल रखा जाय कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी से लेकर मतगणना तक के कार्य सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो सके।



### मण्डी में संचालित गेहूँ क्रय केन्द्रों का डीएम ने किया निरीक्षण

रबी विपणन वर्ष 2022-23 समर्थन मूल्य योजना के तहत जनपद में की जा रही गेहूँ खरीद का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर स्थित क्रय एजेन्सी खाद्य एवं विपणन विभाग के 02 तथा भारतीय खाद्य निगम के 01 गेहूँ क्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर गेहूँ की खरीद तथा क्रय केन्द्रों द्वारा कृषकों को प्रदान की रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा मौजूद कृषकों से फीड बैक भी प्राप्त किया। निरीक्षण के दौरान कोई भी प्रतिकूल तथ्य प्रकाश में नहीं आया। खाद्य एवं विपणन विभाग के प्रथम क्रय केन्द्र के निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारी विपणन निरीक्षक देवेन्द्र द्विवेदी उपस्थित पाये गये। केन्द्र पर ग्राम जौहरा निवासी कृषक श्रीमती कमला देवी पत्नी राम धीरज के उपज की तौल की जा रही थी। केन्द्र प्रभारी ने डीएम को बताया कि अब तक 13 किसानों से 620 कुण्टल गेहूँ की खरीद की गई है। पब्लिक फण्ड मैनेजमेन्ट सिस्टम के माध्यम से भुगतान की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रय एजेन्सी के द्वितीय क्रय केन्द्र के निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारी विपणन निरीक्षक आनन्द प्रकाश पटेल उपस्थित मिले। निरीक्षण के समय केन्द्र पर कोई किसान मौजूद नहीं था। केन्द्र प्रभारी ने बताया कि अब तक 09 कृषकों से 590 कुण्टल गेहूँ खरीद की जा चुकी है। इसके अलावा क्रय एजेन्सी एफ.सी.आई के क्रय केन्द्र के निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभरी बृजेन्द्र मिश्रा उपस्थित पाये गये। निरीक्षण के समय केन्द्र पर कृषक किरन देवी पत्नी धर्मेन्द्र सिंह के उपज की तौल की जा रही थी। निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारी ने बताया कि अब तक 06 कृषकों से 352 कुण्टल गेहूँ की खरीद की जा चुकी है। डीएम ने समस्त केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिया क्रय केन्द्र पर आने वाले कृषकों से शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार गेहूँ की खरीद की जाए। उपज बेचने के कृषकों को किसी प्रकार की समस्या न आने पाए। जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र ने गेहूँ क्रय केन्द्रों के निरीक्षण के उपरान्त मण्डी आढ़तियों से वार्ता कर गेहूँ व अन्य उपज की आवक इत्यादि के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की तथा आढतियों को निर्देश दिया कि समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर कृषकों के उपज की खरीद न की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अनिरूद्ध प्रताप सिंह, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी संजीव सिंह, सचिव मण्डी धनन्जय सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# खुले में न लगे मतदाताओं की लाइन : जिला मजिस्ट्रेट

▸ मतदान केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं रखें दुरूस्त

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज**



जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) माला श्रीवास्तव ने कहा कि मतदान केन्द्रों पर पूर्ण रूप से सुरक्षा के उपाय तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों पर बिजली, पानी, रैम आदि अन्य समुचित व्यवस्था होनी चाहिए तथा गर्मी में लू से बचाव के लिए आवश्यक है कि मतदाताओं की लाइन खुले में नहीं लगनी चाहिए।

जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) माला श्रीवास्तव बचत भवन सभागार में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 की प्रक्रिया सकुशल सम्पन्न कराने के लिए नामित समस्त प्रभारी अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहीं थीं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी (म0का0) पूजा यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) राज कुमार शुक्ला, नगर मजिस्ट्रेट श्री प्रकाश चन्द्र सहित जनपद के समस्त तहसीलदार तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव से सम्बन्धित आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाना होगा। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों के समीप आवश्यकतानुसार चिकित्सकों की एक टीम की उपस्थिति भी करायी जाए और ओआरएस एवं इमरजेंसी मेडिसिन की व्यवस्था भी रखी जाए साथ ही कोविड प्रोटोकॉल का पालन भी कराने के यथासंभव प्रयास किये जाएं। उन्होंने कहा कि समस्त उपजिलाधिकारी एवं सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अपने अपने क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार रूट मार्च आदि सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों पर आयोग के दिशा निर्देशानुसार विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पोलिंग पार्टी की रवानगी स्थल तथा जमा स्थल भी चिकित्सकों की टीम तैनात की जाए तथा आवश्यकतानुसार दवाओं आदि की व्यवस्था भी की जाए तथा मतदान केन्द्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त रखें।

# आखिर किसके सिर सजेगा नगर पंचायत अध्यक्ष का ताज, 13 का रहेगा इंतजार

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज ।**

नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने के पश्चात सभी राजनीतिक पार्टियों ने प्रत्याशियों के रूप में अपने तुरूप के इक्के छोड़ते हुए उनके नाम का ऐलान भी कर दिया। नाम का ऐलान होने के साथ ही प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया और अपने चुनाव प्रचार में लग गए।

बात की जाए बछरावां नगर पंचायत की तो नगर पंचायत का चुनाव नजदीक आते ही लोगों में भी राजनीतिक चर्चाएं शुरू हो गई हैं मतदाता पार्टी नेताओं के व्यक्तव्यो एवं पार्टी द्वारा किए गए कार्यों की भी चर्चा कर रहे हैं। वही प्रत्याशियों के बारे में बात की जाए तो भारतीय




जनता पार्टी ने निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी को अपनी पार्टी का उम्मीदवार बनाया है, व समाजवादी पार्टी ने अपने कार्यकर्ता प्रमोद चौधरी को अपनी पार्टी से मैदान में उतारा है, बात की जाए कांग्रेस पार्टी की तो उन्होंने युवा चेहरा के रूप में नीरज साहू को इस चुनावी अखाड़े में उतारा है, वही बहुजन समाज पार्टी से जियाउन्नवी, आम आदमी पार्टी से हरीश कुमार सोनकर मतदान की इस महापर्व में अपने पार्टी की ओर से मैदान में नजर आ रहे हैं।

वहीं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पलटू दास व किन्नर समाज से सावन किन्नर मैदान में है। सभी प्रत्याशियों ने जोर-शोर के साथ अपना नामांकन किया और नामांकन के तत्पश्चात नगर की गलियों में भ्रमण करते हुए अपनी जीत का दावा ठोक रहे हैं। कुछ प्रत्याशी जनता को जनार्दन मानकर अपना प्रचार कर रहे हैं, तो कुछ प्रत्याशी अपनी पार्टी का भी रुतबा लेकर साथ में चल रहे है। परंतु जनता जनार्दन है और 13 मई को आने वाले नतीजे ही बता पाएंगे कि आखिरकार बछरावा नगर पंचायत के अध्यक्ष का ताज किसके सिर चढ़ेगा?

## खबरें एक नजर में

### तीन दिन से लापता युवक का फांसी से लटका मिला शव

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** घर से बाजार गए युवक का शव तीसरे दिवस गांव से करीब दो किलोमीटर दूर संदिग्धावस्था में एक पेड़ की डाल के सहारे फांसी के फंदे पर लटकता हुआ पाया गया। मृतक के भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। जनपद की बांगरमऊ कोतवाली अन्तर्गत सीमा पर स्थित गांव गंज जलालाबाद थाना मल्लावां जनपद हरदोई निवासी 30 वर्षीय इमरान पुत्र फारुख बीते रविवार को बाजार जाने की बात कहकर घर से निकला था किंतु जब वह देरशाम तक वापस घर नहीं पहुंचा तो परिजनो ने उसकी खोजबीन शुरू की। बीते सोमवार की शाम तक उसका कही सुराग नहीं चल सका। ग्रामीणों द्वारा परिजनो को जानकारी मिली कि इमरान का शव कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के गांव फतेहपुर हमजा स्थित ईदगाह के निकट सुनसान इलाके में एक पेड़ की डाल पर रस्सी के सहारे लटका हुआ है। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर जा पहुंचे और पेड़ से इमरान का शव लटका देखकर दहाड़े मारकर रोने लगे। मृतक के भाई लल्लन की तहरीर पर गंजमुरादाबाद चौकी प्रभारी दीपक कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। कई ग्रामीण घटना को संदिग्ध मान रहे हैं। जबकि गांव में चर्चा है कि उसे कोई गंभीर बीमारी थी। जिससे वह अवसाद में रहता था। फिलहाल पुलिस घटना की जांच करने में जुटी है।

### युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग पर बीतीरात दही थाना अंतर्गत एक युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गयी। सोशल मीडिया में फोटो वायरल होने पर परिजनों ने मृतक की शिनाख्त की। जिसके बाद पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराया। दही थाना अंतर्गत आवास विकास कालोनी के पास बीतीरात लोको पायलट ने अप होम सिग्नल के निकट लाइन किनारे एक युवक के मृत अवस्था में पड़े होने की सूचना दी। स्टेशन मास्टर के मेमो पर पहुंची दही पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए मोर्चरी में रखाया। मृतक की फोटो सोशल मीडिया में वायरल होने पर क्योटा तालाब सिविल लाइन निवासी अमित ने थाने पहुंचकर मृतक की शिनाख्त अपने बड़े भाई वीरेंद्र उर्फ गोलू (27) पुत्र राजेश कुमार शर्मा के रूप में की। परिजनों ने बताया कि उनका पुराना घर कल्याणी मोहल्ले में है। वीरेंद्र वहीं सोने के लिए गया था। वह रेलवे ट्रैक पर कैसे पहुंचा। इस संबंध में परिजन कोई जानकारी नहीं दे सके। मृतक एसपी आफिस के पास शैलून की दुकान किए था। वह दो भाइयों में बड़ा और अविवाहित था। उसकी दो बहने भी हैं जिनकी शादी हो चुकी है। बेटे की मौत पर मंजूदेवी समेत अन्य परिजन बेहाल है। एसओ दही राघवेंद्र सिंह ने बताया कि बीतीरात ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई थी। परिजनों की शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम करवाया गया है।

### अक्षय तृतीया पर दान से मिलता है अक्षय पुण्य

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** अक्षय तृतीया को सतयुग प्रारंभ हुआ था। शास्त्रों के अनुसार अक्षय तृतीया को स्वर्ण और रजत के आभूषण क्रय करना शुभ माना जाता है। अक्षय तृतीया आगामी 23 अप्रैल दिन रविवार को है। कस्बा ऊगू निवासी आचार्य पंडित ऋषिकांत मिश्र शास्त्री ने बताया कि अक्षय तृतीया को सतयुग का प्रारंभ हुआ था। यह पर्व युगादि तिथि 23 अप्रैल दिन रविवार को उदया तिथि में मनाया जाएगा। आज के दिन श्रृद्धा के साथ जल कुम्भ, शक्कर व पंखा आदि तथा यथा शक्ति स्वर्ण और रजत भी दान करने से परलोक में मोक्ष प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि गृहस्थ आश्रम में रहने वाले सभी सनातनी धर्मावलंबियों के लिए सोने से निर्मित आभूषण खरीदना शुभ माना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन सोना और चांदी आभूषण खरीदना उन्नति में सहायक होता है। यह पर्व रोहिणी नक्षत्र के योग से बना है। अक्षय तृतीया को जो व्यक्ति किंचित मात्र भी दान करता है तो उसे इहलोक और परलोक में भी अक्षय पुण्य लाभ प्राप्त होता है। साथ ही शरीर में उत्पन्न रोग कष्ट निवारण हेतु इस वर्ष का अक्षय तृतीया पर्व अति उत्तम है।

### बाइकों की भिड़न्त में पिता व दो पुत्रियां घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र के मियागंज-सफीपुर मार्ग पर दो बाइकों में आमने-सामने भिडत हो गई जिसमें पिता व दो पुत्रियां गम्भीर रूप से घायल हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया। सिद्धनाथ गांव निवासी रामनरेश उर्फ दरोगा पुत्र रुद्रा मंगलवार को बाइक से पुत्रियाँ शिल्पी, अंजली को लेकर शाहपुर सिंधौरा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में दाखिला कराने के लिए जा रहा था अभी वह नई बस्ती मोड के पास पहुंचा था कि सफीपुर की तरफ से आ रहे दूसरे बाइक की टक्कर हो गयी जिससे पिता व दोनो पुत्रियाँ गम्भीर रूप से घायल हो गयी। जबकि दूसरा बाइक सवार वाहन लेकर भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज चल रहा है।

# लोकसभा प्रभारी ने भाजपा प्रत्याशियों को दी बधाई

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

यूपी0सी0एल0डी0एफ0 के राज्यमंत्री स्तर के चेयरमैन व रायबरेली लोकसभा के प्रभारी वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने आज रायबरेली जिले में सदर नगर पालिका से भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी शालिनी कनौजिया, बछरावां नगर पंचायत से निवर्तमान अध्यक्ष एवं भाजपा प्रत्याशी शिवेन्द्र सिंह रामजी, महराजगंज नगर पंचायत से भाजपा प्रत्याशी व प्रभात साहू की पत्नी सरला साहू एवं शिवगढ़ नगर पंचायत से भाजपा प्रत्याशी सुमन के नामांकन में रहकर उन्हें जीत की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी जी व उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के सिद्धांत पर बिना किसी भेदभाव के आम जनमानस को लाभकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के कारण मतदाता भाजपा प्रत्याशियों को मत रूपी आशीर्वाद देने का काम करेगा, रायबरेली जिले की एक नगर पालिका व नौ नगर पंचायतों में भाजपा प्रत्याशियों की एकतरफा जीत होगी।

# विद्युत तार चोरी करने वाला शातिर गैंग गिरफ्तार

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

सलोन पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है।जिसमें एक अंतर्जनपदीय समेत पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया।जिनके कब्जे से चोरी का विद्युत तार वाहन व अन्य सामान बरामद कर सभी को सलाखों के पीछे भेज दिया।

सलोन कोतवाली प्रभारी नारायण कुमार कुशवाहा,सूची चौकी प्रभारी पंकज राज शरद,आरक्षी मुनेंद्र सिंह,आरक्षी विजय यादव, आरक्षी नवीन कुमार,आरक्षी कमल प्रकाश,आरक्षी परमवीर ने अपराध व अपराधियों के विरुद्ध लगातार




कार्रवाई के अंतर्गत चोरी का पंजीकृत मुकदमा से संबंधित घटना का खुलासा करते हुए मो. इबरार निवासी गेंदों उमरिया थाना मऊआइमा जनपद प्रयागराज, जसवंत यादव, निवासी पूरे गरीब मजरे पारी थाना जगतपुर,रमेश यादव निवासी गंगादीन मजरे बिसइया,बृजेश निवासी बिसइया, अखिलेश निवासी बिसइया थाना सलोन को दांदूपुर तिराहा के पास से गिरफ्तार कर लिया।जिनके कब्जे से विद्युत लाइन के एलमुनियम तार दस बंडल कीमत चार लाख,घटना में प्रयुक्त लोडर,1370 नगद व तार काटने के औजार बरामद किया हैं।

पुलिस द्वारा पूछताछ में विद्युत विभाग के दो कॉन्ट्रेक्टर के साथ मिलकर जहां बंद रहती थी वहीं घटना को अंजाम देते थे।उसके बाद लोडर लादकर बाहर बेच देते हैं। पुलिस ने दोनों कॉन्ट्रेक्टरों की तलाश शुरू कर दी है।वही गिरफ्तार पांचों शातिर चोरों को संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया गया हैं।

# अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए की गई बैठक

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार तथा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देश पर 22 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए रणनीति बनाने के लिए महिला कल्याण विभाग की ओर से जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा की अध्यक्षता में जिला प्रोबेशन कार्यालय में बैठक आहूत की गयी। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जिला बाल संरक्षण के कार्मिको को निर्देशित किया कि अक्षय तृतीया पर समस्त स्थानों से समन्वय स्थापित करते हुए जनपद में कहीं भी यदि बाल विवाह होता हुआ पाया जाता है तो त्वरित कार्यवाही करते हुए उसे रोकवाया




जाएं तथा आम जनमानस को भी जागरूक किया जाये कि बाल विवाह कानूनी अपराध है, आइए सब मिलकर इसे रोके और यदि होता पाया जाये तो उस पर प्रभावी कार्यवाही करे। उन्होंने कहा कि थानाध्यक्ष से समन्वय स्थापित करते हुए समस्त थानों से बाल विवाह की रोकथाम हेतु समन्वय करने के निर्देश दिये। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने 22 अप्रैल के दिन आपकी सखी वन स्टॉप सेंटर को नोडल घोषित करते हुए कहा कि यदि कहीं से बाल विवाह की कोई सूचना आती है तो उस पर तत्काल कार्यवाही हेतु प्रभारी सेन्टर मैनेजर व अन्य कार्मिकों को निर्देशित किया जाए।

## आग से ढाई बीघे फसल जलकर राख

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** माखी थाना क्षेत्र में अज्ञात कारणों के चलते गेहूँ की फसल में आग लग गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे अग्निशमन जवानों ने आग पर काबू पाया तब तक दो किसानों की ढाई बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। सदर तहसील क्षेत्र के गिरिंदखेड़ा गांव निवासी बाबूलाल पुत्र बिहारी के खेत में खडी गेहूँ की फसल में किसी कारणों के चलते मंगलवार की दोपहर आग लग गयी और पडोसी कमलेश पुत्र जमुना के खेत में पहुंच गयी। फसल जलती देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पेड़ की टहनियों से आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे तभी दमकल के जवान पहुंच गए और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया क्षेत्रीय लेखपाल को सूचना दी गयी है।

# महिला कांस्टेबल को एसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज**

रायबरेली के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 2 दर्जन से अधिक महिला पुलिसकर्मीयों की तैनाती है।लेकिन एक ही महिला पुलिसकर्मी को आखिर क्यों सम्मान पत्र से एसपी ने नवाजा है। कहते हैं जब किसी काम को शिद्दत से व लगन से करना हो तो सफलताएं अपने आप कदम चूमती है ऐसा ही अपने कार्यों के प्रति सजग और कर्तव्यनिष्ठ रहने वाली महिला सिपाही ने वह कर दिखाया है।

महिला सिपाही के इस हौसले व कार्यकुशलता से सीख ले कर खुद को खरा उतारने की कवायद में लगे हैं। आपको बता दें आज दिनांक 18 अप्रैल 2023 दिन मंगलवार को समय करीब 1 बजे एसपी कार्यालय के साइबर सेल में तैनात महिला सिपाही को एसपी आलोक प्रियदर्शी ने साइबर हैकरो द्वारा लोगों के ठगे गए लाखो रुपये वापस कराने व सराहनीय कार्य हेतु पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा सम्मानित किया गया हैं।

साइबर सेल में नियुक्त महिला आरक्षी पूजा यादव को कत्तर्व्यनिष्ठा एवं समय से ड्यूटी करने, पीड़ितों की समस्याओं को सुनकर त्वरित कार्यवाही करने, तथा सराहनीय कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। साथ ही उक्त महिला आरक्षी द्वारा नेशनल साइबर क्राइम ट्रेनिंग का पूरी ईमानदारी से कोर्स किया गया। इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कार्य की सराहना की गई है।

# डम्पर की टक्कर से महिला की मौत, पति घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में तकिया गौरिया कलां मार्ग पर तेज रफ्तार डंपर ट्रक ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर पीछे बैठी महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल पति को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया और महिला का शव पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम कांटा गुलजारपुर निवासी वसीक अपनी पत्नी शबनम के साथ बाइक से ईद त्योहार के लिए सामान की खरीददारी करने ग्राम तकिया की बाजार जा रहा था तभी रास्ते में मंगलवार को दोपहर तकिया गौरिया कला मार्ग पर ग्राम कलवार ताल के निकट पीछे से आ रहे तेज गति के डंफर ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर पीछे बैठी पत्नी शबनम की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पति घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। पति वसीक पंखा व मोटर तथा अल्टरनेटर आदि विद्युत उपकरणों के मरम्मत का कार्य कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है।

# करंट की चपेट में आकर संविदा लाइनमैन झुलसा, हालत गंभीर

**लालगंज (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के बेहटा चौराहा में मंगलवार को संविदा लाइनमैन हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया। साथी कर्मचारियों ने आनन-फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चौराहा स्थित 250 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। दोपहर करीब तीन बजे बिजली कर्मचारी ट्रांसफार्मर की मरम्मत कर रहे थे, तभी अचानक पूरे जालिम सिंह उर्फ मठ मजरे गौरा रूपाई गांव निवासी रामविलास पाल ट्रांसफार्मर से लगे बिजली के खंभे में चढ़ गया। जहां वह अचानक हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गया और करीब 20 फुट ऊंचाई से नीचे जमीन पर आ गिरा। साथी कर्मचारियों ने तत्काल उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बिजली कर्मी की हालत गंभीर होने के कारण एसडीओ सूर्य प्रताप सिंह, जेई टाउन शिवम गुप्ता व जेई मुलायम यादव सहित अन्य कर्मचारी घायल लाइनमैन को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गए।

### क्या बिना शटडाउन के ही खंभे में चढ़ा था बिजली कर्मी?

बिजली विभाग के कर्मचारियों की माने तो घायल लाइनमैन रामविलास बिना शटडाउन लिए ही खंबे पर चढ़ गया, जिससे वह हादसे का शिकार हो गया। कस्बे में तहसील कार्यालय के सामने स्थित पावर हाउस से विद्युत की आपूर्ति की जाती है। पावर हाउस स्थित कंट्रोल रूम में हादसे के समय तैनात एसएसओ अनिल कुमार ने बताया कि लाइनमैन लवकुश ने एक बजकर 55 मिनट पर बेहटा चौराहा में ट्रांसफार्मर चढ़ाने के लिए शटडाउन लिया। बाद में दो बजकर 20 मिनट पर शटडाउन वापस हुआ और उसने लाइन चालू कर दी। दो बजकर चालीस मिनट पर एक बार फिर उसे टाउन की एक नंबर लाइन में फाल्ट होने की जानकारी हुई, तो उसने लाइनमैन धर्मेंद्र से लाइन चेक करने के लिए कहा। बताया आठ मिनट बाद उसे रामविलास के करंट की चपेट में आकर झुलसने की सूचना मिली। हादसा कैसे हुआ उसकी जानकारी में नहीं है।

# विद्युत शार्ट सर्किट से लगी आग गेहूं की फसल जलकर राख

**सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज**

विद्युत शार्ट सर्किट से उठी चिंगारी ने कांटा जमकर तांडव क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब आग लगने की खबर फैल गई बताया जा रहा है कि सरेनी क्षेत्र के फिरोजपुर गांव में गेहूं के खेतों में लगी आग ने जमकर तांडव काटा जलती चिंगारी ने लगभग 5 से 6 बीघा गेहूं की फसल को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। देखते ही देखते लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और आग बुझाने में जुट गई लेकिन तेज हवा होने के कारण आम जनता आग पर काबू ना कर पा सकी तत्काल वहां मौजूद लोगों ने फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम और ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का काम शुरू किया गया। लेकिन जब तक आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया था पूरा मामला सरेनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत फिरोजपुर गांव का बताया जा रहा है आनंद प्रताप सिंह फायर ब्रिगेड टीम ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा हम लोगों को सूचना मिली कि सरेनी क्षेत्र में आग लगी है तभी हम लोग तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे हैं और आग बुझाने में कामयाब रहे जब तक आग बुझाई गई जब तक लगभग 6 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो चुकी थी द्य आए दिन गर्मी आते ही आग जैसी घटनाएं क्षेत्र में हो रही हैं जिससे किसानों की फसल नष्ट हो रही है और लोगों को काफी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा है। और वहीं पास में लगे यूकेलिपटिस की बाग में भी आग की आंच पहुंच गई जिससे उस बाग में भी आग लग गई और काफी नुकसान बताया जा रहा है फायर ब्रिगेड टीम द्वारा कड़ी मशक्कत करने के बाद फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है।

# शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनायें ईद का त्योहार : डीएम

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

▸ धर्मगुरूओ के साथ बैठक कर दिये आवश्यक निर्देश

ईद-उल-फित्तर का त्यौहार चन्द्रदर्शन के अनुसार 22/23 अप्रैल को शान्तिपूर्ण, सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाये जाने के दृष्टिगत विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता व एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना की उपस्थिति में जिले के संभ्रान्त नागरिकों, धर्म गुरूओं, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा अधिकारियों के साथ पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न धर्मगुरूओं व गणमान्य व्यक्तियों द्वारा ईद-उल-फित्तर को लेकर विभिन्न प्रकार की समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया, जिसको लेकर जिलाधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया कि दिये गए सुझावों/समस्याओं का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करायी जाएगी। इस मौके पर डीएम ने समस्त नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ईद-उल-फित्तर के दृष्टिगत नगरीय/ग्रामीण क्षेत्रों तथा ईदगाहों के आस-पास विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई करायी जाये तथा पेयजल आपूर्ति हेतु पर्याप्त इंतेजाम किए जाएं। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि ईद-उल-फित्तर के त्यौहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने को लेकर सुरक्षा एवं यातायात




व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु पर्याप्त इंतेजाम सुनिश्चित कराए जाएं। उन्होने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि ईद-उल-फित्तर के पर्व के दौरान पूरी क्षमता के साथ विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाये। ईद के दृष्टिगत विद्युत आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को लेकर जनपद में धारा 144 लगी हुई है। सभी लोग आदर्श आचार संहिता का पालन करें और शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाएं। उन्होंने कहा कि सभी लोग सोशल मीडिया का प्रयोग सोच-समझ कर करें तथा किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट को प्रसारित करने से बचें। किसी भी प्रकार की अफवाह को लेकर भ्रमित न हों तथा आपसी शांति एवं सौहार्द को बनाए रखें। उन्होंने सभी जनपद वासियों को ईद-उल-फित्तर की अग्रिम शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के लिए उन्नाव का इतिहास हमेशा से अच्छा रहा है और इस परम्परा एवं गंगा-जमुनी तहजीब को अक्षुण्य बनाए रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। सभी लोग संयम, मानवता, संवेदनशीलता, शालीनता, प्रेम, भाई-चारा, सौहार्द एवं परम्पराओं का पालन करते हुए तथा किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावना को आहत किये बगैर त्यौहार को पूरे उत्साह के साथ मनाएं। इस दौरान एसपी ने सभी क्षेत्राधिकारियों व थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ईद के त्यौहार के दृष्टिगत सतर्क रहें और अराजकतत्वों पर पैनी नजर बनाए रखें। किसी भी प्रकार की समस्या की स्थिति में सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर तुरन्त आवश्यक कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में पैट्रोलिंग करते रहें। पूरे जनपद में कानून व्यवस्था को दुरूस्त रखा जाए। अधिकारी व कर्मचारी दी गयी जिम्मेदारी का ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करें, किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। बैठक में एडीएम नरेन्द्र सिंह, एएसपी शशिशेखर सिंह, ज्वाइंट मजिस्टेऊट नुपुर गोयल, समस्त उपजिलाधिकारी क्षेत्राधिकारीगण, अन्य अधिकारीगण सहित विभिन्न समुदायों एवं सामाजिक संगठनों के संभ्रान्त लोग मौजूद रहे।

# दुर्दांत का खौफनाक अंत

उत्तर प्रदेश और कई राज्यों में अपराध की दुनिया से राजनीति में आकर चार दशक तक स्वच्छंद राज करने वाले माफिया डॉन अतीक अहमद व उसके भाई अशरफ का जिस तरह से अंत हुआ, उसने कोई अच्छा संदेश नहीं दिया। निस्संदेह, एक माफिया डॉन के साथ सहानुभूति नहीं होनी चाहिए, लेकिन जिस तरह पुलिस सुरक्षा के घेरे में उनकी हत्या हुई और पुलिस मूकदर्शक बनी रही, उससे उ.प्र. की पुलिस की साख पर आंच आई। कठघरे में तो राज्य का राजनीतिक नेतृत्व भी आया है। पुलिस कर्मियों के निलंबन और जांच आयोग के गठन को राज्य सरकार की छवि सुधारने की कवायद के रूप में देखा गया। बहरहाल माफिया अतीक अहमद व अशरफ की हत्या को उस कड़ी का हिस्सा माना जा रहा है, जिसकी शुरुआत प्रयागराज में राजू पाल हत्याकांड के सरकारी गवाह उमेश पाल की सरेआम हत्या से हुई। जिसे प्रदेश सरकार व पुलिस ने अपने लिये चैलेंज माना। जिसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपराधियों को मिट्टी में मिलाने की टिप्पणी भी सामने आई थी। जिससे साफ हो गया था कि राज्य की सरकार व पुलिस बड़ी कार्रवाई करेगी। पहली प्रतिक्रिया, उमेश पाल हत्याकांड में शामिल बताये जा रहे अतीक के बेटे असद व उसके साथी की मुठभेड़ में मौत के रूप में सामने आई। जिसके जरिये सरकार व पुलिस ने संदेश देने का प्रयास किया कि अपराधी कितना भी बड़ा क्यों न हो, बख्शा नहीं जायेगा। यूं भी योगी सरकार के दौरान कई हजार मुठभेड़ों व डेढ़ सौ से अधिक अपराधियों के एनकाउंटर में मारे जाने पर भी विपक्षी नेता सवाल उठाते रहे हैं। लेकिन सवाल यही है कि क्या पुलिस इन अपराधियों को गिरफ्तार करके न्यायिक प्रक्रिया के जरिये दंड नहीं दिलवा सकती थी? वैसे कहा जाता रहा है कि न्याय की प्रक्रिया इतनी लंबी चलती है कि अपराधी धनबल, बाहुबल और सत्ता परिवर्तन के बाद राजनीतिक संरक्षण पाकर बरी होने की कवायद में लगातार लगे रहते हैं। वैसे राजनीतिक नेतृत्व परिवर्तन के बाद इस तरह के बड़े माफियाओं के फिर ताकतवर होने के बाद पुलिस के लिये भी निष्पक्ष रूप से जांच करना मुश्किल हो जाता है। वैसे प्रदेश में कई राजनीतिक दलों की सरकारों में ऐसे दागी टिकट पाकर जनप्रतिनिधि बनते रहे हैं और अपने विरोधियों को ठिकाने लगाना शुरू कर देते हैं। लेकिन इसके बावजूद बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में अतीक व अशरफ की हत्या पुलिस की कार्यशैली पर सवाल ही खड़े करती है। आखिर ऐसे कुख्यात डॉन के आसपास मीडिया की भीड़ को क्यों जाने दिया गया, जिसको दूसरे गैंगों के अपराधियों से हमले का खतरा बराबर बना हुआ था। इसी कमजोर कड़ी को भांपकर ही अपराधियों ने फर्जी मीडियाकर्मी बनकर हत्याकांड को अंजाम दिया। बहुत संभव है आने वाले दिनों में सत्ताधीश इस घटना के बहाने माडिया की आजादी को कुतरने का प्रयास करें। वहीं दूसरी ओर इस हत्याकांड के बाद राजनीतिक रोटियां सेंकने का उपक्रम भी तेज हो गया है। कुछ राजनीतिक दल संप्रदाय विशेष के अपराधियों को ही निशाने पर लेने की बात कर रहे हैं। वहीं सत्तापक्ष के भी कुछ नेताओं के अमर्यादित बयान सामने आये हैं। वैसे इन हत्याओं के बाद समाज का खेमों बंटा नजर आना भी दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ लोग अपराधियों की हत्या को न्याय हुआ मान रहे हैं। तो अपने समाज के लोगों के लिये रोबिन हुड जैसी भूमिका निभाने वाले डॉन के समर्थकों में इस घटना को लेकर दुख है। बहरहाल, यदि इस तरह अपराधियों की हत्या को न्यायसंगत बताया जाने लगेगा तो कोर्ट व कानून की क्या सार्थकता रह जाएगी? इस तरह के मामले कालांतर समाज में अराजकता को ही जन्म देंगे। दुर्भाग्यपूर्ण यह भी कि अभियुक्तों की हत्या सरेआम टीवी कैमरों के सामने हुई, जिसके वीडियो वायरल होने के बाद पूरी दुनिया में तल्ख प्रतिक्रियाएं हुई। उन देशों को भारत के खिलाफ विषवमन का मौका मिला जो हमारी कमजोर कड़ियों की तलाश में रहते हैं। निस्संदेह, किसी भी समाज में अपराधियों को सख्त दंड मिलना चाहिए, लेकिन उन्हें सजा देने का काम पुलिस व अपराधियों का नहीं है, यह अधिकार सिर्फ और सिर्फ अदालतों को ही है।

# संभलकर बोलें, शब्द सार्थक और विनाशक भी हो सकते हैं



संजीव ठाकुर

**शब्दों के जादूगर बड़ी-बड़ी आम सभाओं में सोच समझकर इस्तेमाल कर अपना सार्थक प्रभाव छोड़ते हैं सत्ता परिवर्तन भी शब्दों के माया जाल से हि होता है। अंग्रेजी साहित्य में अरनेस्ट हेमिंग्वे को शब्दों का जादूगर माना जाता था उनके शब्दों का प्रभाव सीधे पाठकों के दिल तक पहुंच जाता था इसी तरह हिंदी में तुलसीदास विश्वव्यापी कवि है उनकी वाणी में सत्य और अमृत है। आधुनिक हिंदी साहित्य मेंअज्ञेय जी को इसी श्रेणी में रखा जा सकता है उनकी शब्दावली कठिन होते हुए भी पढ़ने वालों के मर्म तक पहुंच जाती है। महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद हिंदी और देवनागरी लिपि को आत्मसात कर उपन्यास तथा कहानी और लिख कर अमृत्व को प्राप्त किया है। देवकीनंदन खत्री जी ने भी उपन्यासों खाकर चंद्रकांता संतति, भूतनाथ पढ़ने के लिए हिंदी को सीखा और मनन किया और लोकप्रिय उपन्यास की उत्पत्ति की, कबीर अपने फक्कड़पन की भाषा के कारण उत्तर भारत के सभी दिलों में समाए हुए हैं। निसंदेह शब्द जीवंतता प्रदान करते हैं और जीवनशैली को बेहतर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं और द्रौपदी द्वारा कहे गए शब्द महाभारत की उत्पत्ति का कारण बनते हैं। इसलिए सदैव कहा जाता है की संभलकर बोलने से सद्गति प्राप्त होती है।**

शब्दों की महिमा को अपरंपार और अक्षर को नश्वर बताया गया है। वैसे तो शब्दों की तीव्रता तलवार से ज्यादा नुकीली और भाले से ज्यादा चुभने वाली होती है। तलवार की धार से मनुष्य एक बार बच भी सकता है वर मुंह से बोले गए शब्द व्यक्ति को मृत्यु सा मूर्छित कर देते है। इसीलिए चिंतकों ने कहा है बोलने से पहले कई बार सोचें और बोलने के बाद सोचने वाला व्यक्ति समाज में मूर्खों की श्रेणी में गिना जाता है। राजनीति और कूटनीति में सारी जद्दोजहद शब्दावली और भाषणों की होती है कूटनीति में एक शब्द के कई अर्थ निकाले जाते हैं और उससे अपना हित अहित साधा जाता है। अकबर इलाहाबादी साहब कहते हैं,

खीचों न कमानों को, न तलवार निकालो,
जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो।

मुंह से बोले गए शब्द और वाक्य बहुत सकारात्मक भी हो सकते हैं और बड़े ही भयंकर नकारात्मक भी हो सकते हैं। एक ही शब्द कहीं पर बड़े से बड़ा दंगा करवा सकते हैं और कहीं पर बोले गए प्यार के शब्द बड़े-बड़े विवादों में सुलह करा सकते हैं। शब्द की परिणति उसकी मुक्ति ही करती है। बड़े-बड़े राजनेता अभिनेता अपने मुंह से बोले गए शब्दों से लोकप्रियता के चरम पर पहुंच जाते हैं और कहीं किसी नेता के मुंह से निकला हुआ शब्द बाण समाज में विषाद और जहर भर देता है। शब्दों के जादूगर बड़ी-बड़ी आम सभाओं में सोच समझकर इस्तेमाल कर अपना सार्थक प्रभाव छोड़ते सत्ता परिवर्तन भी शब्दों के माया जाल से हि होता है। अंग्रेजी साहित्य में अरनेस्ट हेमिंग्वे को शब्दों का जादूगर माना जाता था उनके शब्दों का प्रभाव सीधे पाठकों के दिल तक पहुंच जाता था इसी तरह हिंदी में तुलसीदास विश्वव्यापी कवि है उनकी वाणी में सत्य और अमृत है। आधुनिक हिंदी साहित्य मेंअज्ञेय जी को इसी श्रेणी में रखा जा सकता है उनकी शब्दावली कठिन होते हुए भी पढ़ने वालों के मर्म तक पहुंच जाती है। महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद हिंदी और देवनागरी लिपि को आत्मसात कर उपन्यास तथा कहानी और लिख कर अमृत्व को प्राप्त किया है। देवकीनंदन खत्री जी ने भी उपन्यासों खाकर चंद्रकांता संतति, भूतनाथ पढ़ने के लिए हिंदी को सीखा और मनन किया और लोकप्रिय उपन्यास की उत्पत्ति की, कबीर अपने फक्कड़पन की भाषा के कारण उत्तर भारत के सभी दिलों में समाए हुए हैं। निसंदेह शब्द जीवंतता प्रदान करते हैं और जीवनशैली को बेहतर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं और द्रौपदी द्वारा कहे गए शब्द महाभारत की उत्पत्ति का कारण बनते हैं। इसलिए सदैव कहा जाता है की संभलकर बोलने से सद्गति प्राप्त होती है। इसीलिए तो संभल कर सही और उपयुक्त शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए। जो सदैव अच्छा वक्ता होता है अपने विचारों को संभल कर बोलता है भले ही वह दिलों को ना छुए पर उसका जनमानस को जीतना तय होता है और संसार पर वही राज करता है जो अपने शब्दों का सही इस्तेमाल करता है, गलत शब्द से, गलत संभाषण से गलत विचारों से बोला गया वाक्य प्रलय भी ला सकता है। शब्दों को तौल कर विचार कर बोलना चाहिए अन्यथा उसके नतीजे भयानक भी हो सकते हैं। शब्दों की मार बहुत ही तेज और बहुत मीठी भी होती है एक शब्द महायुद्ध करवा सकता है और दूसरा शब्द ऐसी शीतल फुहाँरे छोड़ता है कि सारा युद्ध उन्माद अखंड शांति में बदल जाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अमेरिका रूस ,जापान, यूरोपीय देशों में दिए वहां के राष्ट्रपति व राजनेताओं द्वारा दिए गए भाषणों संभाषणों से युद्ध और कई बार शांति स्थापित हुई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री तथा उनके कैबिनेट के मंत्री अपने दिए गए वक्तव्य से ही सारी दुनिया से अलग अलग हो गए हैं। और भड़काऊ भाषण के कारण आज दुर्गति को प्राप्त हुए हैं। भारत शांति का दूत माना जाता है शांति स्थापना की सदैव मीठी वाणी बोलता आया है और यही कारण है कि भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति का पुजारी एवं दूत कहा जाता है एवं सदैव अंतर्राष्ट्रीय विवादों में उनके राजनेताओं को मध्यस्थता अथवा समझौते के लिए आमंत्रित किया जाता रहा है। यही कारण है कि रूस यूक्रेन के लंबे युद्ध में विश्व के पूरे देश एवं रूस तथा यूक्रेन के राजनेता भी भारत की ओर युद्ध की शांति की पहल की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यही कारण है की युवा पीढ़ी को सदैव कम बोलने, सदाचारी संभाषण देने के लिए प्रेरित किया जाता रहा है भारत की सांस्कृतिक तथा साहित्यिक विरासत को सत साहित्य और संतुलित भाषा का मनुष्य तथा समाज के विकास के लिए पर्याय माना गया है। इसीलिए संतुलित भाषा मीठी भाषा बोलने से सदैव समाज तथा देश का वातावरण विकास के अनुकूल होता आया है।



विचार

# राहुल के मुद्दों में उलझी भाजपा

कर्नाटक चुनाव में इस बार भाजपा के लिए कई तरह के संकट खड़े हुए हैं। सबसे बड़ा संकट तो सत्ता बचाने का है। इसके अलावा पार्टी में चल रही भगदड़, वरिष्ठ नेताओं, पूर्व मंत्रियों का कांग्रेस प्रवेश, आरक्षण, सांप्रदायिक मसलों को लेकर खड़े हुए विवाद भी चुनावी जीत की संभावनाओं को क्षीण कर रहे हैं। भाजपा की कोशिश हिंदू-मुस्लिम कार्ड खेलने की है, क्योंकि यह कार्ड हमेशा उसे फायदा दे जाता है। लेकिन इस बार राहुल गांधी ने कर्नाटक में चुनाव से ठीक पहले दो ऐसे मुद्दों को हवा दे दी, जिन पर भाजपा फंस सकती है।

राहुल गांधी ने कर्नाटक से जातिगत जनगणना का कार्ड खेला है, जिस पर भाजपा बिहार और उत्तरप्रदेश में पहले ही फंसी हुई है और अब कर्नाटक से भी इसी मांग को राहुल गांधी ने उठा दिया है। 16 और 17 अप्रैल को राहुल गांधी दो दिन के कर्नाटक दौरे पर थे। वैसे तो उनका यह दौरा दो-तीन बार टला और तारीखें आगे बढ़ती रहीं। और जब-जब श्री गांधी के दौरे की अगली संभावित तारीख आती, तब-तब यह चर्चा उठती कि क्या कर्नाटक कांग्रेस में अंदरूनी कलह के कारण यह यात्रा टल रही है। मीडिया इस मुद्दे को तरह-तरह से बढ़ाता ताकि कांग्रेस के लिए माहौल खराब हो और भाजपा के पक्ष में बात बने। मगर फिर भी भाजपा अपनी फूट को रोक नहीं पाई। भाजपा को यह भी उम्मीद थी कि सांसदी गंवाने और मानहानि मामले में सजा के बाद राहुल गांधी थोड़े शांत हो जाएंगे। लेकिन राहुल गांधी अडानी मुद्दे पर सवाल उठाते रहे, पूछते रहे कि 20 हजार करोड़ किसके हैं और कर्नाटक के कोलार से सभा करके उन्होंने ऐसा दांव चल दिया, जिसका सामना करने के लिए भाजपा के रणनीतिकार शायद तैयार नहीं थे। गौरतलब है कि कोलार वही जगह है, जहां राहुल गांधी ने मोदी उपनाम को लेकर टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी को ही पूर्णेश मोदी ने मानहानि प्रकरण बनाया। कर्नाटक का मामला सूरत की अदालत में पेश हुआ और वहां से राहुल गांधी को अधिकतम सजा यानी 2 साल की कैद सुनाई गई। हालांकि इसके बाद उन्हें जमानत मिल गई और अब राहुल गांधी ने सजा के खिलाफ अपील की है, जिस पर फैसला आना अभी बाकी है। सजा के ऐलान के अगले ही दिन उनकी संसद सदस्यता रद्द हो गई और अब सरकारी बंगला भी छिन गया है। भाजपा संसद से राहुल गांधी को बाहर करने में सफल हो गई, लेकिन इसके बाद भी उसकी मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। राहुल गांधी अपने पुराने तेवर के साथ ही भाजपा के सामने ऐसे सवाल उठा रहे हैं, जिनके जवाब भाजपा के पास नहीं हैं। 16 अप्रैल को कोलार पहुंचे राहुल गांधी ने ओबीसी के हक का सवाल और जातिगत आधारित जनगणना की मांग मोदी सरकार के सामने रखी। कांग्रेस की श्जय भारतश् चुनावी रैली में उन्होंने कहा कि संप्रग ने 2011 में जाति आधारित जनगणना की। इसमें सभी जातियों के आंकड़े हैं। प्रधानमंत्री जी, आप ओबीसी की बात करते हैं। उस डेटा को सार्वजनिक करें। देश को बताएं कि देश में कितने ओबीसी, दलित और आदिवासी हैं। आंकड़ों को सार्वजनिक करने की जरूरत को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर सभी को देश के विकास का हिस्सा बनना है तो प्रत्येक समुदाय की आबादी का पता लगाना जरूरी है। बता दें कि यूपीए सरकार ने 2011 में सामाजिक आर्थिक एवं जातिगत जनगणना (एसईसीसी) की थी। लेकिन इसके बाद ऐसी कोई पहल मौजूदा सरकार ने नहीं की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी प्रधानमंत्री श्री मोदी को एक पत्र लिखकर कहा है कि मैं एक बार फिर नवीनतम जाति जनगणना के लिए आधिकारिक रुप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की मांग को रखने के लिए आपको ये पत्र लिख रहा हूं। मेरे सहयोगियों ने और मैंने पहले भी कई अवसरों पर संसद के दोनों सदनों में इस मांग को उठाया है। कई अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी इस मांग को रखा है। श्री खड़गे ने 2011 में एसईसीसी कराए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि मई 2014 में आपकी सरकार आने के बाद कांग्रेस और अन्य सांसदों ने इसे जारी करने की मांग की, लेकिन कई कारणों से जातिगत आंकड़े प्रकाशित नहीं किए गए। जातिगत जनगणना की मांग पर भाजपा बिहार में पहले ही बुरी फंसी हुई है। अब कर्नाटक में कांग्रेस ने फिर इस मुद्दे को खड़ा किया है। कांग्रेस की इस पहल से जेडीयू, राजद और सपा जैसे दल भी खुश होंगे और विपक्षी एकता की संभावनाएं मजबूत होंगी। राहुल गांधी के लिए इस मसले का दोहरा महत्व है। एक ओर यह विपक्ष को एक करने की कोशिश है, दूसरी ओर उस ओबीसी समुदाय को साधना है, जिसके अपमान का आरोप राहुल गांधी पर उनके विरोधियों ने लगाया है। भाजपा उस अपमान की बात करती रही, जो राहुल गांधी ने किया ही नहीं और अब खुद श्री गांधी ने ओबीसी के आंकड़े जारी करने की मांग सरकार से कर के भाजपा को पसोपेश में डाल दिया है। अगर वह श्री गांधी की मांग को पूरा न करे तो ओबीसी विरोधी कहलाएगी और पूरा करे तो राहुल गांधी के आगे झुकी नजर आएगी। इससे जनता के बीच भाजपा की कमजोर छवि बनेगी।राहुल गांधी ने दूसरा सधा कदम कर्नाटक के दुग्ध केंद्र नंदिनी के स्टोर पर जाकर उठाया। पिछले कई दिनों से अमूल बनाम नंदिनी विवाद कर्नाटक में चल रहा था। नंदिनी के अमूल द्वारा अधिग्रहण की आशंकाओं के बीच माहौल में बाहरी बनाम स्थानीय का सवाल गहराता जा रहा था, इस बीच राहुल गांधी ने नंदिनी की आइसक्रीम खरीदकर ब्रांड कर्नाटक का गौरव बता दिया। यानी कांग्रेस ने अपना पक्ष साफ कर दिया कि वह कर्नाटक के लोगों के साथ है। इसका तगड़ा संदेश जनता के बीच जाएगा। कुल मिलाकर चुनावी वादों और घोषणाओं के अलावा राहुल गांधी ने दो ऐसे मुद्दों को अपने दौरे में उठाया है जो सीधे जनता तक पहुंचेंगे और इसमें मीडिया कुछ नहीं कर पाएगा।

साहित्य


# एक दिन चाँदनी रात की श्वेत चमक...



के. एम. रेनू

एक दिन चाँदनी रात की
श्वेत चमक निहार रही थी
और बैठी बैठी सोच रही थी
कोई पेंसिल से पन्ने पर
खींच देता एक लकीर
और पास आकर कहता
देखो ये है तुम्हारी तस्वीर
वह हकीकत किसी
जन्नत से कम नहीं होती
मेरी निगाहों में प्रेम की
बरसात होती और
उसकी हर बूँद
वो गिन लेते
भर लेते किसी घड़े में
और मेरी हर भंगिमाओं को
काश उस लकीर में कैद करते
और कहते सुनों
मेरी खींची एक लकीर
तुम्हारी तस्वीर के साथ ही

## झरोखा



एक राग है
जिसे मैं संगीत की तरह
गुनगुनाता हूँ
महसूस करता हूँ
लकीर के रूप में
तुम्हारी हर आकृति
अपने भीतर समेटता हूँ
समा जाता हूँ
और चाँदनी जब डूब जाती है
मेरी आँखे उससे दूर जाती है
तब पता चलता है
जो अब तक हकीकत
की दुनियाँ में तैर रही थी
वह एक चिट्ठी भर थी
और शब्दों में बँधकर
रह गयी थी
मेरी हकीकत
पन्ने और स्याही के बीच
सिमटकर रह गयी थी



# राशिफल

**मेष:-** आज सावधानी बरते। संभव हो तो सरकार विरोधी कार्य से दूर रहिएगा। दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा। बाहर के खानपान की आदत के कारण स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना है। कार्य समयानुसार पूर्ण नहीं होंगे।

**वृषभ:-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा, परंतु मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य संभालने की ओर सावधानी बरतने की गणेशजी सलाह देते हैं। खर्च अधिक होगा।

**मिथुन:-** घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य संभालने की ओर सावधानी बरतें। खर्च अधिक होगा।

**कर्क:-** आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी। किसी के साथ वाद-विवाद न कीजिएगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। पारिवारिक वातावरण में शांति बनी रहेगी।

**सिंह:-** आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। फिर भी मध्याह्न के बाद आप आर्थिक योजनाओं पर विचार कर सकते हैं। परिश्रम के अनुरूप परिणाम मिलेगा।

**कन्या:-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे।

**तुला:-** आज गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी।

**वृश्चिक:-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे। मध्याह्न के बाद स्थिति में बदलाव होगा।

**धनु:-** गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे।

**मकर:-** सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है। मध्याह्न के बाद सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी देते हैं। स्वास्थ्य को संभालिएगा। वाहन चलाते समय भी सावधानी रखिएगा।

**कुंभ:-** आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा। कार्यालय में ऊपरी अधिकारी को आपके कार्य से संतोष रहेगा और पदोन्नति के योग हैं।

**मीन:-** व्यवसायी और व्यापारीवर्ग के लिए प्रात:काल का समय अनुकूल नहीं है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। ऊपरी अधिकारी तथा प्रतिस्पर्द्धियों के साथ व्यर्थ चर्चा या विवाद न करिएगा। कार्यालय का वातावरण अनुकूल होगा। अपूर्ण कार्य पूर्ण होंगे।

# क्यों धधक रहा सूडान



आदित्य नारायण

दुनिया में जिधर भी नजर दौड़ाएं उथल-पुथल ही नजर आ रही है। मानवता कराह रही है। लोग मर रहे हैं। सैकड़ों लोग हताहत हो रहे हैं। कहीं भूख से बच्चे बिलबिला रहे हैं तो कहीं अपने ही देश में लोग शरणार्थी हो रहे हैं। कहीं युद्ध है तो कहीं आतंकवाद। सूडान एक बार फिर वैश्विक खबरों में है। जहां इस समय अराजकता का माहौल है। शहरों से उठता हुआ धुआं और उनके बीच से गुजरते फाइटर जेट इस बात की ओर इशारा करते हैं कि देश में हालात बहुत बिगड़ चुके हैं। जिस देश ने अकाल का सामना किया हो और जिसने रोटी के लिए संघर्ष किया हो वहां गृहयुद्ध की स्थिति कैसे पैदा हो गई। यह एक विचारणीय प्रश्न है। सूडान में सेना और प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बल में खूनी संघर्ष छिड़ा हुआ है। इस संघर्ष में केरल निवासी एक भारतीय समेत कम से कम 61 लोगों की मौत हो गई है। इनमें तीन संयुक्त राष्ट्र कार्यकर्ता भी शामिल हैं। हिंसा में लगभग एक हजार लोग घायल हुए हैं। यद्यपि सेना ने अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स समूह के ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर सत्ता के लिए खूनी संघर्ष में बढ़त हासिल कर ली है। लेकिन इससे लोकतंत्र बहाल करने की उम्मीदों को ही झटका लगा है। इस सारे घटनाक्रम के बीच सूडान में रहने वाले भारतीय चाहते हैं कि देश में जल्द से जल्द शांति हो जाए। प्राचीन समय से ही इस देश का भारत से ऐतिहासिक, राजनीतिक और आर्थिक रिश्ता रहा है। लगभग दो हजार भारतीय मूल के लोग पीढ़ियों से सूडान में रह रहे हैं। इसके अलावा कई भारतीय कंपनियों ने सूडान में पैसा लगा रखा है और बहुत से भारतीय नौकरियों के सिलसिले में वहां हैं। भारत सरकार को भारतीय नागरिकों की च्चिंता है। तभी उसने स्थिति को देखते हुए परामर्श जारी किया था कि वे अपने घरों में ही रहें। भारतीय विदेश मंत्रालय की सूडान की स्थिति पर नजर है। सूडान में जारी खूनी संघर्ष के केंद्र में दो लोग हैं। इनमें एक सूडान के सैन्य नेता अब्दुल फतह अल बुरहान और दूसरे अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के कमांडर मोहम्मद हमदान दगालो हैं। कुछ समय पहले तक ये दोनों सहयोगी थे। इस जोड़ी ने 2019 में सूडानी राष्ट्रपति उमर अल-बशीर को अपदस्थ करने के लिए एक साथ काम किया था और 2021 में भी सैन्य तख्तापलट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बाद में नागरिक शासन को बहाल करने की योजना के दौरान सेना में आरएसएफ को एकीकृत करने के लिए बातचीत के दौरान दोनों के बीच विवाद और तनाव उत्पन्न हो गया। अब दोनों के बीच इस बात पर विवाद है कि नए पदानुक्रम में कौन सीनियर होगा और कौन उसके मातहत होगा? इसी वर्चस्व की लड़ाई में दोनों सैन्य कमांडर के बीच खूनी संघर्ष छिड़ चुका है। अब्दुल फतह अल बुरहान मूल रूप से सूडान का नेता है। बशीर के पतन के समय बुरहान सेना के महानिरीक्षक थे। उनका करियर दागलो के समानांतर रहा है। अब्दुल फतह अल बुरहान के नेतृत्व वाली सेना ने एक बयान में आरएसएफ के साथ बातचीत से इनकार करते हुए और इसे भंग करने की बात कही है और इसे बागी मिलिशिया करार दिया है। अर्द्धसैनिक समूह आरएसएफ ने सशस्त्र बलों के प्रमुख को अपराधी बताया है। वर्ष 2021 में देश में तख्तापलट हुआ था और अब इस तरह के संकेत मिल रहे हैं कि दोनों के बीच संघर्ष जारी रह सकता है। जनरल मोहम्मद हमदान दागलो की अगुवाई वाले आरएसएफ का सशस्त्र बलों में एकीकरण को लेकर सहमति न बन पाने की वजह से यह तनाव उत्पन्न हुआ है। जब दो साल पहले क्रांति हुई थी तो लोगों को उम्मीद थी कि उन्हें शीघ्र लोकतंत्र मिलेगा लेकिन अब उन्हें भविष्य अंधकार में नजर आ रहा है। लोग जश्न मना रहे थे कि उन्हें दूसरा सैन्य राज नहीं चाहिए, उन्हें भारत की तरह लोकतंत्र चाहिए लेकिन आर्थिक संकट ने हालात बिगाड़ दिए। बढ़ती महंगाई ने लोगों का जीना दूभर कर दिया। देश के बिगड़ते हुए हालातों से करंसी कमजोर हुई। रोटी और ईंधन की लगातार कमी होने लगी।

तख्ता पलट के बाद अंतर्राष्ट्रीय समर्थन और लोन राहत में अरबों डॉलर रुक गए। विकास परियोजनाओं को रोक दिया गया। राष्ट्रीय बजट पर दबाव डाला गया जिससे मानवीय स्थिति बिगड़ गई। रोटी को लेकर शुरू हुआ संघर्ष गृह युद्ध में बदल गया।

संयुक्त राष्ट्र के शांति स्थापना अभियानों के तहत भारतीय सेना के दस्ते सूडान में तैनात है जिन्होंने मानवीय सहायता मिशन में सराहनीय काम किया है। कई देशों ने सूडान में सभी पक्षों से संयम बरतने, लड़ाई रोकने और बातचीत के माध्यम से संकट को समाप्त करने की दिशा में काम करने का आह्वान किया है। लोगों को गोलियों और लड़ाई की गहरी परेशान करने वाली आवाजों से जागना होगा। सवाल यही है कि क्या दो जनरलों के बीच अहंकार की लड़ाई समाप्त होगी अगर संघर्ष जारी रहा तो एक और मानवीय संकट पैदा हो जाएगा।



स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# स्वास्थ्य विभाग ने हीटवेव को लेकर जारी किया अलर्ट

- लू से सतर्क रहें, सुरक्षित रहें : सीएमओ



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

अप्रैल के महीने में तापमान में एकदम से उछाल आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने हीटवेव (लू) को लेकर अलर्ट जारी कर दिया है।

आम जनमानस को जागरूक करने के लिए सीएमओ डॉ संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि तीन माहिने अप्रैल, मई व जून में लू का मौसम रहते के चलते बीमारियों से बचाव में नियंत्रण के स्वास्थ्य विभाग उपाय भी जारी कर रहा है। मरीजों की संख्या में बढ़ावा होने पर स्टाफ को सक्रिय रहने व विपरीत परिस्थितियों में तत्काल राहत देने के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

बताया कि लू (हीट-वेव) के दृष्टिगत जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर इलाज की समुचित व्यवस्था के लिए ओआरएस एवं आईवी फ्ल्यूड आदि का पर्याप्त स्टॉक करा दिया गया है। मानव संसाधन को भी अलर्ट कर दिया गया है। ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों पर आवश्यक दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करा दी गई है। माह अप्रैल, मई व जून लू (हीट-वेव) के प्रकोप के माह माने गये हैं।

जनपद में अभी तक कोई अप्रीय घटना रिपोर्ट नहीं हुई है। प्रतिदिन ग्रामीण व शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों से लू (हीट-वेव) की रिपोर्ट संकलित कर शासन को प्रेषित की जा रही है। जनपद स्तर से ब्लॉक स्तर के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को जल जनित बीमारी, निज स्वच्छता व सफाई के लिए संवेदनशील कर दिया गया है। मच्छरों से बचाव हेतु फॉगिंग व लार्वा स्प्रे नियमित रूप से किया जा रहा है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों हेतु एडवाइजरी जारी कर दी गयी है। महामारी की दशा में त्वरित कार्यवाही हेतु रैपिड रिस्पॉन्स टीम (आर.आर.टी.) का गठन कर दिया गया है।

### ऐसे करें बचाव

अधिक से अधिक पानी पिएं, पसीना सोखने वाले व हल्के रंग के वस्त्र पहनें। धूप मे निकलते समय चश्मे छाते व चप्पलों का प्रयोग करें। खुले मे कार्य करते हैं तो चेहरा, हांथ पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें यदि सम्भव हो तो छाते का प्रयोग करें। सम्भव हो तो पूर्वाहन 11:00 बजे से 04:00 बजे के मध्य धूप मे निकलने से बचें। घर मे बने पेय पदार्थ लस्सी, नींबू पानी एवं छाछ इत्यादि का प्रयोग करें। पेट में मरोड़, घमोरियां, शरीर में कमजोरी, चक्कर आना, सिर में तेज दर्द, उबकाई जैसे लक्षण सामने आए तो नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर चिकित्सीय सलाह लें।

# छोटी काशी के निकाय चुनाव में भाजपा, सपा व कांग्रेस ने उतारे अपने प्रत्याशी

**गोला गोकर्णनाथ खीरी समृद्धि न्यूज।**



आप को बता दें कि गोला गोकर्ण नाथ में निकाय चुनाव के चलते सभी पार्टियों ने अपने अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे भाजपा से नगर पालिका का पर्चा विजय शुक्ला उर्फ रिंकू ने गोला विधायक अमन गिरी व जिला अध्यक्ष, मंडल प्रभारी तथा शेर अली प्रदेश महामंत्री भारतीय मुस्लिम पशुमांदा मंच सहित काफी लोगो के साथ अपना नामांकन दाखिल किया दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी से अशोक वर्मा व कांग्रेस से यतीश शुक्ला निर्दलीय पार्टी से वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, वेद रामजी रस्तोगी , डॉ प्रीति इत्यादि नामांकन पर्चा दाखिल किये गये अब देखना यह है कि आने वाले समय में जनता किसको नगर पालिका की गद्दी के लिये ताज पहनायेगी और यह भी देखना है कि आने वाले मतदान के समय जनता गोला का विकास करने वाले किस प्रत्यासी को गोला की नगर पालिका की बागडोर सौपती है जनता अपना मतदान सूझ बूझ से गोला के विकास करने वाले प्रत्यासी को अपना मतदान करे क्यों कि हमे अपने मतदान करने की पूरी स्वतंत्रता है यह पांच वर्षो में राष्ट्रीय पर्व एक बार आता है और मतदान सही प्रत्यासी को किया जाय अगर गलत स्थान पर मतदान किया गया तो यह राष्ट्रीय पर्व पाच वर्षों के बाद ही हमें मिलेगा और हमारे नगर का विकास भी प्रभावित होगा।

## खबरें एक नजर में

### मुफ्त पुस्तक वितरण कार्यक्रम संपन्न

**बिसवां, सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** सेठ जय दयाल इंटर कॉलेज में सरकार द्वारा निर्धारित योजना अन्तर्गत कक्षा 6 से 8 तक के छात्रो को मुफ्त पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे विद्यालय के प्रबंधक महेश चंद्र मेहरोत्रा बबुआ जी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि महेश चंद्र मेहरोत्रा ने कहा कि सरकार की इस योजना से बच्चों मे पढाई के प्रति रूचि बढी है।भोजन और पढाई दोनो योजनाओं का सही क्रियान्वयन हो रहा इसके कारण बच्चों का स्कूल की तरफ मोह बढ रहा है। विद्यालय प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि पुस्तकों का मुफ्त वितरण अति सराहनीय कार्य है जो प्रतिभाएं अति गरीबी के कारण पढने से वंचित रह जाती थी उनके लिए सरकार द्वारा लागू ये योजना अति महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्य शकील अहमद अंसारी, शैलजा श्रीवास्तव मकसूद अली, सरिता देवी, सुधीर सिंह, पृथ्वी पाल, कपिल वर्मा, मनोज श्रीवास्तव सहित समस्त स्टाफ़ उपस्थित रहा।

### आग लगने से घर में रखा पूरा सामान जलकर हुआ राख

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** कसमंडा क्षेत्र के ग्राम वघहिया में बीते दिनों सुंदर लाल के घर में आग लग गई थी। जिसमें घर में रखें कपड़े, बर्तन, अनाज,चप्पल जूते सब कुछ जलकर राख हो गए। गांव के लोगों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। लेकिन जब तक सबकुछ जलकर राख हो गया था। घर में रखा पूरा सामान जलकर राख होने के कारण गरीब परिवार के सामने जीवनयापन करने की विकट समस्या आ गई। पीड़ित परिवार के सहयोग के लिए सीतापुर के समाजसेवी जिला अध्यक्ष भारतीय उधोग किसान व्यापार मण्डल सीतापुर सुनील टंडन ने पीड़ित परिवार के दुख में आगे हाथ बढ़ाकर सहयोग किया और पीड़ित परिवार को 2100 रूपये और बर्तन सहयोग के रुप में प्रदान किये। इस मौके पर सुभाष गुप्ता, कमलेश पांडे, सूरेश नंदन, अशोक कुमार, रामकिशोर यादव, सुनील कुमार टंडन आदि लोगों ने पीड़ित परिवार का सहयोग किया।

### रंजिशन युवक से गाली गलौज कर की मारपीट

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते गांव के ही युवक के साथ गाली, गलौज कर मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफशांतिभंग की कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना निवासी राजीव ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही पंकज उससे रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते वह आए दिन उसे परेशान करते रहते हैं। मंगलवार की सुबह वह गांव में जा रहा था। तभी उक्त पंकज ने उसे रास्ते में रोक लिया और गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों को आता देख वह जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफशांतिभंग की कार्रवाई की।

### न्यायालय से वांछित वारंटी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** विभिन्न मामलों में न्यायालय द्वारा वांछित चल रहे वारंटी को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने वारंटी को न्यायालय में पेश किया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छानी खास निवासी ठाकुरदास विभिन्न मामलों में न्यायालय द्वारा वांछित चल रहे थे। कोतवाली प्रभारी कुलदीप तिवारी को सूचना मिली कि उक्त वारंटी अपने गांव में है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस वारंटी को पकड़कर कोतवाली ले आई। जहां से उसे न्यायालय में पेश किया गया।

# प्रशासन के प्रयास से अनुबंधित बसों के सामूहिक अवकाश खत्म

- प्रशासन की बैठक में बस स्वामियों ने लिया निर्णय
- एआरटीओ लखनऊ, सीतापुर, पीटीओ लखनऊ, हरदोई ने की चेकिंग, 30 बसों का चालान, 12 सीज

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जिले में विभिन्न मांगों के दृष्टिगत विगत 02 दिनों से अनुबंधित बसों के सामूहिक अवकाश मंगलवार को समाप्त हुआ।

परमिट शर्तों का उल्लंघन करते हुए लखीमपुर से सीतापुर-लखनऊ मार्ग के लिए संचालित बसों के विरोध में रोडवेज की अनुबंधित बसें सामूहिक अवकाश (हड़ताल) पर थी। प्रशासन ने इन अनुबंधित बसों के संचालन के लिए अनुबंधित बस स्वामियों से समन्वय एवं संपर्क जारी रखा। मंगलवार को एआरटीओ (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे, सीओ सिटी संदीप सिंह, एआरएम रोडवेज लखीमपुर ने अनुबंधित बस स्वामियों के साथ बैठक की। उनकी मांगों पर विस्तृत चर्चा की। उनके समाधान कराते हुए सामूहिक अवकाश समाप्त कराया। बैठक में प्रशासन की ओर से गैर विधिक तरीके से संचालित बसों पर की कार्यवाही से भी अवगत कराया।

सीओ सिटी संदीप सिंह ने कहा कि परमिट शर्तो का उल्लंघन कर अनाधिकृत तरीके से बसों का संचालन होता पाया गया तो संबंधित बस स्वामी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी, जिसके बाद स्वयं जिम्मेदार होंगे।

एआरटीओ (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे ने बताया कि लखीमपुर से सीतापुर-लखनऊ मार्ग पर एआरटीओ लखनऊ, एआरटीओ सीतापुर, पीटीओ लखनऊ एवं पीटीओ हरदोई ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। गत दो दिनों के भीतर प्रशासन ने अभियान में 30 बसों का चालान किया एवं 12 बसे सीज की। बैठक समाप्त होने के बाद एआरटीओ प्रवर्तन रमेश कुमार चौबे, सीओ सिटी संदीप सिंह, एआरएम रोडवेज ने सड़कों पर दस्तक देकर प्रवर्तन अभियान चलाया।

### मोहल्ले का समुचित विकास करना मेरी प्राथमिकता : आलोक श्रीवास्तव

**सीतापुर।** नगर निकाय चुनाव के नामांकन के अंतिम दिन सभासद पद हेतु निर्दलीय प्रत्याशी वार्ड नंबर 16 तरीनपुर के आलोक श्रीवास्तव तहसील पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि मोहल्ले का समुचित विकास करना मेरी प्राथमिकता है।

काफी समय से लगातार वार्ड की समस्याओं के प्रति निरंतर कार्य करते चले आ रहे हैं। वार्ड वासियों के सहयोग और आशीर्वाद से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया है।

नामांकन के समय तरीनपुर वार्ड के रामजी शुक्ला, संतोष श्रीवास्तव, मनोज राठौर, अंकित श्रीवास्तव, किशोर श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, कुलदीप श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव सहित अन्य अपने समर्थकों के साथ नामांकन किया।

# निकाय चुनाव के दृष्टिगत एसपी ने मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

18 अप्रैल 2023 को पुलिस अधीक्षक श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना खीरी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा की गई व महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए एवं प्रत्येक जनशिकायत का फीडबैक स्वयं प्रभारी निरीक्षक को करने के लिए निर्देशित किया गया। आगामी त्यौहार ईद के दृष्टिगत शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं पीस कमेंटी की मीटिंग आयोजित करके त्यौहारों को आपसी प्रेम व सौहार्द के साथ मनाने की अपील करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही आगामी निकाय चुनाव के दृष्टिगत थाना खीरी में स्थित जिला पंचायत इण्टर कालेज खीरी टाउन मतदान केन्द्र का निरीक्षण भी किया गया व संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# घर से समोसा लेने गया बालक 48 घंटे से लापता

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

दो दिन पूर्व बाजार से समोसे लाने की बात कहकर निकला किशोर घर नहीं पहुंचा है। पीड़ित पिता ने पुत्र की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाते हुए कोतवाली में सूचना दी।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खटीकान निवासी वकील का 13 वर्षीय पुत्र रजा उर्फ लाला को सोमवार की सुबह समोसे खाने थे। वह अपनी मां से करीब साढ़े 8 बजे बाजार से समोसे लाने की की बात कहकर चला गया। काफी दर तक जब वह वापस नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू की गई।

सभी संभावित स्थानों और नाते रिश्तेदारों के यहां तलाश करने के बाद भी रजा का कहीं पता नहीं चला। जिसके बाद पिता वकील ने कोतवाली पहुचंकर पुत्र के लापता होने की सूचना दी। पिता ने पुलिस से पुत्र की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।



# तेज रफ्तार ट्रकों की भिड़ंत से लगी भीषण आग

- पास में खड़े दो अन्य ट्रक, पंचर की दुकान एक बाइक व खेत आए आग की चपेट में
- आगजनी से 80 लाख रुपये का नुकसान होने का आंकलन



**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को सदर कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे स्थित गोविंदम तिराहे पर दो ट्रकों में जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना के बाद दोनों ट्रकों में भीषण आग लग गई। इस दौरान वहां खड़े अन्य वाहन व दुकान भी आग की चपेट में आ गए। हादसे में एक ट्रक चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। जो शहर कोतवाली मोहल्ला शिवपुरी निवासी अख्तर 40 वर्ष ट्रक चालक है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को वह डम्फर में मटर लादकर जालौन से झांसी जा रहा था। जैसे ही वह दोपहर एक बजे गोविंदम ढाबा के पास हाइवे पर चढ़ा, तभी झांसी की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों में आग लग गई।इतना ही नहीं बल्कि वही पास में खड़े दो वाहन भी आग की चपेट में आ गए। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। एक साथ चार ट्रकों में लगी आग कुछ तेज हवाओं का साथ मिला और पास ही स्थित एक पंचर की दुकान, एक बाइक समेत खेत भी आग की चपेट में आ गए। आग की लपटों को देखकर स्थानीय लोगों ने घटना सूचना दमकल कर्मियों को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पूरी तरह आग बुझाने पर स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। लेकिन तब तक चार वाहन एक दुकान एक बाइक और खेतों में खड़े गेहूं के डंठल पूरी तरह जल कर राख हो गए। वहीं पुलिस ने गंभीर रूप से घायल चालक अख्तर को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। आग से करीब 80 लाख का रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है।

# अध्यक्ष पद के सात, सभासद पद के सत्तर उम्मीदवार चुनावी मैदान में

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

नगर निकाय चुनाव नामांकन प्रक्रिया के तहत जमा हुए नामांकन पत्रों की मंगलवार को जांच की गई। जांच होने के बाद नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए 7 उम्मीदवार और 25 सभासद पद के लिए 70 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। अब नाम वापसी को लेकर कयासों का दौर जारी है। नगर निकाय के चुनावों में अध्यक्ष पद के लिए विभिन्न दलों व निर्दलीय समेत 7 प्रत्याशियों ने 11 नामांकन पत्र भरे थे। जांच के दौरान सभी पर्चे सही पाए गए। जांच के बाद अब चुनाव मैदान में भाजपा से नेहा मित्तल पत्नी पुनीत मित्तल निवासी चिमनदुबे, कांग्रेस से मंजू दीक्षित पत्नी सुधीरकांत दीक्षित निवासी बापूसाहब, बसपा से सबाना हसन बहिन शाकिर हसन वारिसी निवासी नारोभास्कर, सपा से सलमा इकबाल मंसूरी पत्नी इकबाल मंसूरी निवासी कटरा, आम आदमी पार्टी से सुषमा राजावत पत्नी अजीत सिंह निवासी भवानीराम एवं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पूर्व सपा से पालिकाध्यक्ष रहे गुलाब सिंह जाटव की पत्नी कैलाशी देवी निवासी बालमभट्ट एवं भाजपा नेता अनिल शिवहरे की पत्नी रत्ना शिवहरे निवासी मुरलीमनोहर अपना राजनैतिक भविष्य अजमा रही है। जांच के दौरान नामांकन पत्र सही मिलने के बाद प्रत्याशियों ने अपनी जीत के प्रयास करना शुरू कर दिए हैं। नगर पालिका परिषद के सभासद के 25 पदों के लिए 70 प्रत्याशियों ने 137 नामांकन पत्र जमा किए थे। जांच के दौरान सभी 70 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र सही पाए गए। जिसके बाद अब 25 सभासद पद के लिए 70 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। मजे की बात यह है कि इस चुनाव में प्रमुख राजनैतिक दलों को सभी 25 वार्डो में प्रत्याशी नहीं मिले हैं। जिसके कारण प्रत्याशियों को संख्या तीन अंक में नहीं पहुंच पाई है।

# भाविप का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी रहना : डॉ. सिंह

- दायित्व ग्रहण समारोह में ली समाज हित में कार्य करने की शपथ

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**




भारत विकास परिषद की मुख्य शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह स्थानीय गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। जिसमें पदाधिकारियों से समाज के हित में कार्य करने की अपील की गई। भारत विकास परिषद की मुख्य शाखा के दायित्व ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. एमपी सिंह ने कहा कि भारत विकास परिषद हमेशा ही समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। परिषद की स्थापना का उद्देश्य ही समाजसेवा रहा है। इसलिए जिन महानुभावों को परिषद के संचालन का दायित्व मिला है। उसे वह इसकी स्थापना के उद्देश्यों को ध्यान में रखकर कार्य करें। समाज हित में पूर्ण निष्ठा और लगन के साथ कार्य करें। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय सचिव इंजी. अजय इटौरिया ने कहा कि परिषद का कार्य समाजसेवा है। उन्होंने विश्वास है जो लोग जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। वह इस उद्देश्य को भूलेंगे नहीं। परिषद के रक्तदान शिविर में पूर्व में 28 महादानियों ने रक्तदान किया था। उन सभी महादानियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। अंत में प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. सीपी गुप्ता ने डॉ. वेद प्रकाश शर्मा को अध्यक्ष, अनुराग बहरे को सचिव, श्याम किशोर गुप्ता उर्फ राजू को वित्त सचिव पद की शपथ दिलाई और परिषद हित में कार्य करने की अपील की। वहीं, नगर पालिका कन्या जूनियर हाईस्कूल में परिषद द्वारा स्थापित कराए गए वाटर कूलर का लोकार्पण भी किया गया। अंत में अध्यक्ष डॉ. वेदप्रकाश ने बताया कि इस वर्ष शाखा ने दो वाटर कूलर स्थापित कराए हैं। इसके अलावा रक्तदान शिविर, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, पोधरोपण किया, मेंहदी प्रतियोगिता एवं मेधावियों व शिक्षिकों को सम्मानित किया गया। आगे भी परिषद समाज के हित में कार्य करती रहेगी। इस मौके पर डॉ. धर्मेंद्र मिश्रा, अरूणकांत दुबे, प्रदीप रिनियां, उमेश दीक्षित, शिवशंकर सिंह, जितेंद्र सिंह गुर्जर, अतुल खन्ना, दीपक मित्तल, राजीव माहेश्वरी, डॉ. बृजेंद्र दुबे, अनिल याज्ञिक, राजीव मिश्रा, वीरेंद्र सोनी, डॉ. रंजना दुबे आदि मौजूद रहे।

# भाजपा के 5 कार्यकर्ता सपा से एक, सियासी चुनाव में कौन बनेगा नगर अध्यक्ष

- सपा से रश्मि जायसवाल को बनाया प्रत्याशी नीलकमल राठौर का पर्चा निरस्त

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद से भारतीय जनता पार्टी ने नेहा अवस्थी पुत्रवधू मुनेंद्र अवस्थी को प्रत्याशी बनाया और चुनावी मैदान में उतारा वहीं भाजपा नेत्री पूनम मिश्रा बबीता गुप्ता राकेश राठौर गुरु राज्यमंत्री के बड़े भाई सतीश राठौर की पत्नी किरन राठौर आशीष मिश्रा पत्नी श्रद्धा मिश्रा भी चुनाव मैदान में हैं और सियासी बगावत कर रही है जिसमें समाजवादी पार्टी से अध्यक्ष पद की प्रत्याशी रश्मि जायसवाल पुत्रवधू राधेश्याम जायसवाल को सपा ने प्रत्याशी बनाया लेकिन उसी पार्टी के कार्यकर्ता राकेश राठौर की पत्नी नीलकमल राठौर ने भी अपना नामांकन किया लेकिन उनका पर्चा निरस्त हो गया वहीं कांग्रेस ने पिंदर सिंह सिद्धू की पत्नी हरप्रीत कौर को प्रत्याशी बनाया उन्होंने नामांकन पत्र दाखिल किया अब देखना यह है कि इस सियासी घमासान निकाय चुनाव में जनता किसे मतदान करती है अगर जनता भाजपा को मत देना चाहती है तो भी वह किसे दे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को या जो पांच निर्दलीय प्रत्याशियों को जो 5 कार्यकर्ता उसी पार्टी से हैं तो किसे करें मतदान जनता असमंजस में पड़ी है यही हाल समाजवादी पार्टी में बना हुआ था उसमें भी दो प्रत्याशी सपा से चुनाव लड़ रहे थे लेकिन दोनों प्रत्याशियों ने पहले से ही चुनाव प्रचार प्रसार शुरू कर दिया था दोनों ने आमने-सामने नामांकन पत्र दाखिल किया रश्मि जायसवाल ने कहा कि पार्टी ने हमें पहले प्रत्याशी घोषित किया था जनता चाहेगी तो हमें अध्यक्ष बनाएगी जो भी कार्य अधूरे पड़े हैं उन्हें अगर मैं अध्यक्ष बनी तो अवश्य पूरा करूंगी राधेश्याम जायसवाल ने कहा कि राकेश राठौर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से कहा अगर हमें टिकट नहीं दिया गया तो हम अपनी व अपने दोनों बेटों को गोली मारकर हत्या कर लेंगे जिस वजह से सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सीतापुर नगर पालिका में सपा के दो प्रत्याशी बनाएं राधेश्याम जायसवाल ने कहां की हमारी बहू रश्मि जायसवाल चुनाव में विजय घोषित होती है तो अधूरे कार्य पूरे कराए जाएंगे और नगर का विकास कराया जाएगा यह भी आपको बताते चलें कि सपा से 2 प्रत्याशी थे उस पर क्या कार्यवाही रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा की गई जो प्रत्याशी रिटर्निंग ऑफिसर को अपने कागजात पहले देता है उसमें दिनांक व समय का ध्यान रखा जाता है नियमावली के अनुसार उसे पार्टी का प्रत्याशी माना जाएगा जो प्रत्याशी रिटर्निंग ऑफिसर को बाद में देता है तो उसे प्रारूप 7 के अनुसार निर्दलीय घोषित किया जाएगा लेकिन पर्चो की जांच के अनुसार रिटर्निंग ऑफिसर से जानकारी प्राप्त हुई कि राकेश राठौर की पत्नी नीलकमल राठौर ने 14 अप्रैल को नामांकन पत्र में समाजवादी पार्टी का नाम भरा था और रश्मि जायसवाल ने भी समाजवादी पार्टी ही भरा था लेकिन अंतिम दिन 17 अप्रैल को 12-52 बजे रश्मि जायसवाल ने कागजात व पार्टी का सिंबल रिटर्निंग ऑफिसर को दिया वही नीलकमल राठौर ने 1:00 बजे रिटर्निंग ऑफिसर को कागजात व पार्टी का सिंबल दिया जैसा कि पहले बताया कि प्रत्याशी को निर्दलीय घोषित किया जाता लेकिन उन्होंने नामांकन पत्र में निर्दलीय नहीं भरा था जिस कारण उनका पर्चा निरस्त घोषित कर दिया गया।

# क्षय उन्मूलन में अहम भूमिका निभा रहीं आशा सत्यवती वर्मा

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

क्षय रोगियों की स्क्रीनिंग, जाँच और इलाज के साथ ही निक्षय आईडी बनाने से लेकर फॉलोअप तक में आशा कार्यकर्ताएं अहम भूमिका निभा रहीं हैं। सामुदायिक बैठक कर लोगों को जागरूक करने और टीबी को लेकर व्याप्त भ्रांतियों व भेदभाव को दूर करने का काम कर रही हैं। इस तरह वह राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की एक मजबूत कड़ी बनकर उभरी हैं।

मिश्रिख ब्लॉक के किशुनपुर गांव की आशा कार्यकर्ता सत्यवती वर्मा इसकी मिसाल हैं। मिश्रिख सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आशीष सिंह का कहना है कि आशा कार्यकर्ता सत्यवती ने अब तक 150 से अधिक लोगों की जांच कराई है और इनमें से कई टीबी मरीज के रूप में चिन्हित भी हुए हैं। वह संभावित मरीजों को लेकर सीएचसी आती हैं, यहां पर उनकी जांच की जाती है, टीबी संक्रमित पाए जाने पर संबंधित मरीज को दवा खिलाने और उसकी देखभाल करने का काम भी सत्यवती अच्छे से करती हैं।सत्यवती के प्रयासों के अच्छे परिणाम भी आए हैं। प्रभावित परिवार के लोग भी अब अपनी जांच कराने के लिए आगे आने लगे हैं।सत्यवती पिछले 13 सालों से नियमित तौर पर क्षेत्र में सामुदायिक बैठक कर लोगों को टीबी के लक्षणों, जांच और इलाज के बारे में बताती हैं। यह धनराशि आशा कार्यकर्ता के बैंक खाते में भेजी जाती है। सत्यवती का कहना है कि टीबी को लेकर आज भी लोगों में भ्रांतियां हैं। क्षेत्र में यदि किसी को टीबी है तो आस-पास के लोग तो पूरे परिवार से दूरी बना लेते हैं। क्षय रोगी के बर्तन अलग कर दिए जाते हैं, उन्हें घर का सामान छूने नहीं दिया जाता। यह सही नहीं है।

दरअसल इन लोगों को पता ही नहीं है कि केवल फेफड़ों की टीबी संक्रामक होती है। ऐसे लोगों को समझाती हूं कि यदि फेफड़ों की टीबी है तो सावधानी बरतने की जरूरत है। ऐसे मरीजों को खांसते और छींकते समय मुंह पर रुमाल लगाना चाहिए, खुले में बलगम नहीं थूकना चाहिए। यह भी बताती हूं कि कई बार मरीज टीबी की दवा लेने नहीं आ पाते हैं तो उनके घर दवा पहुंचाती हूं। कई ऐसे भी मरीज हैं जो निजी चिकित्सक से अपना इलाज करा रहे हैं ऐसे मरीजों को मैं डॉट सेंटर पर मिलने वाले इलाज और सरकारी सेवाओं व सुविधाओं की जानकारी भी देती हूं।

इनसेट टीबी की पुष्टि पर मिलते हैं 500 रुपये मिश्रिख सीएचसी की सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर साधना पुष्कर का कहना है कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में आशा कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इनके सहयोग से ही क्षेत्र के छूटे एवं छिपे हुए मरीजों तक पहुंचना आसान है। संभावित क्षय रोगी को ढूंढने, सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराने और क्षय रोग की पुष्टि होने पर आशा कार्यकर्ता को 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रति मरीज दिए जाने का प्रावधान है। इसके अलावा जिले की अधिकांश आशा कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता होने के साथ ही सत्यवती एक डॉट्स प्रोवाइडर भी हैं। जिसके एवज में उन्हें हर माह एक हजार रुपए मानदेय मिलता है। यह धनराशि आशा कार्यकर्ता के बैंक खाते में भेजी जाती है।

### दंपत्ति ने मिलकर महिला को पीटा

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** रंगबाजी को लेकर मोहल्ले के दम्पति ने मिलकर महिला के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी तथा जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दम्पति के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र पुरानी हाट निवासी राबिया पत्नी असीम ने बताया कि उनके मोहल्ले के राशिद खां उनसे रंगबाजी को लेकर द्वेष मानते हैं। इसी द्वेष चलते उन्होंने राशिद खां व उनकी पत्नी शायरा ने मिलकर उनके साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। मना करने पर उन्होंने जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस दम्पति के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज कर लिया है।

# सीएमओ कार्यालय का डीएम ने किया औचक निरीक्षण कर, दी चेतावनी

**समृद्धि न्यूज सोनभद्र।**



जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने राबर्ट्सगंज स्थित मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए डीएम चन्द्र विजय सिंह ने कहा कि परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर तरीके से सुनिश्चित करायी जाये। इस दौरान उन्होंने बनाये जा रहे दिव्यांग प्रमाण-पत्र की स्थिति का जायजा लिया साथ ही दिव्यांग प्रमाण-पत्र के नोडल अधिकारी को निर्देशित किया कि दिव्यांग प्रमाण-पत्र हेतु आने वाले व्यक्तियों का प्राथमिकता के आधार पर दिव्यांग प्रमाण-पत्र निर्गत कराया जाये और उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये। दिव्यांग प्रमाण-पत्र निर्गत करने में किसी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान उन्होंने एम्बुलेंस के संचालन प्रक्रिया का जायजा लिया और कहा कि एम्बुलेंस सम्बन्धित क्षेत्रों में निर्धारित समयानुसार बीमार व्यक्तियों को ले आने के लिए तत्पर रहें, इसकी मानीटरिंग बेहतर ढंग से सुनिश्चित की जाये, इस दौरान उन्होंने मलेरिया कक्ष का भी निरीक्षण किया और विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी प्राप्त की। डॉक्टर व कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण किये। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के पास स्थित स्टोर रूम का भी निरीक्षण किया। स्टोर रूम के निरीक्षण के दौरान परिसर में बाहरी वाहन खड़े हुये पाये गये, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सुनिश्चित किया जाये कि अनाधिकृत तरीके से बाहरी व्यक्तियों के वाहन कदापि खड़े न होने पायें, स्टोर रूम के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने डी0एम0एफ0 फण्ड से क्रय की गयी सामग्री के सम्बन्ध में सम्बन्धित स्टोर प्रभारी से जानकारी प्राप्त की, क्रय की गयी सामग्री में इन्फ्यूशन पम्प विथ स्टैण्ड, डेन्टल एक्सरे मशीन, डायग्नोस्टिक डेन्टल किट, एपेक्स लोकेटर सहित अन्य क्रय की गयी सामग्रियों के सम्बन्ध में जानकारी ली और डी0सी0 मनरेगा श्री रमेश यादव को निर्देशित करते हुए कहा कि डी0एम0एफ0 फण्ड से क्रय की गयी सामग्रियों का मिलान कराते हुए उसके गुणवत्ता व मूल्य का भी आकलन करते हुए आख्या रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने क्रय की गयी चादर को देखा, तो चादर की गुणवत्ता ठीक नहीं पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त चादर को वापस कर अच्छी क्वालिटी के चादर को क्रय किया जाये, इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने वैक्सीनेशन सेन्टर का भी निरीक्षण किया और निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि टीकाकरण हेतु जो भी वैक्सीन प्राप्त हुई है, उसे निर्धारित समय में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों पहुंचाना सुनिश्चित किये जाये और बच्चों के जन्म के समय जो टीकाकरण होना है, वह टीकाकरण समय से नवजात शिशुओं का किया जाये। टीकाकरण के प्रगति की जानकारी में यह तथ्य संज्ञान में आया कि हेपटाईटस बी के टीकाकरण की रफ्तार धीमी है, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि हेपटाईटिस बी सहित अन्य टीकाकरण भी समय से नवजात शिशुओं का कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। निरीक्षण के दौरान यह तथ्य भी संज्ञान में आया कि होमियोपैथिक दवाएं काफी मात्रा में स्टोर रूम पर रखी पायी गयी और इसी प्रकार से स्टोर रूम में फ्रिज भी काफी संख्या में रखे हुए पाये गये।

# परीक्षा में चयनित होकर शुभम ने बढ़ाया अयोध्या का मान



**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**

विप्रसंजीवनी परिषद छात्रावास में रहकर तैयारी कर रहे रामनगरी के प्राचीन और प्रख्यात श्रीराजगोपाल संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय अयोध्या आचार्य तृतीय सेमेस्टर (एम0ए0) के छात्र शुभम पाण्डेय को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। यह उपलब्धि यू.जी.सी./ जे.आर.एफ./ असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा उत्तीर्ण करने से जुड़ी है।

इस परीक्षा को उत्तीर्ण करके श्री पांडेय ने न केवल रामनगरी बल्कि समूचे अयोध्या जनपद का जो गौरव संवर्द्धन किया है जिसे बहुत ही सराहनीय माना जा रहा है।इस परीक्षा को पास करने पर भारत सरकार द्वारा पांच वर्ष तक प्रतिमाह लगभग 35 हजार रुपए छात्रवृत्ति एवं असिस्टेंट प्रोफेसर की अर्हता प्रदान की जाती है। जानकारी के मुताबिक श्री राजगोपाल संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय अयोध्या के प्राचार्य तथा विप्रसंजीवनी परिषद अयोध्या के संस्थापक डॉ अशोक पाण्डेय द्वारा तैयारी करने वाले जरुरतमंद बच्चों को निःशुल्क रहने की व्यवस्था एवं निःशुल्क अध्यापन द्वारा तैयारी करायी जाती है।विगत दो वर्षों में ही संस्कृत विषय से यू.जी.सी./ जे.आर.एफ. परीक्षा पास करने वाले छात्रों की संख्या चार से अधिक है। जहाँ आज के दौर में लोग पैसे के लिए अपना ईमान तक तक बेच देते है वही प्राचार्य डा0 पाण्डेय अपने आवास पर प्रतिदिन विद्यालय से आने के बाद तीन घण्टे निःशुल्क पचास से अधिक जरुरतमंद बच्चों को तैयारी करवाते है और उन्होंने उनके रहने और भोजन की व्यवस्था भी की हुई है।बताया गया कि प्रति वर्ष यहाँ से बच्चे बी.एच.यू./ जे.एन.यू.जैसी संस्थाओं में जाकर अयोध्या का गौरव संवर्धन कर रहे है।

# नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

**सहजनवा गोरखपुर। समृद्धि न्यूज**

पानी प्रचुर मात्रा मे पीये और नियमित व्यायाम करें।18अप्रैल दिन मंगलवार को उक्त बाते डाक्टर आशीष प्रताप मल्ल (दन्त मुख व जबड़ा रोग विशेषज्ञ लेक्चर पूर्वांचल इनसटीयूट आफ डेंटल साइंस गोरखपुर व सीईओ मिशन पायरिया मुक्त अभियान) ने निशुल्क दन्त चिकित्सा शिविर गोपाल शिशु मंदिर सहजनवॉ मे कैंप के दौरान बताया । शिविर मे प्रधानाचार्य रामनजर दुबे ने बताया आज के समय मे शिक्षा और नैनिहालो का स्वास्थय भी जरूरी है। विद्यालय के प्रबंधक संजय शुक्ला (जिला पंचायत सदस्य) ने शिविर में चिकित्सको को धन्यवाद व इनके



जागरूकता अभियान की सराहनीय की। डाक्टर साहब ने लोगों को ये भी बताया कि इस गर्मी के मौसम मे पानी की प्रचुर मात्रा में पीये , सामान्यतः फ्रिज मे किये गये ठंडे पानी को ना पीये। हरी सब्जियों का सेवन जादा करे। नियमित दो बार टूथब्रश करे साथ ही नियमित व्यायाम करें। इससे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। शिविर में लगभग 167 लोगों का निशुल्क जाँच सलाह के साथ टूथपेस्ट व दवा वितिरण किया गया। डाक्टर आशीष प्रताप मल्ल ने बच्चों के दाँतो के बारे मे व स्वस्थ्य को लेकर तंबाकू, पान मसाला, सिगरेट, बीड़ी, गुलमंजन, शराब, गुटका से होने वाले रोगों व मुख कैंसर के बारे में जानकारी दिये। शिविर मे संदीप कुमार फार्मासिसट, गगन सिंह (व्यावसायिक प्रबंधक जे एल यम लिमिटेड) व शिक्षकगण, नवीन सिंह मेडिकल रिपंरजेटिव (मैनकाइंड फार्म), गंगेश पांडेय मेडिकल रिपंरजेटिव (शिपला) उपस्थित रहे।

# किंतूर गाँव में आग से पांच लोगों के जले आशियाने

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

ग्राम किन्तूर के सैयदवाड़ा मोहल्ले में अचानक एक घर से लगी आग ने देखते ही देखते कई छप्पर नुमा घरों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे 5 लोगों की गृहस्थी के साथ ही कई मवेशी भी जलकर घायल हो गए ।आग लगने से मोहल्ले में हाहाकार मच गया। मौके पर एकत्रित ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया किंतु सफलता नहीं मिली। सूचना पाकर फायर बिग्रेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग



बुझाई।मंगलवार को कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के ग्राम किन्तूर में दोपहर करीब 12 बजे सैय्यद वाड़ा मोहल्ले के रामू पुत्र राम सागर के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई और देखते ही देखते ऊंची उठती आग की लपटों ने प्रहलाद पुत्र बाबूलाल प्रेम शंकर पुत्र भगवती रवि यादव वा रामनारायण के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग पर काबू पाने के लिए ग्रामीणों ने पंपिंग सेट चलाकर आग बुझाने का काफी देर तक प्रयास किया । कुछ देर बाद ही सूचना पाकर फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। आग से घरों की गृहस्थी के साथ ही रामू व रामनारायण की खड़ी दो ट्रालियों के टायर जल गए। वहीं दरवाजों पर बंधी भैंस और गाय भी

# शिव पूजन मौर्य सेन्ट्रल अकादमी में चेचक की दवा का वितरण

**गोला-गोरखपुर। समृद्धि न्यूज**

सोमवार को गोला तहसील क्षेत्र के देईडिहा स्थित शिव पूजन मौर्य सेन्ट्रल अकादमी मे बच्चों सहित सभी कर्मचारियों को गोरक्षहोमयो सेन्टर के द्वारा शिविर लगाकर निशुल्क चेचक की दवा का बितरण किया गया। दवा वितरण के दौरान होम्योपैथिक चिकित्सक डाक्टर विवेक मिश्र ने बताया की बीते कुछ दिनों से देश के कई हिस्सों में चिकनपॉक्स चेचक की बीमारी के कई मामले सामने आए हैं। जिसको लेकर लोगो को सतर्क रहने की जरूरत है उन्होंने लोगो को चिकनपॉक्स के लक्षण, इलाज व बचाव के बारे में बताते हुए कहा की इस दिनो गर्मी अपने साथ ढेर सारे इंफेक्शन और बीमारियां लेकर आती हैं। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, वैसे-वैसे कई तरह की बीमारियां फिर से अपना फन उठा रही हैं। बीते कुछ दिनों में देश के कई हिस्सों में चिकनपॉक्स यानी चेचक की बीमारी के कई मामले सामने आए हैं। चिकनपॉक्स (चेचक की बीमारी) ने कई बच्चों को अपनी गिरफ्त में ले लिया। चिकनपॉक्स एक संक्रामक बीमारी है और अगर सही समय पर इसके लक्षण पहचान कर इलाज करवा लिया जाए तो इससे बचा जा सकता है। आप अपने बच्चों को चिकनपॉक्स से बचा सकते हैं, बस इसके लिए कुछ बातों को ध्यान रखने की जरुरत है उन्होंने इसके लक्षण के बारे मे बताया की पहले सर दर्द, तेज बुखार, खासी, उल्टी होना ऐसे लक्षण पाए जाते है, इससे बचने के लिए होम्योपैथी दवाइयां, लिया जा सकता है।

# जिला कारागार में आयोजित किया गया विधिक साक्षरता शिविर

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशानिर्देशन व तथा जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष संजीव फौजदार के मार्गदर्शन में मंगलवार को जिला कारागार के किशोर बैरक में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।यह विधिक साक्षरता शिविर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शैलेंद्र सिंह यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।इसके साथ ही साथ जिला कारागार के पुरुष और महिला बैरक का निरीक्षण किया गया और निरीक्षण के समय सब कुछ सही पाया गया।निरीक्षण के समय जिला कारागार में कुल 1230 पुरुष एवं 51 महिला बन्दी पायी गयी।महिला बैरक में महिला बन्दियों के साथ 06 बच्चे भी संचालित है।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री यादव द्वारा जागरूकता शिविर में उपस्थित किशोर बन्दियों से उनकी परेशानियों व विधिक समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी।उनको उनके



अधिकारों व विधिक प्राविधानों से अवगत कराया गया,जिसका उनके द्वारा लाभ लिया जा सकता है।शिविर में उपस्थित बन्दियों के उनके स्वास्थ्य एवं खानपान के बारे में जानकारी भी प्राप्त की गयी।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री यादव द्वारा जेल में निरूद्ध बन्दियों को विधिक जानकारी प्रदान की गयी एवं बताया गया कि यदि किसी बन्दी के पास अधिवक्ता की सुविधा उपलब्ध नहीं है,तो उसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अपने मुकदमे की पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा प्रदान की जाती है।जेल में लीगल एड क्लीनिक की स्थापना की गयी है जिससे किसी बन्दी को कोई समस्या हो तो वह जेल में स्थापित लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है।साथ ही साथ जिला कारागार अधीक्षक को यह भी बताया गया कि जिन बन्दियों की जेल अपील की जानी है उनका प्रार्थना पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में उपलब्ध करायें जिससे बन्दियों की जेल अपील के सम्बन्ध में आगे की कार्यवाही की जा सकें।

# निर्दलीय प्रत्याशी चंदा देवी ने भाजपा प्रत्याशी का किया समर्थन

**गोला गोरखपुर। समृद्धि न्यूज**

भाजपा से बागी होकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रही चंदा देवी ने पार्टी पदाधिकारियों की पहल पर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में नामांकन वापस लेने की घोषणा किया है। तथा नेतृत्व को पार्टी प्रत्याशी के जीत के लिए काम करने का भी वचन दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, नपं गोला निकाय चुनाव प्रभारी मनोज शुक्ल, जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन व किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष नवनीत राय ने उपनगर के एक निजी होटल में भाजपा की बागी निर्दल प्रत्याशी चंदा देवी के पति महेंद्र सोनकर व उनके पुत्र पंकज सोनकर को माला व भाजपा का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। तथा उनसे नगर पंचायत गोला से पार्टी प्रत्याशी किरन सोनकर समेत सभी सभासदों के जीत के लिए अपनी पूरी उर्जा के साथ काम करने की अपील किया। इस अवसर भाजपा नेता महेंद्र सोनकर व पंकज सोनकर ने कहा कि उनका परिवार जनसंघ के जमाने से भाजपा परिवार का सदस्य रहा है। शीर्ष नेतृत्व की पहल पर हमारा पूरा परिवार भाजपा प्रत्याशियों की जीत एवं पार्टी की मजबूती के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य करेगा। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी किरन देवी के पति बबलू सोनकर, सह जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार हिंदुस्तानी, रिंकू मिश्रा, शिवम दूबे, अजय यादव आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की तरफ से अजय कुमार का किया गया नामांकन

**मिर्जापुर। समृद्धि न्यूज**

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय मिशन कंपाउंड पर से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिव कुमार पटेल के नेतृत्व में जलूस निकाल कर छानबे विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी अजय कुमार का नामांकन किया गया नामांकन के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मिर्जापुर के प्रभारी धर्मेंद्र मिश्रा नामांकन में शामिल हुए जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर प्रेस वार्ता के दौरान उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि छानबे विधानसभा का उपचुनाव और नगर




पालिका का चुनाव कांग्रेस पार्टी बहुत मजबूती से लड़ेगी हमारा लक्ष्य है कि अधिक से अधिक सीटों पर जीता जाए श्री खाबरी ने कहा कि होने वाले लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस पार्टी मजबूती से लड़ेंगे और कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनेगी। श्री खाबरी ने कहा कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा और राहुल गांधी के लोकप्रियता से भाजपा सरकार घबराई हुई है कहा कि अडानी की कम्पनी की जाँच से क्यों भाग रही है बीजेपी सरकार 20000 करोड़ रुपए अडानी कंपनी में किसका लगा है देश के लोकतांत्रिक इतिहास में यह पहली बार हो रहा है कि राहुल गांधी जी को बोलने नही दिया जा रहा है। श्री खाबरी ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए भ्रष्टाचार से लड़ने वाले राहुल गांधी से केंद्र की बीजेपी सरकार घबराई हुई जनता की आवाज को संसद से लेकर सड़क तक मोदी एवं अडानी के खिलाफ संघर्ष कर रहे थे। बीजेपी सरकार साजिश के तहत उनकी सदस्यता समाप्त कराई गई क्योंकि राहुल गांधी लोकसभा में तमाम मुद्दों को लेकर बोलना चाहते थे केंद्र और प्रदेश की बीजेपी सरकार हर मोर्चे पर विफल है। पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिव कुमार सिंह पटेल ने कहा कि बीजेपी सरकार में लोकतंत्र नहीं रह गया है जनता महंगाई से त्रस्त नौजवान बेरोजगार है इस सरकार ध्यान नहीं दे रही है।

# जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का बार मे हुआ भव्य स्वागत

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जिला बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप सिंह महामंत्री शाहिन अख्तर व वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश सिंह सहित समस्त कार्यकारिणी का पूर्व महामंत्री रितेश कुमार मिश्र व अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा सहित समस्त कार्यकारिणी ने स्वागत किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप सिंह महामंत्री शाहिन अख्तर व वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश सिंह सहित समस्त कार्यकारिणी व निवर्तमान महामंत्री रितेश कुमार मिश्र व अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा सहित समस्त कार्यकारिणी की सयुक्त बैठक आहूत की गई जिसमें नव निर्वाचित अध्यक्ष, महामंत्री व वरिष्ठ उपाध्यक्ष सहित समस्त कार्यकारिणी का निवर्तमान कार्यकारिणी ने माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर किया स्वागत जिसमे नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप सिंह महामंत्री शाहिन अख्तर व वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश सिंह व निवर्तमान महामंत्री रितेश कुमार मिश्र व अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा सहित नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष प्रथम देश दीपक तिवारी,उपाध्यक्ष द्वितीय शरद उपाध्याय, प्रशासन मंत्री अरविन्द वर्मा भुल्लन, प्रकाशन मंत्री अमित विश्वकर्मा, पुस्तकालय मंत्री ज्ञान प्रकाश वर्मा, कोषाध्यक्ष दिलीप मिश्रा एवं वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य श्री अम्बरीश श्रीवास्तवव,रमेश चंद्र वर्मा, रमाकांत शुक्ला, संजय वर्मा, राजेश यादव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव आदि का स्वागत किया गया।

## खेत की मेड़ को लेकर दो पक्ष भिड़े, आधा दर्जन घायल, आठ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**सिद्धौर बाराबंकी।** कोठी थाना क्षेत्र में मेड़ काटने के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने आठ के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। मारपीट की यह घटना थाना क्षेत्र के बुधनई गांव की है। गांव निवासी संतलाल व श्रवण के बीच खेत की मेड़ काटने को लेकर विवाद शुरु हो गया। मामला बढ़कर मारपीट तक पहुंच गया। दोनों पक्षों में लाठी डंडों से हुई मारपीट में श्रवण, भारत, रंजीत, राजकुमारी, संतलाल व उनकी पत्नी आरती घायल हो गई ।दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों से आठ के विरुद्ध मामला दर्ज कर घायलों को उपचार और परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है।

## थाने से दिन दहाड़े बाइक चोरी

**सिद्धौर बाराबंकी।** कोठी थाना क्षेत्र में सक्रिय चोर थाना से चंद कदमों की दूरी पर बाजार से दिनदहाड़े बाइक चोरी कर ले गए। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के मोहद्दीनपुर गांव निवासी जय सिंह के मुताबिक कोठी कस्बा की साप्ताहिक बाजार में वह बाइक से सब्जी लेने गया था। जहां बाइक को पार्क कर वह सब्जी खरीदने चला गया। लौटने पर उसकी बाइक नदारद थी। काफी तलाश करने पर जब बाइक का पता नही चला तो उसने पुलिस को इसकी सूचना दी । शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी । दिनदहाड़े हुई इस घटना से स्थानीय कस्बा वासियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## सपा ने जारी की सात सभासद प्रत्याशी सूची

**बाराबंकी।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने राष्ट्रीय स्तर से प्राप्त निर्देशों के क्रम में नगर पालिका परिषद नवाबगंज के 7 वार्डों के सभासद प्रत्याशियों की द्वितीय सूची जनपद के सभी वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श करने के पश्चात आज जारी कर दी। जिसमें वार्ड नंबर 3 बड़ेल से फूलमती कनौजिया- पत्नी पप्पू कनौजिया, वार्ड नंबर 4 तहसील कॉलोनी सरिता कुमारी -पत्नी त्रिलोकी कुमार, वार्ड नंबर 5 आनंद विहार से राकेश कुमार कनौजिया- पुत्र स्वर्गीय कन्धई लाल, वार्ड नंबर 10 बाल्मीकि नगर अश्वनी शर्मा पुत्र- स्वर्गीय अनिल शर्मा, वार्ड नंबर 13 जलालपुर मोहम्मद आजम पुत्र- मोहम्मद आजाद, वार्ड नंबर 17 दशहरा बाग शीलू वर्मा पत्नी- अमर वर्मा, वार्ड नंबर 21 सरावगी मोहम्मद साबिर- पुत्र अली हुसैन को समाजवादी पार्टी ने अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया है।

## महिला का शव मिलने से हड़कम्प

**ओबरा (सोनभद्र)।** स्थानीय थाना अंतर्गत ग्राम जुर्रा पोस्ट पनारी थाना ओबरा अंतर्गत मंगलवार की सुबह करीबन 7 बजे शनिचरी पत्नी मटकधारी की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिवारजनों को सूचना मिलने पर करीबन 7.30 बजे मृतक के पुत्र झिगई ने फोन के जरिए ओबरा थाने को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर शव को पी एम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

## दो नफर अभियुक्त गिरफ्तार

**ओबरा (सोनभद्र)।** मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत ओबरा पुलिस ने मंगलवार को अवैध शराब बनाने व बेचने के आरोपी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालयी पेशी में भेज दिया। अभियुक्तों के पास से एक कुंतल से अधिक लहन, शराब बनाने की भट्टी व संसाधनों समेत 30 लीटर अवैध कच्ची शराब पुलिस ने बरामद किया। गिरफ्तार अभियुक्तों राजकुमार (25) पुत्र स्व.बलिराम निवासी खैरटिया ओबरा थाना छोटे लाल चेरो (26) पुत्र कल्लू, अन्त चोपन निवासी को आबकारी अधिनियम में आबकारी अधिनियम में निरुद्ध किया गया। गिरफ्तारी टीम अगुवाई चौकी प्रभारी अमित कुमार त्रिपाठी ने किया था।

## एसडीएम ने की पीस कमेटी की बैठक

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** ईद त्यौहार को लेकर थाना कोतवाली बदोसरांय परिसर में पीस कमेटी की बैठक उपजिलाधिकारी विश्वमित्र सिंह की अध्यक्षता एंव पुलिस उपाधीक्षक रामनगर जटा शंकर मिश्र के संयोजन में हुआ।बैठक में उपस्थित जन समुदाय से अपील करते हुए थानाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह ने विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी शांति पूर्ण माहौल में ईद का त्यौहार परम्परागत तरीके से मनाने की अपील किया। बैठक में उपनिरीक्षक कालिका प्रसाद राजेश भारती निसार मेंहदी अब्दुल रहीम पूर्व प्रधान मो कलाम माजिद हासमी रामसागर यादव जयराम मौर्या मखन्चू रामहेत रावत संदीप मौर्या सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## जगदीश गुप्ता ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** आदर्श नगर पंचायत टिकैत नगर में अध्यक्ष पद के लिए वर्तमान चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता ने मंगलवार को मुहूर्त के अनुसार एक सेट नामांकन पत्र आर ओ ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के समक्ष दाखिल किया है। मंगलवार को टिकैत नगर नगर पंचायत अध्यक्ष पद हेतु जगदीश प्रसाद गुप्ता ने सादगी के साथ तहसील सिरौलीगौसपुर पहुंच कर नामांकन पत्र दाखिल किया। नगर पंचायत टिकैतनगर से पहला नामांकन वर्तमान चेयरमैन द्वारा किया गया।

## शारदा प्रताप शुक्ल के निधन पर शोक सभाकर दी गई श्रद्धांजलि

**बाराबंकी।** गजब मिलनसार और सहयोगी वृत्ति के थे शारदा प्रताप शुक्ला। खादी से उनका आत्मीय रिश्ता था और सादगी उनकी पहचान थी। साठ के दशक में लखनऊ विश्वविद्यालय से शारदा प्रताप शुक्ला हुई मुलाकात के बाद हमारे संबंध और भी प्रगाढ़ होते गए। उनकी मित्रता हर राजनैतिक विचारधारा के लोगों से थी। शारदा प्रताप शुक्ला लखनऊ विश्वविद्यालय छात्र राजनीति के स्तम्भ रहे। उनके असमायिक निधन से समाजवादी आन्दोलन को अपूरणीय क्षति हुई है। यह बात गांधी भवन में समाजवादी आन्दोलन के समर्पित नेता, लोकतंत्र रक्षक सेनानी एवं पूर्व मंत्री शारदा प्रताप शुक्ला के निधन पर आयोजित शोक सभा में समाजवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने कही। इस दौरान स्व. शारदा प्रताप शुक्ला के चित्र पर मार्ल्यापण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## क्षेत्र पंचायत सदस्य के निधन से दौड़ी शोक की लहर

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** विकास क्षेत्र हैदरगढ़ के छिटनापुर मजरे सड़वा गांव निवासिनी 75 वर्षीय क्षेत्र पंचायत सदस्य का बीते एक सप्ताह पूर्व बीमारी के दौरान निधन हो गया। क्षेत्र पंचायत सदस्य के निधन की सूचना जब आम हुई तो ग्राम पंचायत अलावा क्षेत्र के अन्य बीडीसी सदस्यों में शोक की लहर दौड़ गयी। जानकारी के अनुसार छिटनापुर गांव निवासिनी 75 वर्षीय तुलसा देवी पत्नी राम बक्श बीते एक सप्ताह पूर्व बीमारी के दौरान निधन हो गया था । मृतका के बड़े पुत्र भगवान बक्श ने बताया कि हमारी माता जी इस पंचवर्षीय में हुए चुनाव मे सड़वा ग्राम पंचायत से क्षेत्र पंचायत सदस्य चुनी गयी थी लेकिन अवस्था ज्यादा होने के चलते समयावधि के पूर्व ही हृदय गति रुकने से मौत हो गयी।

**सूचना**

घर से 7 अप्रैल को फतेहगढ़ किसी कार्य से जा रहा था। रास्ते में मेरा पर्स गिर गया। जिसमें एक हजार रुपये व आधार कार्ड, फोटो, पेन कार्ड, पेन ड्राइव आदि जरुरी कागजात गिर गये। इन कागजों का कोई गलत दुरुपयोग न करें। उसे निष्प्रभावी माना जाये।

**चन्द्रपाल वर्मा निवासी जटवारा जदीद, जनपद फर्रुखाबाद।**

# मतदाता किसी के बहकावे निर्भीक होकर मतदान करें: एसडीएम

इटावा। समृद्धि न्यूज



**उप जिलाधिकारी** जसवंतनगर कौशल कुमार ने नगर पालिका परिषद के मतदाताओं से अपील की कि वह किसी के बहकावे प्रलोभन में न आएं और निर्भीक होकर मतदान करें अगर कोई धमकाये या लालच दे तो इसकी सूचना तहसील प्रशासन को दे दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि नगर पालिका परिषद को 3 ज़ोन तथा 6 सेक्टरों में बांटा गया है जहां अधिकारी तैनात रहेंगे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नही करने दी जाएगी उन्होंने बताया कि आरक्षित अध्यक्ष पद हेतु ढाई सौ रुपये नामांकन प्रपत्र खरीदने तथा चार हज़ार रुपये जमानत राशि व नौ लाख रूपये खर्च करने की सीमा तय की गई हैढ्ढ इसी प्रकार सदस्य आरक्षित पद हेतु सौ रुपये नामांकन प्रपत्र खरीदने हेतु, एक हज़ार रुपये जमानत राशि , तथा दो लाख रुपये खर्च करने की सीमा निर्धारित की गई है। वही सामान्य सदस्य पद हेतु दो सो रुपये नामांकन प्रपत्र खरीदने हेतु, दो हज़ार रुपये जमानत राशि, तथा दो लाख रुपये खर्च करने की सीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि किसी के नाम का प्रपत्र खरीदा जाना है तो उसके नाम की आईडी लाना भी अनिवार्य है। नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए उसके साथ दो प्रस्तावक ही साथ जा सकेंगे इसके अलावा कोई भी अन्य व्यक्ति नामांकन स्थल के अंदर नहीं जाएगा। इस दौरान तहसीलदार जसवंतनगर प्रभात राय, क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर अतुल प्रधान, प्रभारी निरीक्षक जसवंतनगर मुकेश सोलंकी मौजूद रहे।

## टीकाकरण व वैक्सीन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर अधिकारी सम्मानित

**इटावा।** कोरोना से बचाव के लिए शुरू हुए टीकाकरण अभियान के दौरान वैक्सीन के कुशल प्रबंधन, इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क ई-विन एवं कोविड वैक्सीनेसन में उत्कृष्ट कार्य करने पर मंगलवार को राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ अपर्णा उपाध्याय ने जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ श्रीनिवास और डिस्ट्रिक्ट वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर प्रवेश मिश्रा को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ श्रीनिवास ने बताया की कोरोना संक्रमण के दौरान केंद्र सरकार ने को-विन एप लांच किया था। इस एप में कोरोना वैक्सीन लगवाने वाले लाभार्थी के विषय में समस्त जानकारी भरी जाती थी, इसी के बाद उसे स्लॉट एलॉट होता था और टीका लगता था। इस तरह कोरोना से संबंधित कोविशील्ड, कोवैक्सीन और नियमित टीकाकरण की वैक्सीन का रखरखाव और वितरण की स्थिति के बारे में सीधी मॉनीटरिंग की गई।

# समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला महासचिव ने पार्टी से दिया इस्तीफा

▸ सपा के 28 साल पुराने कद्दावर नेता हैं मुईनुद्दीन

चरखारी महोबा। समृद्धि न्यूज



**वर्ष** 1995 से समाजवादी नीतियों के खेवहनहार रहे समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा नगर पालिका परिषद चरखारी की पूर्व अध्यक्ष के प्रतिनिधि मुईनुद्दीन उ र्फ मुईया ने समावादी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। राजनीति में उनका अगला कदम क्या होगा इस बारे में फिलहाल उन्होंने अपने पत्ते नहीं खोले हैं।

नगर पालिका चुनाव के नामांकन प्रक्रिया प्रारम्भ होते ही सपा के एक बड़े नेता मुइनुददीन उ र्फ मुईया ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा देने का ऐलान किया है तथा मीडिया को जारी प्रेस विज्ञिप्ति में खुद को उपेक्षा का शिकार बताया है। बताते चलें कि मुईया वर्ष 1995 से ही समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने तथा विधान सभा लोक सभा चुनावों में कार्यालय के संचालन से लेकर गांव गांव में सपा को मजबूत बनाने की पहचान रखने वाले नेता हैं। अपनी लोकप्रियता के चलते निकाय चुनाव 2012 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपनी पत्नी को चुनाव लड़वाकर अध्यक्ष पद हासिल करा चुके हैं तथा खुद नगर पालिका अध्यक्ष रहीं रूखसाना खातून के प्रतिनिधि के रूप में सेवा करते आए हैं। लेकिन 2023 के नगर पालिका चुनाव नामांकन के के दौरान ही उन्होंने समाजवादी पार्टी से इस्तीफा देने की अचानक घोषणा कर दी है। श्री मुईया ने बताया कि नगर पालिका जैसे महत्वपूर्ण चुनाव में स्थानीय नेताओं सहित जिले के नेताओं ने जिस प्रकार से उन्हें उपेक्षित रखते हुए जिले मे कार्य किया गया है उससे वह काफी आहत हैं। उन्होंने कहा कि 28 वर्ष से वह लोहिया जी के आदर्श पर कार्य करते रहे तथा समाजवादी विचाराधाना को जन जन तक पहुंचाने का काम करते रहे लेकिन इसके बाद भी जिले की गुटबाजी ने उन्हें सपा से पूरी तरह से दरकिनार कर दिया है। अध्यक्ष पद पर अन्य दल या निर्दलीय प्रत्याशी के रूप मे चुनाव लड़ने की दावेदारी के विषय में फिलहाल उन्होनें चुप्पी साध रखी है। हालांकि मौके का लाभ उठाते बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस पार्टी के नेता उनके सम्पर्क मे बताए जा रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने साइबर फ्रॉड से निकाले गये पीड़ित के रुपये कराये वापस

**इटावा।** साइबर फ्रॉड की रोकथाम के संबंध में कार्यवाही करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अपराध तथा क्षेत्राधिकारी अपराध के मार्गदर्शन में साइबर सेल इटावा द्वारा साइबर फ्रॉड के माध्यम से निकाले गये पीडित के 1,13,817 रुपये पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 24,030 रुपये वापस कराये गये। मुकेश कुमार पाडे पुत्र श्याम प्रताप पाडे निवासी 92, न्यू कालोनी चैगुर्जी, थाना-कोतवाली इटावा द्वारा अपने साथ स्वयं के खाते से किसी अंजान व्यक्ति द्वारा साइबर फ्रॉड के जरिये 1,13,817 रुपये निकाल लेने के संबंध में पीड़ित द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा महोदय द्वारा साइबर सैल इटावा को घटना का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एवं क्षेत्राधिकारी अपराध के कुषल मार्गदर्शन में साइबर सैल द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलन किये गये एवं बैंक अधिकारी पेमेन्ट गेटवे के नोडल अधिकारी इत्यादि से वार्ता कर प्रार्थी के रूपये वापस करने का प्रयास किया गया जिसमें सफलता प्राप्त करते हुए पीड़ित के 24,030 रुपये वापस कराये गये है। अपने रुपये वापस पाकर पीडित ने साइबर सैल टीम व इटावा पुलिस की प्रशंसा की। इस सफलता में प्रभारी निरीक्षक साइबर सैल विनोद कुमार, उ.नि. प्रमोद कुमार, क.आ. अभय यादव, का. बृजेश कुमार गोला, का. आदित्य देओल, का. उपेंद्र चैहान, का. दीपक कुमार मय टीम का सराहनीय योगदान रहा।

### ऑटो की टक्कर से छात्र घायल

**इटावा।** स्कूल की छुट्टी होने पर दोपहर के समय घर वापस लौट रहे छात्र आर्यन पुत्र विपिन कुमार निवासी गुलाबबाड़ी जसवन्तनगर को बस अड्डे चौराहे के पास ऑटो ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। घायल छात्र को आसपास के लोगों ने उठाया सूचना पर पहुंचे मां बाप इलाज हेतु हॉस्पिटल ले गए वहीं छात्र की साइकिल ऑटो की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गई। लोगों का कहना है की सुबह बच्चों के स्कूल जाने के समय व छुट्टी के समय थ्री व्हीलर ऑटो खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हैं और इनकी बहुतायत संख्या सवारी भरने के चक्कर में सर्विस रोड पर स्कूली बच्चों व आम लोगों को निकलने के लिए जगह नहीं छोड़ते जिससे सभी को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### जैन तीर्थ सम्मेदशिखर पर्वत पर लगी आग वायुसेना से बुझाने की मांग

**इटावा।** जैन धर्म के सर्वोच्च तीर्थ सम्मेदशिखर पर्वत पर लगी भीषण आग को केन्द्र एवं झरखण्ड सरकार भारतीय वायु सेना के बॉम्बी बकेट सुविधा वाले एमआई 17 हेलीकॉप्टर से बुझाई जाये। विश्व जैन संग़ठन के जिलाध्यक्ष आकाशदीप जैन ने बताया केंद्र सरकार व झारखंड सरकार द्रारा पर्वतराज के लिए जारी गजट पर संग़ठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन ने अपना पक्ष रखते हुये कहा पार्श्वनाथ पर्वतराज से वृक्षारोपण के अभाव में निरंतर पत्थर दरकने और जंगल में गत दिनों से लगी भीषण आग से जीवों की हिंसा व अमूल्य पेड़ पौधों को नष्ट होने से तुरंत रोकने के लिए स्थायी हल निकालने के निवेदन किया है। वह राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग, नई दिल्ली में 17 मार्च को विश्व जैन संगठन द्वारा सर्वोच्च जैन तीर्थ सम्मेद शिखर की पवित्रता हेतु दायर याचिका की सुनवाई में झारखण्ड सरकार के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, पर्यटन सचिव मनोज कुमार व अन्य पदाधिकारी व्यक्तिगत रूप से उपस्तिथ हुए और उन्होंने केंद्रीय वन मंत्रालय द्वारा 5 जनवरी 2023 को झारखण्ड सरकार को जारी आदेश के सन्दर्भ में सम्मेद शिखर की पवित्रता के लिए झारखण्ड सरकार द्वारा कार्यवाही की जानकारी आयोग ।

### पूर्व चेयरमैन निर्दलीय प्रत्याशी साधना गुप्ता के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का हुआ उदघाटन

**मैनपुरी।** पूर्व चेयरमैन निर्दलीय प्रत्याशी साधना गुप्ता के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का उदघाटन स्टेशन रोड पर स्थित आर्य समाज मंदिर में किया गया। जहां पर हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे। उदघाटन के बाद बोलते हुए पूर्व चेयरमैन निर्दलीय प्रत्याशी साधना गुप्ता ने कहा कि 2012 के चुनाव में भी वह नगर पालिका परिषद के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में खडी हुई थी उस समय भी जनता के आशीर्वाद से उन्होंने अपनी जीत दर्ज कराई थी तथा अपने निकटतम प्रत्याशी को हराया था इस बार भी जनता का आशीर्वाद मिल रहा है। इस बार भी वह जीतेगी। समाजसेवी अरूण गुप्ता का कहना था कि नगर के विकास के लिये वह हमेशा तैयार रहेगे जनता का यह जनसैलाव इस चीज का गवाह बन रहा है कि उनको नगर की जनता आशीर्वाद दे रही है उन्होंने आगे कहा कि उनकी पत्नी साधना गुप्ता चुनकर नगरपालिका की अध्यक्ष बनती है तो वह विकास की गंगा को वाह देगें 2012 के चुनाव में भी जनता ने जिताने का काम किया था उस समय उन्होंने जनता की सेवा की थी। तथा पूरे नगर का विकास किया था। इस मौके पर हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### धूप में जाम से लगने से राहगीरों को हो रही परेशानी

**इटावा।** जसवन्तनगर में आए दिन जाम लग जाता है। जाम से जनता को निजात दिलाने के लिए अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जिससे जनता में रोष व्याप्त है। मंगलवार की दोपहर को नगर क्षेत्र के मेन बाजार, बड़ा चौराहे पर भीषण जाम लग गया। जाम में फंसे वाहनों की लंबी-लंबी लाइनें लग गईं। इस दौरान स्कूली बच्चों की छुट्टी होने से उनकी गाड़ियां भी जाम में फंस गईं। तेज धूप और भीषण गर्मी में नन्हें-मुन्ने गर्मी से व्याकुल हो रहे थे, लेकिन जाम खुलने का नाम नहीं ले रहा था। जिसकी वजह से यहां लोगों को हर रोज कड़ी धूप, सर्दी और बरसात सभी मौसम में परेशानी का सामना करना पड़ता है। जाम की वजह दुकानदारो द्वारा अपने सामान को सड़क पर लगा देना और उसके बाद ठेलों वालों को आगे खड़ा कर लेने के बाद बेतरतीब तरीके से ओटो और टिर्री वाले आड़े तिरक्षे नियमों की अनदेखी करके चलाते हैं और सड़कों पर तिरक्षी खड़ी कर देते हैं इससे जाम में फसे नोनिहालो पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

## डीएम से भीषण गर्मी में स्कूलों का समय बदले जाने की मांग

**इटावा।** भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों का समय बदले जाने की मांग की गई है। जिला अभिभावक संघ ने स्कूलों के खुलने का समय सुबह 7 बजे और छुट्टी का समय 12.30 बजे करने की मांग जिलाधिकारी से की। इस संबंध में जिला अभिभावक संघ के अध्यक्ष संजय सक्सेना, उपाध्यक्ष डॉ आशीष दीक्षित, जनपदीय मातृ संघ की अध्यक्ष नीतू सिंह ने कहा है कि इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है और तापमान 42 डिग्री तक पहुंच रहा है। ऐसे में जब दोपहर 1.30 से 2 के बीच गर्मी अपने चरम पर होती है तभी बच्चों की छुट्टी होती है और इस भीषण गर्मी में उन्हें अपने घर जाना पड़ता है। इसके कारण बच्चों को काफी परेशानी होती है और उनके स्वास्थ्य को भी खतरा उत्पन्न हो सकता है। इसलिए गर्मी के हालातों को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन स्कूलों की छुट्टी का समय दोपहर 12.30 बजे निर्धारित कर दे तो स्कूल जाने वाले बच्चों को गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है।

# अध्यक्ष पद के 24 तथा सभासद के 133 नामांकन पत्रों की हुई बिक्री

महोबा। समृद्धि न्यूज

**निकाय** चुनाव को लेकर नामांकन पत्रों की बिक्री व नामांकन की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई। नामांकन पत्रों की खरीद को लेकर अध्यक्ष व सभासद के उम्मीदवारों में खासा उत्साह दिखाई दिया। जिले की पांच नगर निकायों में चुनाव को लेकर अध्यक्ष के लिए 24 व सभासद पद के 133 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे। हालांकि पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया। नगर पालिका महोबा व नगर पंचायत कबरई के अध्यक्ष व सभासद पद के उम्मीदवारों के लिए नामांकन प्रक्रिया महोबा तहसील कार्यालय में शुरू हुई। इस दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। कोतवाली के पास, आल्हा चौक के पास व नगर पालिका के पास बैरिकेडिंग लगा कर रास्ता बंद कर दिया गया। तहसील गेट पर तैनात पुलिस कर्मियों ने सघन तलाशी के बाद ही उम्मीदवारों को प्रवेश दिया।

नामांकन पत्रों की बिक्री सुबह 11 से दोपहर तीन बजे तक हुई। इसके बाद ही यहां बैरिकेडिंग खोले गए। बैरिकेडिंग होने के कारण लोगों को अन्य रास्तों से गुजरना पड़ा। महोबा नगर पालिका में अध्यक्ष पद के लिए नौ व सभासद पद के लिए 54 नामांकन पत्र खरीदे। हालांकि पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया। कबरई नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए 2 जबकि सभासद पद के लिए 13 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे। नगर पालिका चरखारी व नगर पंचायत खरेला में अध्यक्ष व सभासद पद के उम्मीदवारों के लिए नामांकन प्रक्रिया तहसील कार्यालय चरखारी में शुरू की गई। इस दौरान अध्यक्ष पद के लिए सात जबकि सभासद पद के लिए 60 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई जबकि नगर पंचायत खरेला में अध्यक्ष पद के लिए एक भी नामांकन पत्र नहीं बिका। हालांकि सभासद पद के लिए चार नामांकन पत्र खरीदे गए। यहां भी पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया।

उधर कुलपहाड़ नगर पंचायत के प्रत्याशियों के लिए नामांकन केंद्र कुलपहाड़ तहसील कार्यालय को बनाया गया। यहां अध्यक्ष पद के लिए छह जबकि सभासद पद के लिए 12 नामांकन पत्र बिके। इस दौरान अध्यक्ष व सभासद पद का कोई भी प्रत्याशी नामांकन करने के लिए नहीं आया।

# महोबा पुलिस द्वारा जारी की गई सोशल मीडिया एडवायजरी

महोबा। समृद्धि न्यूज

**जनपद प्रयागराज** में घटित घटना के सम्बन्ध में सभी आमजनमानस से अनुरोध है कि आपसी सौहार्द बनाये रखें, सामाजिक सौहार्द एवं सद्भाव को प्रभावित करने संबंधी संदेश, खबर, तस्वीरें, वीडियो, ऑडियो, पोस्टर तथा अफवाहें इत्यादि किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे-व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब अथवा किसी ग्रुप में प्रसारित/पोस्ट करने से बचें। जनपदीय पुलिस की सोशल मीडिया सेल द्वारा व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब आदि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म्स की 24 घण्टे सतत मॉनीटरिंग की जा रही है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा इस प्रकार की भ्रामक, आपत्तिजनक, अफवाह, खबर, संदेश आदि से सम्बन्धित सामग्री/पोस्ट सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे - व्हाट्सएप, फेसबुक तथा ट्विटर इत्यादि के माध्यम से प्रसारित कर भड़काऊ बयान जारी करने, साजिश रचने व माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वाले शरारती तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी, साथ ही आमजन से अपील की जाती है कि समाज में भय का माहौल उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान कराने में जनपदीय पुलिस को सहयोग प्रदान करें ताकि ऐसे अवांछनीय तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जा सके, महोबा पुलिस जनपद में शांति व सद्भाव बनाए रखने के लिए दृढ़ संकल्पित है ।

# एसएसपी के निर्देशन में इनामिया लुटेरा गिरफ्तार

**इटावा।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन,कानपुर व पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना बसरेहर व इकदिल पुलिस ने ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक से लूट करने वाला इनामिया आरोपी गिरफ्तार किया। वादी दयाराम पुत्र सुदामालाल निवासी ग्राम दौलतपुर थाना इकदिल द्वारा थाना इकदिल पर तहरीर दी गयी कि 13 दिसम्बर 2022 को जब वह अपनी ग्राहक सेवा केन्द्र को बन्द करके अपने पुत्र के साथ अपने घर जा रहा था तभी रास्ते में 3 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी व उसके पुत्र से 5,25,000 रूपये व अन्य प्रपत्र लूट लिये थे। उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा थाना इकदिल व थाना बसरेहर से पुलिस टीमों का गठन किया गया था जिसके क्रम में कपिल उर्फ गइया को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, इसी के क्रम में गठित पुलिस टीमें अन्य वांछितो की गिरफ्तारी हेतु थाना इकदिल क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी तभी मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक व उसके पुत्र से हुयी लूट की घटना से सम्बन्धित आरोपी अभिषेक उर्फ टाइगर पुत्र उदयवीर सिंह निवासी ग्राम पुरा वसावन थाना पछांयगांव हाल पता अजीतनगर थाना फ्रेण्ड्स कालोनी पिकअप से मानिकपुर मोड़ तिराहे की तरफ से कही जाने की फिराक में है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये गठित पुलिस टीमों द्वारा संदिग्ध व्यक्ति वाहन चैकिंग के दौरान उक्त आरोपी को मानिकपुर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार आरोपी की तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से 20,000 रूपये व एक अवैध तमन्चा 315 बोर व जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। इस सफलता में कृष्णालाल पटेल प्रभारी थाना इकदिल, उ.नि. कासिफ हनीफ, उ.नि. नागेन्द्र सिंह, का. सौरभ कुमार, का. राजकुमार, का. नितिन कुमार व बेचन सिंह थानाध्यक्ष बसरेहर, उ.नि. महेश पाठक, उ.नि. प्रमोद कुमार साईबर सैल, है.का. प्रवीन कुमार, का. शशीभान का सराहनीय योगदान रहा।

# समाजवादी पार्टी ने नगर निकाय चुनाव के लिए किए प्रत्याशी घोषित









महोबा। समृद्धि न्यूज

नगर निकाय चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने टिकट के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। जिले की सभी पांचों नगर निकायों में अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों को टिकट दे दिया गया है। महोबा नगर पालिका में सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बाबू मंसूरी जबकि चरखारी नगर पालिका से मंजू कुशवाहा को प्रत्याशी घोषित किया गया है। निकाय चुनाव को लेकर टिकट वितरण के मामले में समाजवादी पार्टी ने सबसे पहले प्रत्याशियों की घोषणा की है। महोबा नगर पालिका अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है। यहां से अध्यक्ष पद के लिए बाबू मंसूरी को टिकट दिया गया है। वहीं चरखारी नगर पालिका अध्यक्ष पद की सीट अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित है। चरखारी से सपा ने अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए मंजू कुशवाहा को टिकट दिया है। अनारक्षित सीट कुलपहाड़ नगर पंचायत से बलवीर यादव को प्रत्याशी बनाया गया है जबकि अनाक्षित नगर पंचायत खरेला अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए सत्येंद्र प्रताप सिंह को टिकट दिया गया है। अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित नगर पंचायत कबरई अध्यक्ष पद के लिए सपा ने मारुति साहू को उम्मीदवार बनाया है। सपा जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव ने बताया कि पार्टी हाईकमान ने जिले की सभी नगर निकायों में अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष भागीरथ यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी नेतृत्व ने जिनको टिकट दिया है वह सभी बहुत ही अच्छे उम्मीदवार हैं समाजवादी पार्टी सभी सीटों पर फतह हासिल करेगी।

### मारपीट के मामले में कई कार्रवाई

कुरावली । ग्राम कुंवरपुर निवासी चंदन पुयर ग्रीश चन्द्र को ग्राम नगला हल्लू निवासी मीना पत्नी छोटेलाल से रुपये के लेनदेन में हुए विवाद के बाद मारपीट करने के मामले में गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई।

# एसएमजीआई मैं फायर सेफ्टी विषय आधारित एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सम्पन्न

इटावा। समृद्धि न्यूज



**एसएमजीआई,** इटावा में इटावा पुलिस के फायर सेफ्टी विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय फायर सेफ्टी प्रशिक्षण में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी इटावा सनत कुमार पटेल के नेतृत्व में फायर सेफ्टी प्रशिक्षण कई छात्र छात्राओं के समक्ष सम्पन्न हुआ। कॉलेज के डायरेक्टर डॉ उमाशंकर शर्मा तथा रजिस्ट्रार परिवंदर सिंह ने फायर ऑफिसर सनत कुमार पटेल तथा उनकी पूरी टीम का विद्यालय आगमन पर भव्य स्वागत किया। इस एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण में एसएमजीआई के बी फार्मा एवम डी फार्मा के कई सैकड़ा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। सनत कुमार पटेल ने अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण के दौरान बताया कि, साधारणतया आग 5 प्रकार की होती है तथा अलग-अलग वस्तुओं पर अलग-अलग प्रकार से ही प्रतिक्रिया देती है इसी तरह से आग को नियंत्रित करने के भी अलग-अलग उपाय होते हैं। उन्होंने सभी को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि, हमारे आपके घरों में घरेलू गैस सिलेंडर को अपनी दैनिक दिनचर्या में सावधानीपूर्वक कैसे उपयोग करें एवम घरेलू गैस सिलेंडर से कभी भी घटना घटित होने पर आग को कैसे नियंत्रित करें यह उन्होंने फायर कंट्रोल के प्रयोग को स्वयं करके भी दिखाया जिससे उपस्थित छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन हुआ । साथ ही उन्होंने उपस्थित छात्र छात्राओं को बारी बारी से फायर सेफ्टी प्रयोग में प्रतिभाग कराया एवम साहस एवं धैर्य का पाठ भी पढ़ाया इसके साथ ही बाकी अन्य प्रकार की आग की घटनाओ को प्रभावी तरीके से रोकने के लिए अधिकारिक विभागीय नंबर भी साझा किए। अग्निशमन प्रभारी ने छात्रों को विशेष रूप से यह भी बताया कि फायर ब्रिगेड वाहन को कभी भी सड़क पर तुरंत रास्ता अवश्य ही दे दें जिससे कि वाहन घटनास्थल पर समय से पहुंचकर आग को नियंत्रित कर सके। इस विशेष प्रशिक्षण में कालेज का समस्त शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा। एसएमजीआई के चेयरमैन डॉ विवेक यादव ने प्रभारी अग्निशमन अधिकारी का इस महत्वपूर्ण विषय पर कालेज आकर छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण देने के लिए विशेष आभार प्रकट किया।

# भाजपा नेत्री सुनीता कुशवाहा ने साथियों सहित कांग्रेस ज्वाइन की

इटावा। जिला कांग्रेस कार्यालय पर सुनीता कुशवाहा नगर अध्यक्ष व्यापार मंडल एवं पिछड़ा वर्ग महिला मोर्चा भाजपा की जिला महामंत्री ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा एवं प्रियंका गांधी के कांग्रेस में महिला सशक्तिकरण से प्रभावित होकर अपने सैकड़ों साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव एवं शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे के समक्ष ग्रहण की। इस सदस्यता ग्रहण में एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष आसिफ जादरान की अहम भूमिका रही।

जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव एवं शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने कहा कांग्रेस पार्टी में आप सभी का स्वागत है कांग्रेस पार्टी में आपको पूरा सम्मान दिया जाएगा जो लोग सक्रिय रहेंगे उन्हें पार्टी पदों पर आसीन किया जाएगा। सुनीता कुशवाहा ने कहा कि आज से हम कांग्रेस पार्टी के लिए राहुल गांधी के लिए एवं प्रियंका गांधी के लिए काम करेंगे कांग्रेस पार्टी की नीतियों को लेकर जनता के बीच में जाएंगे। इस मौके पर अंजू वर्मा, मिथिलेश कुशवाहा,आशा शर्मा, ममता देवी, चंचल तिवारी, मुन्नी कुशवाहा, पूजा तिवारी, कृष्णा देवी, उषा देवी, अनीता देवी,अनिता कुशवाहा, शालू जाटव, प्रियंका, सोनम कुमारी, सोनी कुमारी, जेबा खान, प्रियंका कुमारी, शशि देवी, नदिता, मुस्कान, लक्ष्मी, कोमल, सोनम, प्रीति, प्रियंका कुमारी, सरोज, स्नेह लता, दुलारी देवी,रईसा खान, मुमताज, किशोरी देवी, अवधेश कुमारी, विमलेश देवी आदि ने सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य मोहम्मद राशिद खान, कोमल सिंह कुशवाहा, अवनीश वर्मा, सरवर अली, शिवा ठाकुर, मोहन लाल प्रजापति अवधेश शर्मा, रवि कांत दीक्षित उपस्थित रहे।

# बच्चों को निपुण बनाने के लिए जो बेहतर कर सकते हैं वह करें: डीएम

- कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में डीएम ने बीएसए को दिए शिक्षा में सुधार लाए जाने के निर्देश
- डीएम ने कहा:19 पैरामीटर के अन्तर्गत सभी विद्यालयो में कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए


बैठक में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते डीएम समृद्धि न्यूज

कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**मंगलवार** को कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में आयोजित हुई जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि टास्क फोर्स के अंतर्गत जिन विभागों द्वारा स्कूलों में विजिट किया जाना है, उनके साथ समन्वय स्थापित करें। कहा कि इसमें सभी अधिकारी रुचि दिखाकर कार्य करें। सभी के मोबाइल में प्रेरणा एप अपडेट रहना चाहिए। डीएम ने निर्देश दिए कि निपुण भारत के अंतर्गत सदर्शिका, शिक्षण योजना, शिक्षण सामग्री आदि के कार्य में जो रुचि नहीं ले रहे हैं, उन्हें नोटिस जारी करें। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। डीएम ने कहा कि जिन स्कूलों की स्थिति खराब है, उन्हें चिन्हित करें और अधिक फोकस करते हुए शिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होने कहा कि प्रत्येक दशा में बच्चों की शिक्षा अच्छी होनी चाहिए। बच्चों को निपुण बनाने के लिए जो बेहतर कर सकते हैं वह करें। निपुण भारत मिशन को एक मिशन के रुप में कार्य करने से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा और बच्चो का बेहतर भविष्य बनेगा। उन्होंने कहा कि विकास खण्ड वार ऐसे विद्यालय चिन्हित किये जायें जहाँ पर हिंदी एवं गणित में बच्चे कमजोर है, एआरपी की ड्यूटी लगाकर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाया जाए। कहा कि संघर्षशील, माध्यम, सक्षम बच्चों को बनाने हेतु सभी एआरपी स्कूलों पर विजिट करें और नई तकनीक के माध्यम से गणित को बताएं। उन्होने कहा कि निपुण ऐप का आकलन करें, स्कूलों में टारगेट दें कि इतने दिनों में कमजोर बच्चे को निपुण हो जाना चाहिए, स्कूलों के जो प्राचार्य है बच्चों का आकलन करें और नई-नई तकनीक अपनाकर बच्चों को मोटिवेट करें। श्री शुक्ल ने कहा कि आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत 19 पैरामीटर के तहत विकासखण्ड के विद्यालयों में पानी की व्यवस्था, शौचालय, ब्लैक बोर्ड, किचन सेड, रैम्प, बिजली आदि सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित की जायें। 19 पैरामीटर के अन्तर्गत सभी विद्यालयो में कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों का आधार वेरीफिक्रेशन नहीं हुआ है उसे समय से पूर्ण कर लिया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरएन सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध असलाह फैक्ट्री का पुलिस ने किया भंडाफोड़



सौरिख। समृद्धि न्यूज

**पुलिस** को बड़ी सफलता मिली मुखबिर की सूचना पर पुलिस द्वारा अवैध असलाह फैक्ट्री पर छापामारी की। पुलिस ने मौके पर एक युवक को दबोच लिया और भारी मात्रा में असलहे बरामद किए।

मंगलवार दोपहर प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह गश्त पर थे उसी दरमियान अवैध असलाह फैक्ट्री के बारे में मुखबिर द्वारा जानकारी दी गई उसी

- छापामार कार्रवाई में पुलिस ने दस अवैध असलाह किए बरामद

समय निरीक्षक राधेश्याम सकरावा चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह हमराह सचिन राठी कौशिंदर निगम विपिन कुमार शिवराज वीरपुर के बबूल के जंगल में छापेमारी की जहां पुलिस ने मौके पर एक युवक को पकड़ लिया पूछताछ करने पर उसने अपना नाम नबी अहमद उर्फ मोटा पुत्र कल्लन निवासी मोहद्दीनगर सकरावा बताया साथ में पुलिस ने अवैध असलाह का जखीरा भी बरामद किया वही पकड़े गए असलह में एक बंदूक 12 बोर दो अवैध देसी तमंचा 12 बोर छह 315 बोर के अवैध तमंचा एक अध निर्मित 2: 2 बोर का अवैध तमंचा बरामद किया पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अवैध असला फैक्ट्री चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया

# खबरें चलते-चलते

## जिले की पुलिस ने 09 अभियुक्तों के विरुद्ध खोली हिस्ट्रीशीट

**कन्नौज।** अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा आगामी नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह के निर्देशन में जिले की पुलिस ने 09 अभियुक्तों के विरुद्ध हिस्ट्रीशीट खोली। पुलिस के आलाधिकारियों द्वारा बताया गया कि उक्त सभी नौ अपराधी जनपद व अन्य जनपदों मे जघन्य घटनायें कारित करते हैं। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के दिशा निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफप्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को जिला पुलिस ने 09 अभियुक्तों के विरुद्ध हिस्ट्रीशीट खोली गई, इनमे थाना तिर्वा क्षेत्र के ग्राम सखौली निवासी अनुज कुमार सक्सेना पुत्र रामगोपाल व अनवार पुत्र स्वर्गीय मुख्तियार निवासी सौसरापुर थाना गुरसहायगंज, विकास गिहार पुत्र गिरीश गिहार निवासी रामनगर ककरैया थाना छिबरामऊ तथा .दीपक गिहार पुत्र गिरीश गिहार निवासी रामनगर ककरैया थाना छिबरामऊ व गोपाल काछी पुत्र ऊधन काछी निवासी जुनैदपुर थाना गुरसहायगंज एवं पप्पू उर्फसतेन्द्र सिंह पुत्र डिप्टी सिंह निवासी भटपुरी थाना सौरिख व मैनूर उर्फशहनूर पुत्र मुईन निवासी रुरा थाना ठठिया तथा योगेश उर्फपंगा पुत्र अवनीश निवासी भोजापुर थाना तालग्राम और.पप्पू उर्फगनी मोहम्मद निवासी मोहल्ला अम्बेडकर नगर थाना सौरिख हैं।

## बसपा ने कन्नौज नगरपालिका से पूर्व चेयरमैन हाजी रईस की पत्नी को दी टिकट

**कन्नौज।** बहुजन समाज पार्टी ने नगर निकाय चुनाव के लिए नगर पालिका परिषद कन्नौज से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी है। बसपा ने पूर्व चेयरमैन हाजी रईस अहमद की पत्नी कौसर जहां को पार्टी से टिकट दिया है। हाजी रईस कन्नौज नगर पालिका में दो बार पालिका अध्यक्ष रह चुके हैं। मंगलवार को कौसर जहां ने बहुजन समाज पार्टी की टिकट से अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। पूर्व चेयरमैन हाजी रईस के साथ उनकी पत्नी मंगलवार को सदर तहसील नामांकन स्थल पहुंची और उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिला किया। बसपा जिलाध्यक्ष सुशील गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि कौसर जहां को बहुजन समाज पार्टी ने कन्नौज नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद हेतु टिक फाइनल कर दिया है। बहुजन समाज पार्टी नगर निकाय चुनाव पूरी दमदार से लड़ेगी। हांलाकि भारतीय जनता पार्टी ने अभी अपने प्रत्याशियों की लिस्ट जारी नही की है, जिससे भाजपा से दावेदारी करने वालों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

## विवाहिता ने ससुरालियों पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** विवाहिता ने पति सहित ससुरालीजनों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम बरगामा निवासी शिवानी पत्नी संजू पाल द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि उसका पति मुंबई में काम करता है। तथा उसकी सास, ननंद व देवर उसके साथ आए दिन गाली गलौज व मारपीट करते हैं। पीड़िता ने पति पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसका पति ससुरालीजनों से कहता है कि इसे घर से भगा दो तथा भरण पोषण का खर्चा भी नहीं देता है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी है।

## रंजिश के चलते मां बेटी को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश के चलते मां बेटी के साथ गांव के ही एक परिवार के चार सदस्यों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम सिंहपुर निवासी रचना पुत्री जगदीश द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 14 अप्रैल की शाम वह घर के दरवाजे पर बैठी थी। तभी गांव की ही मंजू देवी, अर्चना, मुस्कान, रिचा आए और रंजिश के चलते उसके साथ गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आई उसकी मां को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# राजकीय महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हुआ आयोजित

- उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित'
- प्राचार्य ने छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की की कामना

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़


छात्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि व प्राचार्य

**छात्र** छात्राओं को एकाग्र होकर अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए। जिससे उनके व्यक्तित्व का विकास हो सके साथ ही साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके।

यह बात मंगलवार को क्षेत्र के अनौगी स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में 14वां वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में प्रोफेसर डॉ. रिपुदमन सिंह ने कही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कानपुर मंडल प्रोफेसर डॉ. रिपुदमन सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुशील कुमार शाक्य ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। जिसके पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा विविध प्रस्तुतियां की गई। इस अवसर पर वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभागी एवं विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए। महाविद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा हेम शिखा को विशेष पुरस्कार प्रदान किया। छात्रा अंजलि, प्रतिमा, प्रतीक्षा, नेहा, आकांक्षा छात्र वैभव, रजत, ओमपाल, आकाश आदि को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुशील कुमार शाक्य ने कहा कि महाविद्यालय में विगत कुछ समय से बी.ए., बी.एस-सी., बी. कॉम. के साथ-साथ एम.ए. हिंदी और अब विश्वविद्यालय द्वारा पी-एच.डी. हेतु छात्र छात्राओं को नामांकित किया गया है। इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में अवस्थित महाविद्यालय शिक्षा के प्रचार प्रसार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस मौके पर पी.जी. प्रभारी डॉ. शिप्रा वर्मा, परीक्षा प्रभारी डॉ संजय कुमार सिंह, क्रीड़ा प्रभारी डॉ. सत्यवीर सिंह, डॉ. अखिलेश यादव , विजय बहादुर, राघवेंद्र सिंह भदौरिया, डारफी सक्सेना समेत छात्र-छात्राएं रहे।

# शराब ही नहीं फास्ट फूड भी लीवर को नुकसान पहुंचाता है: डा. गीतम

**कन्नौज।** यकृत (लीवर) का दुश्मन सिर्फशराब नहीं है, खराब जीवनशैली और जंक फूड भी इसका एक प्रमुख कारण है। लीवर शरीर का वर्क हाउस है। यह भोजन में मौजूद वसा और कार्बोहाइड्रेट को सुपाच्य बनाता है। यह नेचुरल फिल्टर है, जो विषैले पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। गैर संचारी रोगों के नोडल अधिकारी डा. गीतम सिंह ने कहा कि इसी सम्बंध में लोगों को जागरूक करने के लिए 19 अप्रैल को विश्व लीवर दिवस मनाया जाता है। इस दिवस पर सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर लोगों को लीवर को किस तरह से स्वस्थ रखना है इसके लिए जागरुक किया जायेगा। डा. गीतम सिंह ने बताया कि लीवर संबंधी बीमारी के लिए मरीज़ को जिला अस्पताल तथा राजकीय मेडिकल कालेज तिर्वा भेजा जाता है। यदि लीवर गंभीर रूप से खराब हो गया है तो मरीज को हायर सेन्टर कानपुर रेफर कर दिया जाता है। श्री सिंह ने बताया कि फास्ट फूड जैसे फ्रेंच फ्राइज, बर्गर, पिज्जा आदि फ्राइड होते हैं और इनमें नमक और सैचुरेटेड फैट की मात्रा भी काफी अधिक होती है। इन चीजों का अधिक सेवन करने से लीवर सिरोसिस की समस्या हो सकती है। इसके अलावा जंक फूड में इस्तेमाल होने वाला हैवी फैट और अन्य रसायन लीवर को बुरी तरह नुकसान पहुंचाते हैं। डा. गीतम ने बताया कि अत्यधिक चिकनाई युक्त भोजन करने से 20 प्रतिशत लोगों को फैटी लीवर, शराब का सेवन करने से 10 प्रतिशत लोगों में अल्कोहलिक फैटी लीवर, साथ ही 0.01 प्रतिशत लोगों में लीवर कैंसर और फ़ास्ट फूड का सेवन करने के साथ ही शराब का सेवन करने वाले 1 प्रतिशत लोगों को लीवर सिरोसिस की शिकायत हो सकती है, अगर समय रहते लीवर संबंधी बीमारी की जानकारी हो जाती है।

# भीम आर्मी शोषित व पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम कर रही है: वीरु खरे

- ग्राम मनोरथपुर में आजाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी के तत्वाधान में बैठक आयोजित हुई
- एक दर्जन से अधिक लोग पार्टी में शामिल हुए

कन्नौज। समृद्धि न्यूज


बैठक को सम्बोधित करते भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष वीरु खरे

**आजाद** समाज पार्टी एवं भीम आर्मी के तत्वाधान में सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम मनोरथपुर में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष वीरू खरे ने कहा कि भीम आर्मी शोषित व पीड़ितों की आवाज उठाकर न्याय दिलाने का काम कर रही। उन्होने कहा कि संविधान की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं करेगे। इस अवसर पर एक दर्जन से अधिक लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

बैठक को सम्बोधित करते हुए आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए भाजपा पर हमला बोला। श्री गौतम ने कहा कि भाजपा सरकार अम्बेडकर जयंती पर झूठा प्रेम दिखाती है और फिर उसके बाद संविधान विरोधी काम करती हैं। उन्होंने समाज से आव्हान किया कि एकजुट होकर इस संविधान विरोधी, जुमलेबाज सरकार को सत्ता से बेदखल करने का काम करें। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ेगी। बैठक में आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी पवन गौतम, जिला महासचिव बंटू कठेरिया, मीडिया प्रभारी अनुज रावण, मोहित आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शिक्षकों की मासिक संकुल स्तरीय बैठक संपन्न

- बैठक में की गई कार्यों की समीक्षा

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज


बैठक के दौरान मौजूद एआरपी व शिक्षक समृद्धि न्यूज

**मंगलवार** को न्याय पंचायत समधन देहात की मासिक संकुल स्तरीय बैठक उच्च प्राथमिक विद्यालय रजलामऊ में संपन्न हुई। मासिक बैठक में मुख्य अतिथि विकास खण्ड तालग्राम के एआरपी मलिखान सिंह रहे। बैठक का संचालन नोडल संकुल शिक्षक संजीव राजपूत ने किया।

एआरपी मलिखान सिंह ने बताया कि रेडीनेस कार्यक्रम के अनुसार हर प्राथमिक और कंपोजिट स्कूलों में एक शिक्षक को नोडल शिक्षक नामित करते हुए तीन आयामों पर गतिविधियां संचालित की जानी हैं। पहला, बच्चे अच्छे स्वास्थ्य और स्वच्छता बनाए रखें। दूसरा, बच्चों का संप्रेषण प्रभावी हो और तीसरा बच्चे अपने काम से जुड़े रहने वाले शिक्षार्थी बनें और अपने निकटतम परिवेश से जुड़े रहें। इन तीनों आयामों को रेखांकित करते हुए 12 सप्ताह का गतिविधि कैलेंडर बनाया गया है। इसमें 25 अप्रैल से 14 मई तक कक्षा एक में विद्यालय की तैयारी गतिविधि, 16 जून से 25 जून तक तीन सप्ताह की गतिविधि का दोहराव और 27 जून से 30 जुलाई तक चार से आठ सप्ताह की गतिविधियों का संचालन, एक अगस्त से 27 अगस्त तक नौ से 12 सप्ताह की गतिविधियों का संचालन और एक सितंबर से 15 सितंबर तक प्रगति आकलन और अभिभावकों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें अभिभावकों को बताया जाएगा कि बच्चों के लिए शिक्षित होना कितना जरूरी है। नोडल संकुल शिक्षक संजीव राजपूत ने बताया किस तरह से विद्यालय में प्रभावी समन्वय स्थापित करके शिक्षा को बेहतर बनाया जा सकता है। संकुल शिक्षक उमेश कुमार ने टीएलएम पर आधारित गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस दौरान आशीष पाण्डेय, शशांक, दिनेश चंद्र शर्मा, अभिषेक कुमार, अनीता सुधाकर, अमन यादव, शकील खान, प्रदीप कुमार, रानी देवी, आदित्य कुमार तिवारी, संदीप सिंह, शबनम सिद्दीकी, जावेद अख्तर सहित समस्त अध्यापक मौजूद रहे।

# आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए त्यौहार: सीओ सदर

- पीस कमेटी की बैठक में सदर क्षेत्राधिकारी ने की अपील

गुरसहायगंज (समृद्धि न्यूज़)


पीस कमेटी में मौजूद पुलिस के अधिकारीगण व कमेटी के सदस्य

**निकाय** चुनाव व परशुराम जयंती सहित मुस्लिम धर्म के त्यौहार ईद से पूर्व कोतवाली परिसर में सदर क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया इस दौरान उन्होंने मौजूद लोगों से त्योहारों को आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए जाने की अपील की मंगलवार की शाम स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित शांति कमेटी की बैठक में पहुंची सदर क्षेत्राधिकारी प्रियंका बाजपेई ने संबोधित करते हुए कहा कि स्थानीय मस्जिद में ईद की नमाज को दो शिफ्ट में कराया जाए और सड़क पर नमाज ना पढ़ी जाए इसके उपरांत उन्होंने मौजूद लोगों से सुझाव मांगे इस दौरान कोतवाली प्रभारी जयप्रकाश शर्मा, कोतवाल द्वितीय आरपी त्रिपाठी, कस्बा चौकी प्रभारी शशिकांत कनौजिया ,मझपुरवा चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र पाल ,उप निरीक्षक अभिनेश कुमार, राम गिरीश यादव सहित शहर काजी हाफिज जुम्मन मुश्ताक़ अहमद भुट्टो, राज सिंह उर्फ छोटे ठाकुर, आसिफजमाल खान पप्पी बृजेश गुप्ता रामू,व्यापारी नेता शिवम राज वर्मा, मोहम्मद नफीस ,परवेज अहमद उर्फ चंदन ,मुनीर कुरेशी आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने देर रात ग्रामीणों की सूचना पर खनन करते हाइड्रा पकड़ा

**सौरिख।** इलाके में अवैध खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है बीती देर रात ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने कुसका गांव में छापा मारकर हाइड्रा को खनन करते हुए पकड़ लिया जबकि ट्रैक्टर मौके से फरार हो गए। थाना क्षेत्र के कुसका गांव में बीती रात हाइड्रा से खनन चल रहा था ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर हाइड्रा को कब्जे में लेकर थाने ले आई और सीज कर दिया।

टीकाकरण में उत्कृष्ट कार्य पर

# जिला प्रतिरक्षण अधिकारी व जिला कोल्ड चेन प्रबंधक को किया गया सम्मानित

- वैक्सीन के रखरखाव और वितरण में निभाई अहम जिम्मेदारी

कन्नौज। समृद्धि न्यूज



जिला कोल्ड चेन प्रबन्धक को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करतीं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक डा. अपर्णा उपाध्याय

**कोरोना** से बचाव के लिए शुरू हुए टीकाकरण अभियान के दौरान वैक्सीन के कुशल प्रबंधन, इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क (ई-विन) एवं कोविड वैक्सीनेशन में उत्कृष्ट कार्य करने पर मंगलवार को राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक डा. अपर्णा उपाध्याय ने जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. गीतम सिंह और जिला वैक्सीन कोल्ड चेन प्रबंधक इरशाद बेग को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय इलेक्ट्रानिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क (ई-विन) की कार्यशाला में टीकाकरण रखरखाव को बेहतर तरीके से बताया गया।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. गीतम सिंह ने बताया की कोरोना संक्रमण के दौरान केंद्र सरकार ने को-विन एप लांच किया था। इस एप में कोरोना वैक्सीन लगवाने वाले लाभार्थी के विषय में समस्त जानकारी भरी जाती थी, इसी के बाद उसे स्लॉट एलॉट होता था और टीका लगता था। इस तरह कोरोना से संबंधित कोविशील्ड, कोवैक्सीन और नियमित टीकाकरण की वैक्सीन का रखरखाव और वितरण की स्थिति के बारे में सीधी मॉनीटरिंग की गई। संक्रमण काल में जिला वैक्सीन कोल्ड चैन प्रबंधक इरशाद बेग ने वैक्सीन के रखरखाव की जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाई। इसके अलावा नियमित टीकाकरण की वैक्सीन के रखरखाव में भी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद कुमार ने कहा कि वैक्सीन के बनने से लेकर लाभार्थी तक पहुंचने तक उसे एक लम्बा सफ़र तय करना पड़ता है। ऐसे में तापमान और रोशनी के प्रभाव से कई वैक्सीन अपनी क्षमता खो देती हैं। इसीलिए कोल्ड चेन प्रबंधन के तहत हर जिले में कोल्ड चेन स्टोर बनाए गए हैं। वहीं सप्लाई चेन के तहत यह सुनिश्चित करना ज़रूरी है कि वैक्सीन की पर्याप्त मात्रा, सही समय, सही स्थान, सही तापमान पर ही सही लाभार्थी तक पहुंचे।

# बाइक सवार बदमाशों ने छीना शिक्षक का मोबाइल, हुए फरार



**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोचिंग पढ़ाकर साइकिल से घर जा रहे शिक्षक का अज्ञात बाइक सवार बदमाश मोबाइल छीनकर फरार हो गये। घटना के संबंध में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम लहरा रजा कुलीपुर निवासी संजय कुमार पुत्र चंद्रप्रकाश कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरझाला से कोचिंग पढ़ाकर रात्रि 8 बजे वापस लौट रहे थे। धमगमा के निकट पीछे से आये बाइक सवार बदमाश शिक्षक का मोबाइल छीनकर फरार हो गये। फैजबाग चौकी में पीड़ित ने तहरीर दी है। ग्राम प्रधान अतुल कुमार ने बताया कि उनके भाई बरझाला में कोचिंग पढ़ाते हैं। सोमवार की रात्रि 8 बजे अंधेरा होने के कारण वह मोबाइल की रोशनी जलाकर साइकिल से अपने घर वापस जा रहे थे, तभी बदमाशों ने उनका मोबाइल लूट लिया।

## तत्कालीन चौकी इंचार्ज व सिपाही के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** न्यायालय के आदेश पर हाजिर न होने के बाद गैर जमानती वारंट जारी होने और दफा 82 की कार्यवाही होने के बाद भी न्यायालय में हाजिर न होने के मामले में तत्कालीन चौकी इंचार्ज कर्नलगंज अनिल भदौरिया व सिपाही सुरेन्द्र के विरुद्ध एसआई राजेन्द्र सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया है। विशेष सत्र न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र में शैलेन्द्र कुमार शर्मा बनाम अनिल कुमार भदौरिया एवं सुरेन्द्र कुमार के मामले में 6 फरवरी को गैर जमानती वारंट जारी किये गये। उसके बाद धारा 82 की कार्यवाही भी की गई। इस कार्यवाही के 30 दिन बीत चुके है। इसके बावजूद भी आरोपी अनिल भदौरिया व सुरेन्द्र सिंह अदालत में हाजिर नहीं हुए। जिस पर धारा 174क में एसआई राजेन्द्र सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया है।

# नामांकन के दूसरे दिन भी अध्यक्ष पद के लिए नहीं हुआ कोई नामांकन




- अध्यक्ष पद के 53 व सभासद के 299 नामांकन पत्र बिके, 13 सभासद हैं मैदान में

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिले की दो नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों से किसी ने भी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन नहीं कराया। बल्कि गत दिवस की तरह आज भी अध्यक्ष पद के 53 पर्चे बिके। वहीं सभासद पद के लिए कुल 284 पर्चे खरीदे व सभासद पद के लिए 13 लोगों ने नामांकन किये। नगर पालिका सदर से तीन पर्चों की बिक्री हुई। जिसमें दो पर्चे राधा श्रीवास्तव ने खरीदे व एक पर्चा मुमताज बेगम ने खरीदा। इसी तरीके से कायमगंज नगर पालिका अध्यक्ष प द के लिए 7, नगर पंचायत कमालगंज के लिए 1, शमशाबाद के लिए 5, कम्पिल के लिए 1, मोहम्मदाबाद के लिए 5 व सर्वाधिक 13 पर्चे नगर पंचायत नवाबगंज अध्यक्ष पद के लिए खरीदे गये। संकिसा बसंतपुर के लिए 10 पर्चे खरीदे गये। सभासद पद के लिए नगर पालिका सदर से 115, कायमगंज के लिए 39, कमालगंज 10, शमशाबाद 25, कम्पिल 19, मोहम्मदाबाद 16, नवाबगंज 41, संकिसा बसंतपुर 15 व खिमसेपुर के लिए 19 लोगों ने सभासद पद के लिए पर्चे खरीदे।

# अवैध खनन की सूचना पर पुलिस ने एक जेसीबी एवं टैक्टर ट्राली पकड़ी

- पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में दर्ज किया मुकदमा



अवैध खनन में पकड़ी गयी जेसीबी व ट्रैक्टर ट्राली

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर में अवैध खनन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से एक जेसीबी व ट्रैक्टर ट्राली को मौके से पकड़ लिया और उन्हें लाकर थाना परिसर में खड़ा करा दिया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि अवैध खनन हो रहा है। लेखपाल को सूचना दी गयी। जिस पर लेखपाल उज्जवल गुप्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि ग्राम बहादुरपुर, परगना भोजपुर, तहसील सदर के गाटा संख्या 128/0.239 हे0, 223हे0 गजराज सिहं आदि, गाटा संख्या 0.008 रजनेश कुमार आदि व 008 वृन्दावन के नाम अभिलेखों में दर्ज है। जिस पर 14 घनमीटर मिट्टी खनन पाया गया। जिस पर उपरोक्त प्रकरण उत्तर प्रदेश उप खनिज (परिहार) नियमावली-2021 की धारा 03/58 72 का उल्लंघन एवं खान खनिज अधिनियम की धारा 4/21 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# परमात्मा की भक्ति पर सभी का समान अधिकार: राधाकृष्ण



कथा की अमृत वर्षा करते आचार्य राधाकृष्ण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान की भक्ति पर छोटे-बड़े, अमीर-गरीब सभी का समान अधिकार है। सभी अपने प्रभु को अपनी भावनायें समर्पित कर सकते है। प्रभु समदर्शी है। उनकी निगाह में भक्त सिर्फ भक्त है। बड़ा-छोटा, ऊंच-नीच कुछ भी नहीं। यह बात आगरा से आये कथाव्यास राधाकृष्ण शुक्ला ने श्रीमद् भगवत गीता के पाठ के दौरान केंद्रीय कारागार के निकट स्थित सूर्य मंदिर के प्रांगण में कहीं। उन्होंने कहा कि गीता में सभी समस्याओं का समाधान छिपा है। गीता के अध्ययन से मनुष्य सभी समस्याओं का हल पा लेता है। इस अवसर पर कपिध्वज मिश्रा, अनुभव, अमित पांडेय, सर्वेश शुक्ला, अमित दुबे, हरिकुमार तिवारी, व्यवस्थापक मनोज कुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# एकजुट रहें हिन्दू, तभी बन सकेगा हिन्दू राष्ट: कौशिक



महाभारती में भाग लेते भक्तगण

- विशाल हनुमान मूर्ति की महाआरती में भक्तों का लगा जमावड़ा

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे में स्थित विशाल बाबा बजरंगबली की मूर्ति पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सप्ताहिक मिलन के दौरान हनुमान चालीसा का पाठ कर बजरंगबली की महाआरती की।

मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे प्रांत सह संयोजक शुभम कौशिक ने कार्यकर्ताओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए एकता बनाये रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम याद रखे कि हम हिन्दू है, तभी हिन्दू राष्ट्र की परिकल्पना साकार होगी। हम सभी को एक जुट होना होगा। इस मौके पर सोनपाल, सचिन अवस्थी, रोहित अवस्थी, मुकुल बाजपेई, सुमित अवस्थी, विजय अवस्थी, करण सिंह, अनमोल, आनंद बाबा, नीरज अवस्थी, सुमित अवस्थी, सौरभ मिश्रा, प्रिंस चौहान, दिव्यांशु अवस्थी, कपिल अवस्थी, वीरेंद्र सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## परिषदीय विद्यालयों के समय में परिवर्तन की उठायी मांग

**फर्रुखाबाद (सं.)।** उत्तर प्रादेशिक प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक व मंत्री प्रवेश सिंह राठौर ने जिलाधिकारी व बेसिक शिक्षाधिकारी को पत्र भेजकर अत्यधिक गर्मी होने के कारण विद्यालय का समय परिवर्तन करने की मांग की है।

जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक ने मांग की है कि परिषदीय विद्यालय का समय 8 बजे से 2 बजे का संचालित है। छोटे बच्चों को वापस घर जाते समय लू व धूप लगने के कारण स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ रहा है। ज्यादा गर्मी में बच्चों को डायरिया, लू लगना आदि रोग हो जाते हैं। ऐसे में ऐतियात जरुरी है। इसलिए विद्यालय के समय में परिवर्तन होना जरुरी है। अन्य जनपदों की तर्ज पर समय का परिवर्तन किया जाये। जिससे बच्चों का स्वास्थ्य सही रहे। विद्यालय के समय परिवर्तन सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12 बजे का किया जाये। जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर कोई प्रभाव न पड़े।

# वैक्सीन के बेहतर रखरखाव के लिए जिला प्रतिरक्षण अधिकारी व कोल्ड चेन मैनेजर सम्मानित

- लखनऊ में इलेक्ट्रानिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क की कार्यशाला सम्पन्न



सम्मानित होते जिला प्रतिरक्षण अधिकारी व कोल्ड चेन मैनेजर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोरोना वैक्सीन के कुशल प्रबंधन, इलेक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क एवं कोविड वैक्सीनेशन में उत्कृष्ट कार्य करने पर मंगलवार को राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक डॉ0 अपर्णा उपाध्याय ने जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ0 प्रभात वर्मा और ड्रिस्ट्रिक्ट वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर मानव शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय इलेक्ट्रानिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क की कार्यशाला में टीकाकरण रखरखाव को बेहतर तरीके से बताया गया। यह जानकारी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ0 प्रभात वर्मा ने दी।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया की कोरोना संक्रमण के दौरान केंद्र सरकार ने को-विन एप लांच किया था। इस एप में कोरोना वैक्सीन लगवाने वाले लाभार्थी के विषय में समस्त जानकारी भरी जाती थी। इसी के बाद उसे स्लॉट एलॉट होता था और टीका लगता था। इस तरह कोरोना से संबंधित कोविशील्ड, कोवैक्सीन और नियमित टीकाकरण की वैक्सीन का रखरखाव और वितरण की स्थिति के बारे में सीधी मॉनीटरिंग की गई।

संक्रमण काल में यूएनडीपी के वीसीसीएम ने वैक्सीन के रखरखाव की जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाई। इसके अलावा नियमित टीकाकरण की वैक्सीन के रखरखाव में भी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। सीएमओ ने डॉ0 अवनींद्र कुमार का कहना है कि वैक्सीन के बनने से लेकर लाभार्थी तक पहुंचने तक उसे एक लम्बा सफर तय करना पड़ता है। ऐसे में तापमान और रोशनी के प्रभाव से कई वैक्सीन अपनी क्षमता खो देती हैं। इसीलिए कोल्ड चेन प्रबंधन के तहत हर जिले में कोल्ड चेन स्टोर बनाए गए। वैक्सीन की पर्याप्त मात्रा, सही समय, सही स्थान, सही तापमान जरुरी है।

# अनियमित जीवन शैली लीवर के लिए खतरनाक: डा0 नवनीत

- फास्ट फूड, कोल्डड्रिंक आदि से करें परहेज



जानकारी देते डॉ0 नवनीत गुप्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विश्व लीवर-डे यानि (विश्व यकृत दिवस) के मौके पर लिंजीगंज सरकारी अस्पताल के चिकित्सक फिजिशियन डा0 नवनीत गुप्ता ने कहा कि मानव के शरीर में लीवर दूसरा सबसे बड़ा महत्वपूर्ण अंग है। इसके प्रभावित होने से पाचन व पोषक तत्व के भण्डारण प्रभावित होते हैं। लीवर को सुरक्षित रखने के लिए पौष्टिक एवं रेसेदार पौष्टिक आहार नियमित रुप से लें और धूम्रपान, मदिरापान, अनियमित जीवन शैली लीवर के लिए खतरनाक साबित हो सकती है। दवाईयों का अनुचित रुप से अधिक प्रयोग से लीवर खराब हो जाता है। स्वस्थ्य लीवर शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर निकालता है। यह रक्त के थक्के नियंत्रित करता है एवं रक्त के सर्करा स्तर को संतुलित रखता है। उन्होंने लीवर को सुरक्षित रखने के लिए आज से ही लग जाने का संकल्प दिलाया।

उन्होंने कहा कि फास्ट फूड आदि का सेवन न करें। इससे फैटी लीवर की समस्या उत्पन्न हो जाती है। सलाद आदि का ज्यादा से ज्यादा सेवन करें। साथ ही शराब आदि से दूर रहें।

## पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपराधों की रोकथाम तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग का अभियान चलाया गया। इस दौरान कई लोगों को रोककर उनके कागज चेक किये गये। चेकिंग के दौरान कई लोगों के कागज अपूर्ण मिले, तो कई लोगों के पास कागज उपलब्ध ही नहीं थे। जिस पर उनके चालान किये गये। साथ ही लोगों को हिदायत दी गयी कि वह बगैर हेलमेट के गाड़ी न चलायें। साथ ही गाड़ी के पूरे कागजात लेकर अवश्य चलें। पुलिस के इस चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति देखी गयी। कई वाहन चालक सिफारिश करते नजर आये।

# पीस कमेटी की बैठक में शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील

- प्रधान अपने-अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने में करें सहयोग
- अराजकता फैलाने वालों पर होगी कार्यवाही



पीस कमेटी की बैठक में भाग लेते क्षेत्रीय लोग

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** थाने में आगामी त्योहार भगवान परशुराम जन्मोत्सव व ईद के मद्देनजर रखते हुए सभी धर्म गुरु एवं संभ्रांत नागरिकों तथा क्षेत्रीय प्रधानों के साथ थाना प्रभारी निरीक्षक संत प्रकाश पटेल पीस कमेटी की बैठक ली।

उन्होंने बताया कि आगामी भगवान परशुराम जन्मोत्सव व ईद का त्यौहार है। जिसको लेकर किसी भी प्रकार की अराजकता ना हो पाए आपस में एक दूसरे से सौहार्द बनाकर रखें। जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने सभी प्रधानों से अपने-अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि त्यौहार प्रेम और भाईचारा का प्रतीक हैं। यह हमको मिल जुलकर रहना सिखाते हैं। इसलिए हमको चाहिए कि इन त्यौहारों को हंसी खुशी के वातावरण में मनायें। जिससे इनकी सार्थकता सिद्ध हो सके। इस मौके पर दरोगा उदयवीर सिंह, दरोगा कमलेश कुमार राजपूत, दरोगा नरसिंह यादव, प्रधान फखरपुर शिव दत्त तिवारी, पूर्व प्रधान गुड्डन तिवारी, शिवदेश यादव प्रधान पुत्र अमैयापुर राजकुमार प्रधान, अनिल कुमार प्रधान वीर सिंह, लल्ला बाबू मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## शान्तिभंग में चार का चालान

**मेरापुर (सं.)।** अशांति फैलाने के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर उनका शांतिभंग में चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना पुलिस ने जयराम, रामनरेश, टिंकूलाल निवासी ग्राम गिलौंदा तथा ग्राम दहिलिया निवासी अरविंद को शांतिभंग में गिरफ्तार कर चालान किया।

## डा0 दास को क्लीन चिट देने वाली जांच कमेटी पर मोटी रकम लेने का आरोप

*अधिवक्ता ने फिर उच्च स्तरीय जांच कराने की लगायी गुहार*

**फर्रुखाबाद (सं.)।** चिकित्सक पर अभी तक कार्यवाही न होने के मामले में अधिवक्ता ने फिर एक बार जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह से शिकायत कर निष्पक्ष जांच कराकर कार्यवाही की मांग करते हुए पूर्व जांच अधिकारियों पर मोटी रकम लेने का आरोप लगाया। दिये गये शिकायती पत्र में अधिवक्ता बृजेश पाण्डेय निवासी मोहल्ला ग्रानगंज फतेहगढ़ ने कहा कि उनकी पत्नी अनुराधा पाण्डेय के इलाज के दौरान चिकित्सक की लापरवाही से मौत हो गई थी। इस मामले में क्लीनिक संचालक डा0 विजय मोहन दास व डा0 अंकित दास को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने लम्बी धनराशि लेकर निर्दोष साबित कर दिया। लेकिन साक्ष्यो के आधार पर पिता-पुत्र दोषी है। अधिवक्ता ने साक्ष्यों की लम्बी सूची शिकायती पत्र में संलग्न करते हुए प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। शिकायतकर्ता ने बताया कि डिप्टी सीएम से लेकर जिले के प्रभारी मंत्री से भी शिकायत की। शिकायतकर्ता ने बताया कि प्रभारी मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने मेरी पीढ़ा सुनकर जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता को फटकार लगायी कि पीड़ित की शिकायत पर अभी तक क्या कार्यवाही हुई तो वे बोले अधिकारी का रवैया ठीक नहीं है।

# सी.पी.विद्यालय के संस्थापक को दी गयी श्रद्धांजलि



स्व0 चंद्रप्रकाश अग्रवाल उर्फ पिक्कू बाबू को श्रद्धांजलि देते बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सीपी इंटरनेशनल स्कूल एवं सहयोगी विद्यालयों व प्रतिष्ठानों के संस्थापक व उद्योगपति स्व0 चंद्रप्रकाश अग्रवाल उर्फ पिक्कू बाबू को उनके श्रद्धांजलि दिवस पर प्रधानाचार्य डॉ0 विनोद चंद्र शर्मा, हेडमिस्ट्रेस संदीपा कुमार एवं समस्त शिक्षकों व छात्रों ने स्वर्गीय बाबूजी को माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। उपनिदेशिका अंजू राजे ने अपने संदेश में श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ0 विनोद चंद्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में बताया कि बाबूजी ने कायमगंज क्षेत्र एवं जनपद को अज्ञानता के अंधकार से मुक्त कर समाज को शिक्षित बनाने में और स्वरोजगार उपलब्ध कराने में अभूतपूर्व योगदान दिया है। जिसके लिए वे सदा सदा स्मरण किए जाएंगे। पिक्कू बाबू ने जनपद में शिक्षा की जो लौ जगाई वो आज सी0पी0 ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के रूप में अपनी जड़ें जमा चुकी हैं। पिक्कू बाबू ने जो लोगों के लिए सपना देखा था आज वो हमारे समक्ष हकीकत है। उन्हीं के परिश्रम और प्रयास से आज स्कूल के रूप में हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। आज उनके दूसरी पुण्यतिथि पर संपूर्ण विद्यालय परिवार उनको अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करता है। विद्यालय के अकाउंटेंट शरद गोयल ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला।

## रोजगार मेला आज

**फर्रुखाबाद (सं.)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर रोजगार मेले का आयोजन 19 अप्रैल को आयोजित होगा। रोजगार मेले में छह कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। रिक्त 175 पदों पर बेरोजगारों का सृजन किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र, डिग्री व सभी प्रपत्र के साथ 19 अप्रैल को आईटीआई स्कूल में प्रातः 10 बजे पहुंचें। यह जानकारी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

## विधायक की अमर्यादित टिप्पणी को लेकर क्षत्रिय सेवा समाज में रोष

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्रीय विधायक के अमर्यादित टिप्पणी को लेकर क्षत्रिय सेवा समाज के अध्यक्ष ने आक्रोश जताया है। उन्होंने कहा कि एक जनप्रतिनिधि के लिए यह शोभा नहीं देता है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी क्षत्रिय सेवा समाज के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह गौर ने बताया क्षेत्रीय विधायक सुशील शाक्य के अमर्यादित बयान पर हमारे ही समाज के कार्यकर्ता जो राजेपुर क्षेत्र में अनशन पर बैठे हुए हैं और विधायक अपने बयान को वापस नहीं ले रहे हैं, जबकि उनको खुले मंच पर अमर्यादित बयान देना क्षत्रिय समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बात है। ऐसे में उनको मंच पर आकर अपनी गलती की माफी मांगना चाहिए और यदि ऐसा नहीं हुआ तो राजेपुर में अनशन कर रहे कार्यकर्ता क्षत्रिय सेवा समाज पूरा समर्थन देकर नाराजगी जतायेगा तथा बात ना बनने पर उन्होंने भी अनशन पर बैठने की चेतावनी दी।

# अभियान चलाकर तम्बाकू प्रेमियों से वसूला जुर्माना

- सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू बेचना और सेवन गैरकानूनी



जुर्माना वसूलते मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत कोटपा अधिनियम 2003 के तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट फतेहगढ़ चौराहा निकट केंद्रीय विद्यालय, डॉ0 राममनोहर लोहिया चिकित्सालय और रोडवेज बस स्टेशन पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष रॉय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी विपिन कुमार की अगुवाई में अभियान चलाकर तम्बाकू प्रेमियों से जुर्माना वसूला गया।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि तंबाकू नियंत्रण कानून (कोटपा 2003) के तहत सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने, खुलेआम तंबाकू से संबंधित सामग्री बेचने पर कार्रवाई की जाती है। इसके तहत 200 रुपए से 10,000 रुपए तक जुर्माना और 5 साल की कैद तक का प्रावधान है। आज चले अभियान के तहत कुल 10 लोग धूम्रपान करते हुए पकड़े गए। जिनसे 1250 रूपये जुर्माना वसूला गया। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट अधिनियम 2019 के तहत किसी के पास इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट नहीं मिली।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ0 दलवीर सिंह ने बताया कि हर वर्ष लगभग नौ लाख भारतीय तम्बाकू सेवन के कारण जान गंवाते हैं। जो क्षय रोग, एचआईवी, एड्स एवं मलेरिया से होने वाली मौतों से अधिक है। इसलिए इसको रोकने के लिए हम सभी को मिलकर तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम को सफल बनाने में अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों का पालन करना होगा। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जनपद सलाहकार सूरज दुबे ने बताया कि धूम्रपान हमारे शरीर के लिए घातक है। उन्होंने बताया कि इसका उल्लंघन करने पर एक साल की जेल और एक लाख जुर्माने का प्रावधान है। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी बिजेंद्र कुमार, आशीष वर्मा, डॉ शैलेन्द्र रावत मौजूद रहे।

## मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण 23 अप्रैल से

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि नगर निकाय चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए कर्मियों का प्रशिक्षण 23 अप्रैल से लेकर 9 मई तक सेंट एंथोनी स्कूल नेकपुर में होगा। अलग-अलग चरणों में होने वाला यह प्रशिक्षण प्रथम चरण में 23 से लेकर 25 अप्रैल तक, द्वितीय चरण में 6 से लेकर 9 मई तक होगा।

## सुरक्षा के मद्देनजर एसपी ने किया पैदल गस्त

**फर्रुखाबाद (सं.)।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा मय फोर्स के साथ नगर क्षेत्र में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत पैदल गस्त किया गया। एसपी इस दौरान संदिग्ध वाहनों की रोक-रोकर तलाशी ली। बगैर कागजात लेकर चलने वालों की क्लास लगायी तथा उनका चालान करवाया। इसके अलावा बगैर हेलमेट वाहन चलाने वालों को हिदायत दी कि बगैर हेलमेट गाड़ी चलाना नियम के विरुद्ध है।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल-फतेहगढ़





# पिटाई से क्षुब्ध मां बेटे ने पिया तेजाब, दोनों की मौत

- अपर पुलिस अधीक्षक व सीओ ने पहुंचकर की जांच पड़ताल



मृतक मां बेटा का फाइल फोटो

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** माता-पिता के विवाद में बेटा गुस्से का शिकार हो गया। मां ने बेटे की पिटाई कर दी। जिससे क्षुब्ध बेटे ने तेजाब पी लिया। घबराई मां ने खुद भी तेजाब पी लिया। जिससे दोनों की मौत हो गई। भाई और मां को फर्स पर पड़ा देख बेटी ने पिता को सूचना दी। सूचना मिलने पर परिजन एकत्र हो गये और मां-बेटे को अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक व सीओ पुलिस बल के साथ पहुंच गये और जांच पड़ताल की। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम दरौरा निवासी अवनीश कुमार का बीती शाम पत्नी मालती देवी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी बात को लेकर मालती का बेटे प्रेम से भी विवाद हो गया। इस दौरान मालती ने पुत्र को पीट दिया। जिससे गुस्सायें प्रेम ने घर में रखा तेजाब पी लिया। पुत्र की हालत बिगड़ती देख मां मालती देवी ने भी तेजाब पी लिया। मां व भाई को फर्स पर पड़ा देख पुत्री पलक ने इसकी सूचना पिता अवनीश कुमार को दी।

परिजन आनन-फानन अपने निजी वाहन से दोनों को फतेहगढ़ स्थित एक निजी हॉस्पिटल में ले गए। जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की घटना के संदर्भ में उच्चाधिकारियों को सूचना दी।

पुलिस ने पति अवनीश कुमार से पूछताछ की। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय कुमार सिंह, सीओ अमृतपुर रविन्द्र राय, प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने पड़ोसियों से पूछताछ की। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सबसे पहले 112 नम्बर पुलिस को जानकारी मिली। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की तब जाकर पता चला कि पति की पिटाई से क्षुब्ध पत्नी व बेटे ने तेजाब पी लिया। जिस कारण से उनकी मौत हो गई। जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

## अश्लील टिप्पणियां करते दो गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना मऊदरवाजा के अन्तर्गत हैवतपुर गढ़िया कालोनी में महिलाओं को देखकर अश्लील हरकतें व अश्लील टिप्पण्यिां करने के मामले में मुखबिर की सूचना पर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उपनिरीक्षक इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि वे अपने हमराहों के साथ गश्त कर रहे थे, तभी मुखबिर ने सूचना दी कि हैवतपुर गढ़िया मोड़ पर पुलिया के पास कुछ संदिग्ध लोग गलत टिप्पणियां कर रहे थे। मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया और आवश्यक बल का प्रयोग करते हुए सरफराज पुत्र सत्तार हुसैन निवासी ग्राट व राजेश कुमार पुत्र जमुना प्रसाद निवासी हैवतपुर गढ़िया को अश्लील हरकतें करते गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

## जिले में मंगलवार को मिले कोरोना के 17 मरीज, संख्या हुई 42

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोरोना जनपद में लगातार पैर पसारता चला जा रहा है। विभिन्न अस्पतालों में हुए टेस्टों में मंगलवार को 17 नये मरीज कोरोना पॉजिटिव पाये गये। जिनमें से एक को सैनिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बांकी होम आइसोलेशन में है व 17 मरीज अंडर ट्रेसिंग चल रहे है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार अब तक जिले में 804 सैम्पल लिये गये। जिनमें 512 एंटीजन व 292 आरटीपीसीआर मरीज रहे। इनमें से कुल 42 मरीज पॉजिटिव निकले। बढ़ती हुई कोरोना मरीजों की संख्या को देखते हुए नागरिकों में उस तरफ कोई जागरुकता नहीं दिखायी दे रही है। लोगों ने मास्क पहनना अथवा अन्य आवश्यक सावधानियां बरतना अभी तक शुरु नहीं किया है और न ही प्रशासन की तरफ से किसी प्रकार की गाइड लाइन जारी की गई है।

## थ्रेसर की चपेट में आने से किशोरी गंभीर रुप से घायल



**फर्रुखाबाद (सं.)।** गेहूं की मड़ाई करते समय किशोरी थ्रेसर की चपेट में आने से गंभीर रुप से घायल हो गयी। परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया रेफर कर दिया। थाना राजेपुर के ग्राम बरुआ निवासी 18 वर्षीय साधना पुत्री श्याम सुंदर जो कि अपने खेत में गेहूं की मड़ाई कर रही थी, तभी अचानक से दुपट्टा थ्रेसर में फंस गया। जिससे उसकी चपेट में आ गयी और गंभीर रुप से घायल हो गयी। परिजनों ने आनन-फानन में उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया रेफर कर दिया। जहां से परिजन उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां ले गये।

# परशुराम जन्मोत्सव व ईद को लेकर शांति कमेटी की बैठक में सौहार्द की अपील

- व्यापारियों व संभ्रांत लोगों ने कोतवाल के समक्ष रखे अपने-अपने विचार



शांति कमेटी की बैठक में मौजूद सर्व समाज के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ईद और भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर शहर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें हिन्दू व मुस्लिम धर्म के प्रतिनिधियों ने भागीदारी करके त्योहारों को सौहार्द पूर्वक मनाये जाने की अपील की। शहर कोतवाल विनोद कुमार शुक्ला ने कहा कि वैसे तो फर्रुखाबाद गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल है, लेकिन फिर भी एतियात के तौर पर जागरुकता रखी ही जानी चाहिए। ताकि कहीं पर किसी प्रकार की अशांति न पैदा हो।

बताते 22 व 23 अप्रैल के बीच ईद व परशुराम जन्मोत्सव होने की संभावना है। इस दौरान एक साथ त्योहार पड़ने की स्थिति में किसी प्रकार की कोई समस्या न पैदा हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड़ पर है। शांति कमेटी की बैठक में मौलाना सदाकत हुसैन सैथली, मौलाना फरहत अली जैदी, अरुण प्रकाश तिवारी ददुआ, मुकेश गुप्ता आदि ने विचार व्यक्त किये। कोतवाल विनोद कुमार शुक्ल ने कहा कि ईद और परशुराम जयंती पर शानदार तरीके से दोनों ही त्योहारों को मनाये। प्रयागराज वाली घटना का जिक्र न करें न ही कोई विवादित पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर करें। सौहार्द पूर्वक सभी त्योहार मनाये जाने चाहिए। अरुण प्रकाश तिवारी ददुआ ने अपील की कि किसी प्रकार की कोई अशांति न पैदा करके इतिहास को कायम रखे। कार्यक्रम का संचालन व्यापारी नेता संजय गर्ग ने किया।

# बूथ स्तर तक महिलाओं की भागीदारी से होगी सपा की जीतः रीबू श्रीवास्तव

- सपा महिला प्रदेश अध्यक्ष का नगर में जोरदारी से हुआ स्वागत
- बैठक में संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा




प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करतीं जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव का नगर में जोरदारी से स्वागत किया गया। इस दौरान डा0 अरविन्द गुप्ता के निवास पर हुई बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने पदाधिकारियों की बैठक लेकर संगठन को मजबूत करने और महिलाओं को सक्रिय होकर पार्टी की मजबूती के लिए लगने का आवाह्न किया।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नगर निकाय और नगर पंचायत के चुनाव में समाजवादी महिला सभा की बूथ स्तर तक संगठन की भागीदारी हो और महिलाएं बढ़-चढ़कर के चुनाव में हिस्सा लें तथा समाजवादी पार्टी को जीत दिलायें।

उन्होंने कहा कि जब आधी आबादी की भागीदारी समाजवादी पार्टी में होगी, तभी हम नगर निकाय चुनाव में मजबूती से शरीक हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में पार्टी पूरी दमदारी से लड़ेगी और जीत हासिल करेग। इस मौके पर महिला सभा जिलाध्यक्ष सुलक्षणा सिंह, बबली राजपूत, पूजा, रामा, रिंकी, वसुधा देवी, लक्ष्मी, गीता, संगीता, मिथिलेश, नीलम, श्रद्धा, सरस्वती आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें चलते-चलते

### सात ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद (सं.)।** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता का उत्पीड़न करने व जबरन मायके छोड़ जाने के मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने सात ससुरालियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। दी गई तहरीर में पीड़िता की मां अफरोज खान ने कहा कि उसने अपनी बेटी सबा की शादी इमरान पुत्र अख्सर खां निवासी जटवारा कायमगंज के साथ की थी। अपनी क्षमता अनुसार दान भी दिया था। कुछ दिनों बाद पुत्री के ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न करने लगे। इस दौरान सबा के एक पुत्री ने जन्म लिया। कुछ समय बाद ससुरालियों ने सबा को घर से निकाल दिया और अतिरिक्त दहेज लेकर आने को कहा। अब सबा की बेटी 1 वर्ष 3 माह की हो चुकी है, लेकिन ससुरालियों ने सबा को घर नहीं बुलाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति इमरान, ससुर अख्सर खां, सास, देवर सलमान, सहजू, ननद शैदी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

### मारपीट में मां-बेटा पर मुकदमा दर्ज

**मेरापुर (सं.)।** थाना क्षेत्र के गांव देवरा महसोना निवासी रामप्रसाद ने गांव के ही सुनील कुमार पुत्र इंद्रेश कुमार व सुनील की मां मिथला उर्फ मिथलेश कुमारी के विरूद्ध गाली-गलौज कर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि बेबजह गाली-गलौज कर मां-बेटे ने पीड़ित की पुत्री व पत्नी के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच दारोगा वालेश्वर दयाल के सुपुर्द कर दी।

### छेड़छाड़ व मारपीट में युवक पर मुकदमा दर्ज



**मेरापुर (सं.)।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव छछोनापुर निवासी दीपक पुत्र बृजपाल सिंह के विरुद्ध छेड़छाड़ व मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि मंगलवार को पीड़िता अपने चबूतरे पर बर्तन धो रही थी, तभी दीपक आया और बुरी नियत से दबोच लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर मारपीट की। चीखपुकार की आवाज सुनकर पति व देवर आ गया। जिन्हे देखकर आरोपी जानमाल की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### पांच की खुली हिस्ट्रीशीट

**फर्रुखाबाद (सं.)।** पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में चलाये जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के चलते पुलिस ने पांच की हिस्ट्री शीट खोली है। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ऋषभ पुत्र उमाकान्त, सागर पुत्र विनय, गगन दुबे पुत्र अनिल दुबे, शिवम पुत्र भइया लाल सभी निवासी काशीराम कालोनी हैवतुपर गढ़िया, राजीव कुमार पुत्र वीर सिंह यादव निवासी नगला कलार की हिस्ट्री शीट खोली गई है। यह जानकारी थानाध्यक्ष मऊदरवाजा आमोद कुमार ने दी।

### तमंचा सहित एक गिरफ्तार

**मेरापुर (सं.)।** पुलिस ने गश्त के दौरान एक तमंचाधारी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसका चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव नगला नानकार (परिउली खरदाई) निवासी सुरजीत पुत्र राधेश्याम को संकिसा चौकी प्रभारी अच्छेलाल पाल ने एक तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर चालान कर दिया। बताते चलें कि पुलिस अपराधियों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान चला रही है।

# झंसी के अग्निपीड़ित परिवारों के लिए मसीहा बने डा0 नवल किशोर

- ढाई-ढाई हजार रुपये की 47 परिवारों को दी आर्थिक सहायता



अग्निपीड़ित परिवारों को आर्थिक देते डॉ0 नवल किशोर शाक्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारी गर्मी के चलते बिजली के तारों का टूटना शुरु हो गया है। इसी दौरान विधानसभा भोजपुर के ग्राम झसी में खेत के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन टूटकर खलिहान पर गिर पड़ी। जिससे गेहूं की सैकड़ों बीघा फसल जलकर राख हो गई। सूचना मिलने पर मदद के लिए पहुंचे समाजवादी पार्टी लोकसभा प्रभारी डा0 नवल किशोर शाक्य ने पीड़ित 47 परिवारों को आर्थिक सहायता देकर मसीहा की भूमिका अदा की।

जानकारी के अनुसार भोजपुर के झसी गांव में हाईटेंशन तार टूटने से 300 से लेकर 400 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जिससे किसानों की गरीबी में आटा गीला हो गया। पीड़ित किसानों के दुख में मसीहा के रुप में झसी पहुंचे सपा नेता लोकसभा प्रभारी डा0 नवल किशोर शाक्य ने सभी किसानों को ढांढस बंधाया और धैर्य न खोने की अपील की। इसके साथ-साथ उन्होंने 47 परिवारों को 2500 रुपये की चेक देकर आर्थिक मदद की और आगे भी आवश्यकता पड़ने पर सहायता करने की बात कही। सपा नेता की पीड़ित किसानों के प्रति सद्भावना की हर तरफ चर्चायें हो रही हैं। वहीं पीड़ित परिवारों ने दुआओं से नवाजा। उनके साथ में वरिष्ठ सपा नेता मंदीप यादव, डा0 हरिनन्दन यादव व अन्य भी रहे।

## साधन उपलब्ध न होने की बात कहकर प्रसूता को नर्सों ने किया चलता

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी कमरुद्दीन अपनी पत्नी शबाना को लेकर सीएचसी पहुंचा। वहां पर तैनात नर्सों ने जांच के बाद डिलीवरी करवाने के लिए साधन उपलब्ध न होने का बहाना बनाकर प्राइवेट नर्सिंग होम याकूतगंज ले जाने की सलाह दी। जिस पर कमरुद्दीन ने गरीबी का हवाला देकर वहां ले जाने में असमर्थता जताई, लेकिन नर्सों का दिल नहीं पिघला और उन्होंने जच्चा को अस्पताल से बाहर का रास्ता दिखा दिया। कमरुद्दीन आनन-फानन में ई-रिक्शा से अपनी पत्नी को लेकर घर गया। जहां पर 30 मिनट के बाद नार्मल डिलीवरी हो गई और शबाना ने पुत्र को जन्म दिया। वहीं कमरुद्दीन ने स्वास्थ्य विभाग पर सवाल उठाते हुए सीएम हेल्पलाइन पर इस मामले की शिकायत दर्ज करवाई है। बताते चलें कि नर्स पैसे की मांग करती हैं और न देने पर चलता कर देती हैं।

# जिला जेल में 279 बंदियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



जिला जेल में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला कारागार फतेहगढ़ में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद की देखरेख में हुआ। मेमोरिलय मिशन अस्पताल के चिकित्सकों ने बंदियों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य टीम ने डॉ0 आशुतोष मिश्रा, डॉ0 निधि मिश्रा, डॉ0 निखिल प्रसाद, डॉ0 राहुल आनन्द, डॉ0 आशीष सरकार, डॉ0 गौतम, संदीप लाल, मोहित, क्रांति पाल, जीएनएम शिल्पी, शोभा आदि लोगों ने 251 पुरुष बंदी व 28 महिला बंदियों का परीक्षण किया। 55 बंदियों की आंख व 22 बंदियों के दांत व 174 बंदियों की अन्य जांचें हुईं। इस मौके पर अखिलेश कुमार, एस.के. सोनकर मौजूद रहे।

# देखि महीप सकल सकुचाने। बाज झपट जनु लवा लुकाने



**परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में विशेष रिपोर्ट**

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान विष्णु ने परशुराम अंश के छठवें रूप में उस भृगु कुल में अवतार लिया। जिस भृगु के पाद-प्रहार को अपने वक्षःस्थल पर सहा। भगवान परशुराम को न्याय का देवता माना जाता है। भगवान शिव ने उन्हें मृत्यु लोक के कल्याणार्थ परशु शस्त्र प्रदान किया। जिसके कारण वे परशुराम कहलाये। सनातन जगत के आराध्यों तथा समस्त शास्त्रों/शस्त्र के ज्ञाता है।



**भूपेश प्रकाश पाठक**

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश पाठक ने बताया कि भगवान परशुराम देवी रेणुका और सप्त ऋषि जमदग्नि के पुत्र भगवान विष्णु के छठे अवशेषावतार हैं। परशुराम के जन्म समय को सतयुग और त्रेतायुग का संधिकाल माना जाता है। वह भगवान शिव के परम भक्त थे और उन्होंने न्याय की स्थापना की। 22 अप्रैल को हम सब मिलकर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनायेंगे।



**संतोष दुबे**

क्रिश्चियन इंटर कालेज के सहायक अध्यापक संतोष दुबे ने बताया कि भगवान परशुराम और शस्त्र और शास्त्र के समन्वयक का नाम है। उन्हें शस्त्र और शास्त्र में महारथ हासिल थी। उन्होंने हमेशा अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध शस्त्र उठाकर पृथ्वी से आतताइयों का संहार किया था। उनके जन्मोत्सव पर हम अपने घरों में पूजा अर्चना के साथ दीपक जलाकर उत्सव मनायेंगे।



**राजकुमारी**

मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कालेज की शिक्षिका राजकुमारी ने बताया कि भगवान परशुराम का समानता और न्याय की स्थापना में अतुलनीय योगदान है। भगवान परशुराम ने धर्म और न्याय की रक्षा के लिए प्रत्येक युग के किसी न किसी काल खण्ड में अवतरित होकर समाज और धर्म का उत्थान किया है।

**प्रस्तुति, संवाददाता**
**लक्ष्मीकांत भारद्वाज-9839390810**

## अवैध होर्डिंग हटवाने के ईओ ने दिये निर्देश



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अधिशासी अधिकारी नगर पालिका रविन्द्र कुमार ने होर्डिंग आदि हटवाने के लिए जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह द्वारा अधिकृत की गई संस्था को अनाधिकृत और अवैध रुप से लगी होर्डिंगें व बैनर हटवाने का निर्देश दिया है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका ने बताया कि गंगा नगर स्थित एक फर्म को अवैध रुप से लगी बैनर, होर्डिंग आदि हटवाने के लिए अधिकृत किया गया है।

# सपा प्रत्याशियों की सूची पूर्ण, घोषणा बाकी

- दावेदारों के नामों पर अंतिम मोहर नेतृत्व की लगना बाकी, दावेदारो ने चुनाव प्रचार किया शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर निकाय चुनाव के प्रत्याशी के नामों के फैसले की कार्यवाही सपा, भाजपा, बसपा व कांग्रेस में चल रही है। समाजवादी पार्टी में नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष पदों के नामों पर मंथन पूरा हो चुका है।

लखनऊ सूत्रों के अनुसार नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद अध्यक्ष पद के लिए एकता चौधरी पत्नी अनिवाश सिंह बिक्की का नाम लगभग तय माना जा रहा है। वहीं चिकित्सक डॉ0 अरविन्द गुप्ता भी अपनी पत्नी डॉ0 कविता शर्मा के लिए लगे हैं। सपा में सदर से चार आवेदन हुए थे। इसी तरह सपा में नगर पालिका कायमगंज से सुमन गुप्ता पत्नी उमेश गुप्ता के नाम की मोहर लगना तय माना जा रहा है। नगर पंचायत शमशाबाद से पार्टी ने पुनः नदीम अहमद फारुकी पर दांव लगाने का मन बना लिया है। उनकी पत्नी जोया शाह को प्रत्याशी बनाया जा सकता है।

नगर पंचायत संकिसा बसंतपुर से प्रो0 साधना यादव पत्नी आदित्य कुमार का नाम चर्चा में है। वहीं सरिता यादव पत्नी अशोक कुमार का भी नाम भी वरीयता क्रम में है। कम्पिल से पूर्व चेयरमैन उदयपाल यादव व उनकी मां का आवेदन हुआ है। पार्टी में उन्हें पुनः प्रत्याशी बनान

मोहम्मदाबाद से पूर्व चेयरमैन हरीश यादव का नाम फाइनल माना जा रहा है। कमालगंज से लक्ष्मी पत्नी राकेश कुमार दिवाकर को प्रत्याशी बनाया जा सकता है। खिमसेपुर नगर पंचायत से जिला पंचायत सदस्य आलोक यादव की पत्नी ममता देवी को प्रत्याशिता की सूची में वरीयता मिली है, जबकि हरिगोविन्द अपनी पत्नी संगीता यादव के लिए प्रमुखता से दावेदारी कर रहे हैं। नवाबगंज नगर पंचायत से समाजवादी पार्टी बन्ने खां पर दांव लगा सकती है। समाजवादी पार्टी में 13 अप्रैल तक आवेदन मांगे थे। आवेदन के बाद कोर कमेटी की बैठक हुई। जिसमें सूची प्रदेश नेतृत्व को भेजे जाने की बात तय हुई थी। सूत्रों की मानें, तो लगभग सभी प्रत्याशी का चयन हो चुका है। बस हाईकमान की हरी झंडी मिलते ही घोषणा होना बाकी है। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह ने बताया कि जिन लोगों ने आवेदन किये थे उन सभी के नाम हाईकमान को भेज दिये गये। अब किसको पार्टी प्रत्याशी बनाती है, यह नेतृत्व तय करेगा। फिलहाल हर कोई अपने-अपने नाम की चर्चा कर रहा है, लेकिन जब तक हाईकमान घोषणा नहीं करता, तब तक किसी को प्रत्याशी नहीं कहा जा सकता है। समाजवादी पार्टी के कई नेताओं की जुबान पर यह सभी नाम सुनने को मिल रहे हैं। फिलहाल एक दो दिन में तस्वीर पूरी तरह से क्लीयर हो जायेगी।